# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 27 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 71 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1789 :** पहली फ़ेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना।

**1862 :** अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत।

**1888 :** फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।

**1897 :** बाल गंगाधर तिलक पहली बार गिरफ्तार किए गए।

**1935 :** चीन की यांग जी और होआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत।

## झारखंड के गुमला में पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# जेजेएमपी सब जोनल कमांडर समेत तीन नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने एक बार फिर से नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड के गुमला जिला में उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद के तीन नक्सलियों को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। ये मुठभेड़ गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र के लावा दाग जंगल में हुई है। झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। अब तक तीन उग्रवादियों का शव बरामद कर लिया गया है। इस एनकाउंटर को लेकर गुमला एसपी हारिस बिन जमा ने बताया कि इलाके में एनकाउंटर हुआ है। इसके साथ ही क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस के द्वारा एक शव की पहचान की जा चुकी है।



एनकाउंटर में मारे गये एक नक्सली की पहचान जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर दिलीप के रूप में हुई है। इस अभियान में गुमला जिला की घाघरा, बिशनपुर और गुमला तीनों थानों की पुलिस के साथ-साथ झारखंड जगुआर ने संयुक्त ऑपरेशन किया। इस संयुक्त टीम द्वारा प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के तीन नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। सुरक्षा बलों ने मौके से तीन हथियार भी बरामद किया है। गुमला एसपी हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के कमांडर दिलीप लोहरा दस्ते के साथ इस क्षेत्र में मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस ने टीम का गठन कर इलाके की घेराबंदी शुरू की। उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी जंगल में ही मारे गए। उनके पास से एसएलआर के अलावा भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गुमला के एसपी भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। इस एनकाउंटर की पुष्टि करते हुए गुमला एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि इलाके में सर्च अभियान अभी जारी है।

## क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को रांची में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के अधिकारियों के साथ-साथ रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ग्रामीण भारत और झारखंड के विकास में ग्रामीण बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण भारत और झारखंड की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा नेता सीपी सिंह ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले ग्रामीणों के लिए बैंक से कर्ज लेना बेहद मुश्किल था। उन्होंने बैंकरों से अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और ग्राहकों का सम्मान करने की अपील की। सीपी सिंह ने कहा कि बैंकरों को राष्ट्रहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ग्रामीण बैंकों ने लोगों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त किया और कर्ज के माध्यम से किसानों व व्यवसायियों को सशक्त बनाया। आज गांवों के लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के झारखंड महासचिव नितेश मिश्रा ने बताया कि कारोबार के मामले में झारखंड में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तीसरा सबसे बड़ा बैंक है और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंकों ने न केवल बैंकिंग सेवाएं प्रदान कीं, बल्कि गांवों को जोड़ा और लोगों को जागरूक किया। हालांकि, उन्होंने बैंक के निजीकरण के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। श्री मिश्रा ने कहा कि यह स्वर्ण जयंती वर्ष उस संघर्ष की याद दिलाता है, जिसने देश के कोने-कोने में ग्रामीण बैंकिंग की अलख जगाई। नितेश मिश्रा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश किया। इसी उपलक्ष्य में देशभर में स्वर्ण जयंती समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। रांची में आयोजित यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा है, जिसमें ग्रामीण बैंकों के योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने झारखंड जैसे राज्यों में विकास की गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आठवीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की आठवीं कक्षा की छात्रा ने शुक्रवार की रात आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा के परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक शिक्षक द्वारा छात्रा को कई तरह से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी कारण वह आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हुई। इस घटना के बाद गांव में तनाव है और ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच कर हंगामा करने लगे। वहीं इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### रांची में युवती पर फेंका पेट्रोल

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** कांके और रातू थाना बॉर्डर स्थित एक चौक के पास कुछ लोगों ने एक युवती पर पेट्रोल फेंक दिया। पेट्रोल फेंकने वाले मौके से तुरंत फरार हो गए, स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह भागने में कामयाब हो गए। हादसे के बाद युवती को इलाज के लिए स्किन केयर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रांची के रूरल एसपी, हेडक्वॉर्टर वन डीएसपी और कांके थानेदार मामले की तफ्तीश में जुटे हुए हैं।

### सिर पर चोट लगने से युवक की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के गझण्डी रोड पर स्थित धन-लक्ष्मी फैक्ट्री में एक दर्दनाक हादसा हुआ। शनिवार सुबह काम के दौरान 19 वर्षीय मजदूर रोहित कुमार की मौत हो गई। रोहित कुमार भभुआ (बिहार) का रहने वाला था। उसके चचेरे भाई रमाकांत बिंद ने बताया कि वे दोनों इस फैक्ट्री में काम करते थे। घटना की सूचना मिलने के बाद चंदवारा पुलिस सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल वैन से टक्कर में युवक की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के चेचन्हा गांव के पास शनिवार को बाइक और स्कूल वैन की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान रजहारा कोठी निवासी 30 वर्षीय दीपक महतो के रूप में हुई है। घायलों में दीपक की मां पारो कुंवर, बहनोई रासबिहारी मौर्य और भांजी रागिनी कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### बारिश से गिरी दीवार, मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। टेंगरिया पंचायत के भुजी टोली गांव निवासी 58 वर्षीय रोपना खड़िया शनिवार सुबह लगभग चार बजे अपने घर में सो रहे थे तभी तेज बारिश के कारण मकान ध्वस्त हो गया और वे दब गए। सुबह होने पर ग्रामीणों ने मिलकर रोपना को मलबे से निकाला। टेंगरिया पंचायत की मुखिया कमला देवी ने पालकोट पुलिस को सूचना दी।

## लगातार हो रही बारिश के कारण सौ घरों में घुसा पानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बागबेड़ा क्षेत्र के नया बस्ती में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। अब तक 100 से अधिक घरों में पानी घुस चुका है। इनमें से करीब 50 से 60 घर पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित कैंप स्थान चिन्हित किए गए हैं। राहत केंद्र के रूप में प्राथमिक विद्यालय रोड नंबर 3, सिद्धो-कान्हू मैदान, लोहिया भवन, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और बागबेड़ा थाना चौक को तैयार किया गया है।




प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट हो जाएं। साथ ही नदियों या जलजमाव वाले क्षेत्रों की ओर न जाएं। मांगो के कई इलाकों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। मांगो से आजाद नगर जाने वाली सड़क पूरी तरह से बंद हो चुकी है। अचानक पानी आने से कई लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। जिला आपदा प्रबंधन की टीम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल जिला प्रशासन के द्वारा सभी को सुरक्षित स्थान पर भेजने का प्रयास जारी है।

## डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** जिले के खरसावां थाना अंतर्गत दलाईकेला गांव में चेक डैम में नहाने के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ है। इसमें चार युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई है। इस घटना को लेकर पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतकों में 18 वर्षीय सुनील साहू, 20 वर्षीय गौरव मंडल, 20 वर्षीय मनोज साहू एवं 22 वर्षीय हरिबासो दास शामिल है। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 9 बजे के आसपास कुल छह युवक नहाने के लिए गांव के चेक डैम पर गए हुए थे। सभी युवकों ने चेक डैम में कंक्रीट से बने स्लैब पर खड़े होकर एक साथ पानी में छलांग लगाई। थोड़ी देरी के बाद दो युवक खुद से तैरकर पानी से बाहर आ गए लेकिन अन्य चार युवक पानी के अंदर रहे। इसके बाद बाकी युवकों ने



स्थानीय लोगों की मदद से उन चारों लड़कों को पानी से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा यह बताया जा रहा है कि पानी में छलांग लगाने वाले सभी चारों युवकों के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि पानी में कहीं पत्थर या कंक्रीट का स्लैब अवश्य होगा जिससे टकराने के बाद सभी युवक बेहोश हो गए और बाद में उन सभी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव के लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी खरसावां पुलिस को दी। इसके बाद सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया। इस घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है।

## शरारती तत्वों ने दो दुकानों में लगाई आग

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के धनसार थाना क्षेत्र के पुराना स्टेशन यार्ड के पास देर रात शरारती तत्वों ने दो दुकानों में आग लगा दी। एक जनरल स्टोर और एक होटल में लगी इस आग से दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक ने बताया कि आग से लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना धनसार थाने में दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की बात कह रही है। दुकान संचालक रेखा देवी ने मीडिया को बताया कि इससे पहले भी इन दुकानों में दो-तीन बार चोरी हो चुकी है। उन्होंने इस बारे में धनसार थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से यहां नशेड़ियों का अड्डा बन गया था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब किसी ने देर रात उनकी दुकानों में आग लगा दी।

## कारगिल विजय दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्टील गेट से शुरू होकर सरायढेला, पुलिस लाइन, हीरापुर और रणधीर वर्मा चौक होते हुए रणधीर वर्मा स्टेडियम तक पहुंची। इस यात्रा में सेना के जवान, नेवी के रिटायर्ड अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह-जगह फूल बरसाकर प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। पूरा शहर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के महासचिव दिंपज कुमार, जो स्वयं कारगिल युद्ध के योद्धा रहे हैं, ने कहा



कि कारगिल विजय दिवस केवल जश्न नहीं है। यह याद दिलाने वाला दिन है कि हमारी आजादी और सुरक्षा के पीछे कितनों का बलिदान है। उन्होंने बताया कि वे खुद कारगिल में मोर्चा संभाल चुके हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस बलिदान से प्रेरणा लें और देशसेवा की भावना मजबूत करें। श्री कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल यात्रा निकालना नहीं बल्कि देश के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना था। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। साल 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध हुआ था। यह युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला। अंततः 26 जुलाई को भारत ने जीत हासिल की। तब से यह दिन हर साल शौर्य और सम्मान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

## हथियार तस्करी मामले में एक और अपराधी गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस ने हथियार तस्करी के मामले में एक और अपराधी को गिरफ्तार किया है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने शंकर बिरूवा नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। शंकर बिरूवा मंझारी थाना क्षेत्र के बड़ालागड़ा का रहने वाला है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तांबो बोदरा चौक के पास किराए के मकान में रह रहा था। इससे पहले पुलिस ने शारदा गांव के पास नेशनल हाईवे 75 ई से दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। चाईबासा के एसडीपीओ बहामन टुटी ने बताया कि पहले गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद शंकर बिरूवा का नाम सामने आया था। दोनों आरोपियों ने शंकर बिरूवा से ही हथियार खरीदा था।

## भाजपा ने नवीन जायसवाल को नियुक्त किया मुख्य सचेतक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने शनिवार को हटिया के विधायक नवीन जायसवाल को झारखंड विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। इसके अलावा, धनबाद के विधायक राज सिन्हा और बगोदर के विधायक नागेन्द्र महतो को सचेतक बनाया गया है। विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने इनके नामों की घोषणा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवीन जायसवाल ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा में पार्टी और जनता की आवाज को मजबूती से उठाऊंगा। आगामी मानसून सत्र के दौरान मैं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों से



जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाऊंगा। बता दें कि विधानसभा का मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक चलेगा, जिसमें कुल पांच कार्यदिवस होंगे। पूर्व विपक्ष के नेता अमर कुमार बावरी ने भी जायसवाल को बधाई दी और कहा कि वे आगामी विधानसभा सत्र में जनता की आवाज के रूप में शानदार ढंग से काम करेंगे।

# अरूण रंजन की लेखनी पत्रकारों के लिए मार्गदर्शक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** देश के मशहूर पत्रकार और नवभारत टाइम्स एवं जी न्यूज के पूर्व संपादक अरुण रंजन की याद में उनकी पत्रकारिता पर विमर्श और श्रद्धांजलि के लिये एक सभा 26 जुलाई को रांची क्लब में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत अरुण रंजन की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प समर्पित करने के साथ हुई। पुष्पांजलि करने वालो में कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिंहा, फैसल अनुराग, अरुण रंजन की पत्नी शोभा सिन्हा और पुत्री सज्जा सिंह भी शामिल थी। इस अवसर पर बोलते हुए झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अरुण रंजन जैसा पत्रकार बनना इतना आसान नही है, जो

**रांची प्रेस क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अरूण रंजन की पत्रकारिता पर विमर्श**



व्यवस्था से लड़े भी और उसको साथ भी ले कर चले। झारखंड कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अरुण रंजन की लेखनी भविष्य के पत्रकारों के लिए मार्गदर्शक का काम करेगी। वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिंहा ने अरुण रंजन की पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक साहसी पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि बेलछी नरसंहार की रिपोर्टिंग के लिए भी उन्हें याद किया जाता रहेगा। बेलछी नरसंहार के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हाथी पर चढ़कर बेलछी गई थी और उसके बाद फिर से उनकी सत्ता में वापसी हुई थी। रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि अरुण जी से मेरी कभी मुलाकात नही हुई लेकिन उनकी पत्रकारिता से मैं प्रभावित हूं। प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने कहा कि अरुण जी की स्मृति को कायम रखने के लिए उनके नाम से एक अवार्ड शुरू होना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार फैसल अनुराग ने अरुण जी के साथ अपने संस्मरण साझा करते हुए उनकी प्रकाशित महत्वपूर्ण रिपोर्ट्स की चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार ने अरुण जी के साथ अपने अंतरंग लम्हो से चुराए कुछ पलों के बारे में बताया। रांची प्रेस क्लब के पूर्व सचिव अखिलेश सिंह ने अरुण रंजन के पत्रकारिता जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि ललित नारायण मिश्रा हत्याकांड की उनकी रिपोर्टिंग पढ़ने का उन्हें अवसर मिला। इस अवसर पर झारखंड और बिहार से आये कई पत्रकारों ने अरुण जी की पत्रकारिता पर हुए विमर्श में हिस्सा लिया, जिनमे रविन्द्र सिंह, अशोक कुमार, विनय वर्मा, नागेंद्र सिंह, डॉ प्रणव कुमार, शैलेश कुमार सिंह, विनोद नारायण सिंह, शशि सिंह, विजय कुमार गोप, प्रवीण सिंह, आकाश कुमार, सरिता कपूर, आनंद मोहन, परवेज कुरैशी, सुशील सिंह मंटू, नित्यानंद, अखिलेश कुमार सिंह, के कौशलेंद्र के नाम शमिल है।


**FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT**

**DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY**

**GLOBAL VISION**

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# इमरजेंसी से आईसीयू तक परेशानी 417 की जगह 160 डॉक्टर

## बिहार के बड़े अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे का दावा फेल



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के बड़े सरकारी अस्पताल श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की भारी कमी हो गई है। अस्पताल में कई जूनियर डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। नये सीनियर रेजिडेंट आ नहीं रहे। इससे मरीजों के इलाज में परेशानी हो रही है। मेडिसिन विभाग में डॉक्टरों की किल्लत को लेकर विभाग की तरफ से स्वास्थ्य विभाग के सचिव को त्राहिमाम पत्र लिखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे का सुविधापूर्ण मुफ्त इलाज का दावा यहां फेल है। एसकेएमसीएच में जूनियर रेजिडेंट के 214 पद हैं, इनमें 60 ही काम कर रहे हैं। सीनियर रेजिडेंट के 203 पद में से 100 पर ही तैनाती है। मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ रमाकांत प्रसाद का कहना है कि मेडिसिन विभाग में अभी चार ही सीनियर डॉक्टर हैं। इसके अलावा चार जूनियर रेजिडेंट और तीन सीनियर रेजिडेंट काम कर रहे हैं।

### इमरजेंसी से लेकर आईसीयू चलाने में परेशानी

मेडिसिन विभाग में डॉक्टरों की कमी से इमरजेंसी से लेकर आईसीयू चलाने में परेशानी हो रही है। सीनियर डॉक्टरों का कहना है कि इमरजेंसी और आईसीयू में 24 घंटे डॉक्टरों की जरूरत पड़ती है। ऐसे में डॉक्टरों के नहीं रहने से मरीज के इलाज में दिक्कत आ रही है। सूत्रों ने बताया कि इमरजेंसी में डॉक्टरों की कमी से मरीज के परिजन आक्रोशित होकर हंगामा कर रहे हैं, क्योंकि मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### पीजी छात्रों के भरोसे चल रही ओपीडी

डॉक्टरों की कमी से एसकेएमसीएच की ओपीडी पीजी करने वाले छात्रों के भरोसे चल रही है। इमरजेंसी और आईसीयू में भी इन छात्रों की ड्यूटी लग रही है। इसके अलावा आईसीयू में एनेस्थेसिया विभाग में भी डॉक्टरों कमी होने से एनेस्थेसिया के डॉक्टर भी आईसीयू में 24×7 ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। एसकेएमसीएच की आईसीयू में वेंटिलेटर चलाने के लिए 24 घंटे प्रशिक्षित डॉक्टर और कर्मी की जरूरत पड़ती है।

### समस्या गंभीर

कई जूनियर रेजिडेंट के इस्तीफा और नये नहीं आने से समस्या गंभीर

मेडिसिन विभाग में जूनियर के साथ-साथ सीनियर डॉक्टरों का भी अभाव

अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर आईसीयू चलाने में हो रही परेशानी

### क्या कहते हैं अधिकारी

प्राचार्य सह अधीक्षक प्रो आभा रानी सिन्हा ने कहा कि डॉक्टरों की कमी से इलाज में परेशानी होती है। विभाग को डॉक्टरों के पदस्थापन के लिए पत्र लिखा गया है। जल्द ही सहायक प्राध्यापकों की नियुक्त होने की उम्मीद है। डॉक्टरों की किल्लत को लेकर स्वास्थ्य विभाग के सचिव को पत्र भेजा गया है।



# भोजपुर में लूटकांड में शामिल 5 अपराधी गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने मुर्गी दाना कारोबारी से लूट मामले में 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान आकाश कुमार, कमलेश कुमार, धनजीत कुमार, राजू कुमार और विश्वंभर सिंह के तौर पर हुई है। लूट में इस्तेमाल और फोन बरामद हुआ है। सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव के पास की है। मथवलिया गांव निवासी कारोबारी गौरव कुमार सिंह छह जुलाई को अपनी बुआ के घर पैगा स्कूटी से जा रहे थे। भकुरा-पिपरहिया गांव के पास तीन बदमाशों ने जबरन रोक लिया। गाड़ी से खींचकर नीचे गिरा दिया। हथियार के बल पर 20 हजार कैश, सोने की चेन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ स्न्द्धक्रदर्ज कराई थी।

### क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए भोजपुर एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर मोबाइल और बाइक बरामद हुआ। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। सभी को क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बक्सर में पार्टी कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या, 3 दोस्त हिरासत में

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर में पार्टी कर रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शहर के नया बाजार मठिया मोड़ निवासी बीरबल सिंह 23 वर्षीय बेटे राजू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजू अपने दोस्तों के साथ गुरुवार देर रात पार्टी कर रहा था। इसी दौरान वारदात हुई। पुलिस ने उसके तीन दोस्तों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि, मर्डर का आरोप दोस्तों पर ही लगा है। आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को कोचस रोड को करीब पांच घंटे तक जाम रखा। पुलिस ने जिन दोस्तों को हिरासत में लिया है उनमें राहुल खरवार, गुड्डू और एक अन्य युवक शामिल है। बताया जा रहा है कि वारदात वाली रात को राजू इन्हीं सभी लोगों के साथ बैठक कर पार्टी कर रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय और इंस्पेक्टर शंभू भगत मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे बाद जाम हटाया गया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की काफी लंबी कतार लग गई। रिपोर्ट्स के अनुसार परिजन ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उन्हें इस मामले की सूचना बहुत देर के बाद दी गई। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आशंका है कि पार्टी के दौरान दोस्तों से विवाद होने पर राजू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। नगर थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पासवान-दलित समाज की रोजगार छीनने की साजिश: पारस

**पटना, एजेंसी।** रालोजपा एवं दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि राज्य सरकार दफादार, चौकीदार एवं पासवान समाज के अधिकारों को छीनना चाह रही है। वह पूर्व के निर्धारित नियमों एवं आरक्षण खत्म कर सामान्य जाति को इस पद पर बहाल करने की साजिश रच रही है। वह पासवान एवं दलित समाज के रोजी और रोजगार को छीनने की साजिश कर रही है। वे शुक्रवार को बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के धरना में शामिल लोगों को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह ने कहा कि इन्हें चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का दर्जा था। सेवानिवृत्त और सेवाकाल के दौरान असमायिक मृत्यु होने पर इनके ही परिवार एवं आश्रितों को उनके पद पर बहाल किया जाता था। हम उस नियम को फिर से लागू करने की मांग राज्य सरकार से करते हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि जब तक इनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक इनके हितों की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करते रहेंगे। महाधरना को छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल यादव, पंचायत के उपाध्यक्ष रामविलास पासवान, डॉ. संत सिंह, राजेन्द्र विश्वकर्मा महेश राय, दीनानाथ मांझी, धर्मेन्द्र सिंह, मो. इंसान, मिथिलेश कुमार सिंह, बजरंगी यादव, नवीन पासवान, लालबाबू पासवान ने भी संबोधित किया।

### हेलमेट पहन विधानसभा पहुंचे सत्ताधारी दल के कई विधायक

**पटना, एजेंसी।** मानसून सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सत्ताधारी दल के कई सदस्य हेलमेट पहनकर विधानसभा पहुंचे। लखीन्द्र पासवान, सुधांशु शेखर, अजय चौधरी समेत अन्य विधायक हेलमेट पहनकर विधानसभा पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत में इन विधायकों ने कहा कि विपक्षी सदस्य गुरुवार को मारपीट पर आमादा हो गए थे। मारपीट तक की नौबत आ गई थी। विधायकों ने कहा कि मार्शल ने अगर बीचबचाव नहीं किया होता तो सत्तापक्ष के कई सदस्य घायल हो जाते। इसलिए महागठबंधन के विधायकों के डर से ही हम जदयू और भाजपा के विधायक हेलमेट पहनकर विधानसभा पहुंचे हैं।

# बिहार के 13 लाख कर्मचारियों को सुविधा, छुट्टी से ट्रांसफर तक के काम मोबाइल पर होंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 13 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। उनकी सेवा पुस्तिका ऑनलाइन कर दी गई है। इसके लिए शुक्रवार को सरकार की ओर से एंड्रॉयड ऐप जारी किया गया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के तत्वावधान में कई महत्वपूर्ण योजनाओं, पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। अब कर्मचारियों की छुट्टी से लेकर पेंशन और ट्रांसफर तक के सभी काम मोबाइल फोन से सीधे हो सकेंगे। पटना स्थित सचिवालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने कहा कि सेवा पुस्तिका ऑनलाइन होने के बाद राज्यकर्मियों को तत्काल अपना अकाउंट खोलना चाहिए। इस ऐप से सभी नियमित कर्मचारी अपने लॉगिन से छुट्टी के लिए आवेदन, सेवा से संबंधित दावे, सर्विस बुक की जानकारी एवं उसमें सुधार जैसे कार्य आसानी से कर सकेंगे। यह सुविधा कार्यालय के बाहर से भी ली जा सकेगी। आईओएस वर्जन का विकास प्रगति पर है और शीघ्र ही वह भी उपलब्ध कराया जाएगा।



**अपील से लेकर ट्रांसफर तक की डिजिटल सुविधा :** इस दौरान बिहार लोक सेवाओं का अधिकार के अंतर्गत ऑनलाइन अपील एवं रिव्यू पोर्टल का शुभारंभ किया गया। अब नागरिक सामान्य प्रशासन विभाग की सेवाओं में देरी या अस्वीकृति की स्थिति में पोर्टल से अपील और रिव्यू ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के दूसरे चरण के मॉड्यूल को भी जारी किया गया। इसमें कर्मचारी स्वयं सेवा, अनुशासनात्मक कार्रवाई, वेतन प्रबंधन, पेंशन और बीमा, प्रशिक्षण, स्थानांतरण, पदोन्नति, प्रदर्शन मूल्यांकन और सेवा समाप्ति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को डिजिटाइज किया गया है। इनका व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पंजीकरण, ई-सेवा पुस्तिका और स्वयं सेवा से संबंधित तीन मॉड्यूल की विस्तृत मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया गया। मौके पर विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेन्दर, विज्ञान व प्रवैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. मौजूद रहीं।

**संविदाकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा शुरू :** बिहार के चुनिंदा संविदा कर्मियों को समूह स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच त्रैवार्षिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत कुल 3560 संविदा कर्मियों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। इसका वार्षिक प्रीमियम मिशन कार्यालय वहन करेगा। इसमें पहले दिन से बीमा कवरेज की सुविधा, किसी भी पूर्ववर्ती बीमारी के लिए प्रतीक्षा अवधि का न होना और देशभर में 17500 से अधिक नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस उपचार की उपलब्धता शामिल है। बिहार में 375 और पटना में 185 अस्पताल शामिल हैं।

# 6 अगस्त को हेरिटेज वॉक का आयोजन

## पटना म्यूजियम से शुरू होकर बिहार म्यूजियम में होगा खत्म, 300 लोग होंगे शामिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार म्यूजियम में 6 अगस्त को हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। यह हेरिटेज वॉक पटना म्यूजियम से शुरू होगा जो कि बिहार म्यूजियम में आकर खत्म होगा। इस बीच में आने वाली जो भी पुरातात्विक भवन है, उनको दिखाया जाएगा और उसके बारे में जानकारी दी जाएगी। इसमें पटना म्यूजियम, पटना हाई कोर्ट, बिहार म्यूजियम की दुर्लभ भवन, उसकी आकृति, उनकी स्थापना, उसकी खासियत के हर एक डिटेल के बारे में बताया जाएगा।



### 1 घंटे तक चलेगा हेरिटेज वॉक, 300 लोग होंगे शामिल

इस बात की जानकारी देते हुए बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि 6 अगस्त को सुबह 6:30 हेरिटेज वॉक की शुरुआत होगी, जो कि करीब 1 घंटे तक चलेगी। इस हेरिटेज वॉक के लिए हमने स्कूल से लोगों को आमंत्रित किया है। वहीं, गूगल फॉर्म भी जारी किया है जिस पर रजिस्ट्रेशन कर लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। इस हेरिटेज वॉक में करीब 300 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### बिहार म्यूजियम बिनाले का एक हिस्सा है यह हेरिटेज वॉक

यह हेरिटेज वॉक एक पर्यटन गतिविधि है जिसमें पैदल चलकर किसी शहर या क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का पता लगाया जाता है। यह हेरिटेज वॉक बिहार म्यूजियम बिनाले का एक हिस्सा है, जिसका उद्घाटन 7 अगस्त को होगा। इस आयोजन के दौरान ग्लोबल साउथ के कई देश शामिल होंगे। इनमें दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, श्रीलंका समेत अन्य देशों के म्यूजियम के प्रतिनिधि होंगे। इस दौरान यहां की दुर्लभ कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# शौचालय टंकी में दम घुटने से 2 भाइयों की मौत:दो हुए बेहोश



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में शुक्रवार शाम 6 बजे नवनिर्मित शौचालय के टैंक दम घुटने से 2 भाइयों की मौत हो गई, जबकि 2 युवक बेहोश हो गए। बेहोश होने वाले में एक मृतकों का सगा भाई है, दूसरा चचेरा भाई है। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक रामबदन महतो के बेटे देवेंद्र महतो (26) और इंदल महतो उर्फ राजा कुमार (30) है। बताया जा रहा है कि रामबदन महतो ने अपने घर में शौचालय टंकी की ढलाई की थी। 15 दिन के बाद आज टंकी की सेट्रिंग खोलनी थी। रामबदन महतो के बेटे देवेंद्र, इंदल, पवन कुमार (21) और रामबदल के भाई महेंद्र महतो के बेटे अमित कुमार (25) सैंटरिंग खोलने गए थे। इंदल और देवेंद्र दोनों सगे भाई टंकी में गए। काफी देर तक आवाज नहीं आई तो पवन और अमित भी नीचे गए। वे दोनों भी बाहर नहीं आए। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर भीड़ जुटी। चारों को टंकी से निकाला गया तब तक इंदल और देवेंद्र की मौत हो चुकी थी। जबकि बेहोश पवन और अमित को अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा कि ऑक्सीजन की कमी से मौतें हुई हैं। घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा पूर्वी पंचायत स्थित पीरनगर वार्ड नंबर-8 की है।

**दोनों भाई मजदूरी करते थे :** मृतक दोनों भाई गांव में ही रहकर मजदूरी करते थे। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही नावकोठी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। मामले की जांच-पड़ताल की।

# बिहार में 45 प्रतिशत धान की रोपनी हुई, अब तक 248.6 मिमी वर्षा दर्ज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 45 प्रतिशत धान की रोपनी हुई है। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खरीफ फसलों की खेती की समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में 1 जून से 25 जुलाई तक औसतन 248.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य के 13 जिलों में अल्प वर्षा, 16 जिलों में कम वर्षा, 8 जिलों में सामान्य और एक जिले में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है।

कहा कि राज्य में धान और मक्का की रोपनी कार्य बेहतर तरीके से हो रहा है। इस वर्ष धान की रोपनी में पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि मक्का की रोपनी में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 17 लाख हेक्टेयर में धान की रोपनी का कार्य तथा 2 लाख हेक्टेयर में मक्का की रोपनी का कार्य हो चुका है। प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि सभी जिलों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित की जाए। उर्वरकों की कालाबाजारी की निगरानी की जाए।



# दरभंगा में युवती से रेप और विवाहिता से

## पीड़िता के परिजन पर धारदार हथियार से हमला, महिला को 200 मीटर दूर उठा ले गए थे



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के बिरौल थाना क्षेत्र में गैंगरेप और रेप हुआ। दोनों मामले थाना क्षेत्र के 2 जगहों के हैं। पहली घटना में 18 वर्षीय युवती के साथ हुई। गांव में 23 जुलाई की रात रेप हुआ। घटना का विरोध करने पर पीड़िता के दादा-दादी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। दूसरी घटना में एक विवाहित महिला के साथ हुई है। दो युवकों ने आंगन से उठा ले गए थे और गैंगरेप किया। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 23 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे मैं घर में अकेली सोई हुई थी। तभी गांव का ही युवक मुन्ना राय (20) घर में घुस गया और मुंह गमछा से दबाकर गलत किया। विरोध किया और शोर मचाया, तो पास में ही रहने वाली 2 चाची दौड़कर आईं। तभी मुन्ना राय भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पीड़िता ने उसके गले में बंधे गमछे को पकड़ लिया। शोरगुल के बीच वह दोनों महिलाओं को धक्का देकर भाग निकला।

**पीड़िता की दादी पर तलवार से हमला :** घटना की जानकारी अगले दिन 24 जुलाई की सुबह 10 बजे जब पीड़िता की दादी ने आरोपी के घर शिकायत की, तो वहां मौजूद श्याम राय, अरुण राय और बुच्चीलाल राय गाली-गलौज करने लगे। अरुण राय ने लोहे के धारदार हथियार (तलवार) से दादी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गईं। इसके बाद राजकुमार राय, गोविंद राय और प्रवीण राय हथियार और देसी कट्टा लेकर पीड़िता के घर पर चढ़ आए। गोविंद राय ने फरसा से हमला कर पीड़िता के दादा को घायल कर दिया, जिससे उनका बायां पैर कट गया और खून बहने लगा। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल दादी और दादा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरौल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया।

### 200 मीटर दूर ले गए थे

दूसरी तरफ बिरौल थाना क्षेत्र के ही एक अन्य गांव की एक महिला ने आवेदन देकर बताया कि 23 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे भीषण गर्मी के कारण वह आंगन में सो रही थी। तभी राजकुमार पासवान (35) और उमेश ठाकुर (37) ने मुंह गमछा से दबाया और करीब 200 मीटर दूर ले जाकर गैंगरेप किया। महिला ने बताया कि घटना की जानकारी किसी को देने पर आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

### दो अलग-अलग केस दर्ज

दोनों पीड़िताओं ने बिरौल थाना में आवेदन देकर आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना पर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साइंटिफिक तरीके से साक्ष्य जुटाए है। थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पीड़िताओं के आवेदन पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िताओं को मेडिकल जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामला अत्यंत संवेदनशील है, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

# चौपारण में बदलाव की बयार: डीसी शशि प्रकाश सिंह के दौरे से जगी नई उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** विकास की राह में उपेक्षित महसूस कर रहे चौपारण प्रखंड में शुक्रवार को एक नई उम्मीद जगी, जब उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अचानक क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने दनुवा घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की तह तक जाने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया और प्रशासनिक व तकनीकी खामियों को समझने का प्रयास किया।



उपायुक्त ने दुर्घटना संभावित स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर सड़कों की जर्जर स्थिति, संकेतकों की कमी और वाहनों की अनियंत्रित गति पर गंभीर मंथन किया। इस दौरान उन्होंने साफ संकेत दिया कि अब केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीनी बदलाव की शुरुआत की जा रही है।

**शराब दुकानों का औचक निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान डीसी शशि प्रकाश सिंह ने चौपारण की अनुज्ञप्ति प्राप्त कंपोजिट शराब दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक का सत्यापन कर बिक्री प्रक्रिया की गहन जांच की। दुकानदारों को निर्देश दिए कि शराब की बिक्री केवल अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही करें। ग्राहकों को अनिवार्य रूप से बिल दें। दुकान के बाहर दर सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।

उन्हें चेतावनी भी दी गई कि निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बेचना दंडनीय अपराध है, और प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीओ जोहान टुड्डू, डीएसपी अजित कुमार विमल, सीओ संजय यादव, बीडीओ नितेश भास्कर, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश समेत कई अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**जनता की आवाज: वादे नहीं, बदलाव चाहिए**

चौपारण की जनता अब केवल सहानुभूति नहीं, सुविधाएं चाहती है। 26 पंचायतों वाले इस प्रखंड के लोग अब जवाबदेही, पारदर्शिता और विकास की वास्तविक तस्वीर देखना चाहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब समय है कि चौपारण को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त कर एक मजबूत प्रशासनिक ढांचा मिले। डीसी का यह दौरा चौपारण के लिए उम्मीद की एक नई किरण है। जनता कह रही है कि अब बदलाव कागजों पर नहीं, जमीन पर चाहिए।

## विभिन्न विकास योजनाओं का लिया जायजा

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने चलकुशा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा की और जलापूर्ति की सतत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि और अधिक महिला समूहों का गठन कर इन्हें इन योजनाओं से जोड़ा जाए, जिससे महिला सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रखंड में कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता अधिक है, अतः मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लाभकारी योजनाएं संचालित की जाएं। उन्होंने वर्तमान में संचालित योजनाओं का निरीक्षण करते हुए मानव सृजन दिवस के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा मनरेगा योजनाओं से संबंधित विवरण स्पष्ट रूप से बोर्ड पर अंकित करने का निर्देश दिया। बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुए आवासों का भी आकलन किया गया। उपायुक्त ने क्षति का त्वरित सर्वेक्षण कर पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# बनासो महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन, सृजनशीलता को मिला मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को मेंहदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. सत्र 2024-2026 के समस्त प्रशिक्षु शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का मार्गदर्शन कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रशिक्षुओं में सृजनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित और रचनात्मक रूप से संपन्न कराया।

इस अवसर पर उपस्थित सहायक प्राध्यापकगण में प्रमुख रूप से डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्र (आईक्यूएसी व एनएसएस पदाधिकारी), बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, डॉ. सतीश चंद यादव, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, सरोज श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार जायसवाल, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, विपिन कुमार, जयपाल राणा, डॉ. अम्बरीश कुमार दुबे, सीमा, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती, पुनम हेमब्रम, नाजरा, सुनीता, और आजाद समेत सभी शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने न केवल अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव का भी आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# जर्जर लराही रोड का होगा कायाकल्प: सांसद और विधायक ने लिया संज्ञान, जल्द शुरू होगा मरम्मत कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी लराही रोड (सिंघरावां मोड़ से कारीपहरी तक) की मरम्मत की राह अब साफ होती नजर आ रही है। लगातार मांग और शिकायतों के बाद इस सड़क की स्थिति पर अब सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव ने गंभीरता दिखाई है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है।



मुखिया संघ अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया बिरेंद्र रजक ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और सड़क की खस्ताहाल स्थिति से सांसद और विधायक दोनों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि डुमरी और लराही पुल के समीप गहरे गड्ढे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर सड़क पर बने गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। इस पहल और प्रशासनिक सक्रियता से क्षेत्र के ग्रामीणों में उम्मीद और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण उन्हें रोजमर्रा के आवागमन, खासकर बारिश के मौसम में, भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, गोविंदपुर मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव, अधिवक्ता सह समाजसेवी बसंत साव, त्रिलोकी यादव, संजय यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि आश्वासन जल्द ही कार्रवाई में बदलेगा और लराही रोड का कायाकल्प होकर उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# उपायुक्त ने किया राजकीय बुनियादी विद्यालय का औचक निरीक्षण

## बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता, पढ़ाई की गुणवत्ता,मिड डे मील, स्मार्ट क्लास,भवन की स्थिति आदि विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग/बरही।** जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज शनिवार को बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर का संपूर्ण भ्रमण करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं की साफ-सफाई, बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता, खेल के मैदान की स्थिति, बच्चों के बैग, पुस्तक, पोशाक एवं जूते के वितरण की स्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, पोषण वाटिका की स्थिति तथा विद्यालय की दीवारों पर बाला पेंटिंग आदि का गहन निरीक्षण किया। कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों से



बातचीत कर उपायुक्त ने उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने गणित विषय से संबंधित टास्क देकर बच्चों के शैक्षणिक कौशल एवं शिक्षण प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। साथ ही अन्य विषयों– भूगोल, विज्ञान, भाषा आदि से भी सवाल पूछे। उपायुक्त ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से संवाद करते हुए बच्चों की क्लास कॉपियों की नियमित जांच करने का निर्देश दिया, ताकि शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके और बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने मिड डे मील के भोजन की गुणवत्ता को प्राथमिकता से सुधारने की बात कही और विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं बच्चों के अनुकूल बनाने पर बल दिया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड डे मील के तहत दिए जा रहे खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच की तथा छात्रों को दिए जा रहे भोजन की पौष्टिकता और स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने मिड डे मील में प्रयुक्त खाद्यान्नों को सुरक्षित तरीके से अलग कमरे में संधारित करने का निर्देश विद्यालय प्रशासन को दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि खाद्यान्नों की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और बच्चों को समय पर पोषणयुक्त भोजन मिले। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता की भी जांच की। कई बच्चों की पोशाक गंदे पाए गए एवं उनके नाखून बढ़े हुए मिले, जिस पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों में स्वच्छता, अनुशासन और आत्मनिर्भरता के संस्कारों को सशक्त रूप से विकसित किया जाए। उपायुक्त ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देंने की आवश्यकता है।

# पंचायत समिति सदस्यों ने बिजली समस्या को लेकर बीडीओ से किया विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में बिजली समस्या को लेकर शुक्रवार को बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार तथा पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, कृष्णा राम, रंजीत चौबे, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया और रमणिका कुमारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से मुलाकात की और गंभीर चर्चा की। इस दौरान चेपाकला पंचायत के सदस्य कृष्णा राम ने बताया कि जुगरा के सुदूरवर्ती टोला पंदनवाटांड़ में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि वहां बिजली के पोल लगाए जा चुके हैं और शिलान्यास भी हो चुका है, लेकिन अभी तक केबल जोड़कर विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले को जिला स्तर पर लेटर के माध्यम से भेजा गया है और जल्द ही जिला प्रशासन इसकी गंभीरता से जांच करेगा।

**डीसी दरबार में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन**

पंदनवाटांड़ के ग्रामीणों अमृत भोगता, खैट्टू सिंह भोगता, देवा गंझू, प्रभु गंझू, खेमलाल गंझू, हरिश्चंद्र गंझू, धनेश्वर गंझू आदि ने हजारीबाग उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचकर बिजली की समस्या पर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव जंगल के भीतर स्थित है, जिससे उन्हें कई आवश्यक सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। बिजली के अभाव में लोग आज भी लालटेन और दीया जैसे पुराने साधनों से घर रोशन करते हैं।

मोबाइल चार्ज करने के लिए ग्रामीणों को छह किलोमीटर दूर सड़क किनारे जाना पड़ता है, जहां वे कोयला ढो रहे हाईवा वाहनों से बिजली लेकर मोबाइल चार्ज करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जहां देश डिजिटल युग में प्रवेश कर चुका है, वहीं हमारे गांव में ना पंखा है, ना टीवी, ना ही कोई इलेक्ट्रॉनिक सुविधा। आजादी के बाद से अब तक सिर्फ वादे हुए, लेकिन हकीकत अब भी अधूरी है।

**सिमराजरा में भी बिजली का अभाव**

आंगों पंचायत के सिमराजरा गांव में भी आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से वहां तेजी से कार्य जारी है। ग्रामीणों की इस पीड़ा को अब प्रशासन ने गंभीरता से लेना शुरू किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इन उपेक्षित गांवों में बिजली की रोशनी पहुंचेगी और विकास की किरण उन तक भी पहुंचेगी जो वर्षों से अंधेरे में हैं।

# खरीफ अभियान, उर्वरक आपूर्ति, मिट्टी जांच व मत्स्य पालन योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान खरीफ अभियान, धान रोपनी की प्रगति, उर्वरक आपूर्ति, मिट्टी जांच, लघु सिंचाई, गव्य विकास व मत्स्य पालन योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि नवादा अनुमंडल में धान रोपनी का लक्ष्य 44,927 हेक्टेयर निर्धारित है, जबकि अब तक 10,859 हेक्टेयर में ही रोपनी हुई है। रजौली अनुमंडल में यह अनुपात 42,841 में से 9,087 हेक्टेयर रहा। डीएम ने धीमी प्रगति पर असंतोष जताया और नियमित निगरानी व किसानों को तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए।



बैठक में उर्वरक आपूर्ति की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी और एसएसपी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। डीएम ने कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर नियमित छापेमारी के निर्देश दिए।मिट्टी जांच के लक्ष्य 7,865 नमूनों के विरुद्ध अब तक 7,872 नमूने लिए जा चुके हैं। इनमें से 5,654 नमूने लैब में भेजे गए हैं और 1,280 नमूनों का विश्लेषण हो चुका है। अब तक 518 मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार किए गए, जिनमें 220 किसानों को वितरित भी किए गए हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी किसानों को कार्ड समय पर वितरित किए जाएं ताकि वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिल सके। लघु सिंचाई योजनाओं की समीक्षा में तालाब, आहर, पइन, कूप निर्माण, सोलर सिंचाई और डीजल अनुदान योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। डीएम ने इन योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि सिंचाई सुविधाएं किसानों को सुलभ हो सकें। मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने, तालाबों के जीर्णोद्धार, मत्स्य बीज वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पौधा संरक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंड में तीन पाठशालाएं चलाने, बीज टंकण व जैविक घटकों के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया। डीएम ने कृषि मेलों के आयोजन और आत्मा योजना के सफल संचालन पर भी जोर दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अजीत प्रकाश, भूमि संरक्षण उप निदेशक शशि शेखर प्रसाद, सहायक निदेशक शिल्पी कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार कुशवाहा, अग्रणी बैंक प्रबंधक मनीष कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर नवादा जिला प्रशासन सतर्क

## 23 परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी, उड़नदस्ते और वीडियोग्राफी की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रविवार को नवादा जिले में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण का आयोजन दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा का सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त निर्देशानुसार व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी, जबकि 10:30 बजे के बाद किसी भी हालत में प्रवेश नहीं मिलेगा। मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के बाद ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग से घेरायुक्त फ्रिस्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री जैसे पेन, कागज, मोबाइल, ब्लूटूथ, रिस्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना प्रतिबंधित रहेगा। जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर पुलिस बल, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल एवं गश्ती दल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, बिजली आपूर्ति, चिकित्सा, अग्निशमन, ट्रैफिक नियंत्रण, वाटर कैनन और आंसू गैस जैसे सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 06324-212261 है। इसकी जिम्मेदारी अपर समाहर्ता शंभु शरण पांडेय और पु.अ.नि. सुजीत कुमार त्रिपाठी को सौंपी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) को सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी और विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास के होटल, लॉज, फोटोस्टेट, साइबर कैफ़े और इंटरनेट केंद्रों को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। डॉ. अनिल कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं मो. इमरान परवेज, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की स्थिति में बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने, निर्देशों का पालन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है।

# अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के पोल और पेड़ में मारी ठोकर, बड़ा हादसा टला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कियाखाप गांव में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक अनियंत्रित ट्रक बिजली के पोल और खजूर के पेड़ से टकरा गया। ट्रक रफीगंज से शिवगंज की ओर जा रही थी, तभी अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार में ट्रक सड़क किनारे लगे पोल और पेड़ से टकराते हुए धान के खेत में जाकर रुक गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की गति काफी तेज थी और वह पूरी तरह से अनियंत्रित




हो चुका था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया और खजूर का पेड़ भी टूट गया। सौभाग्यवश मौके पर मौजूद लोग किसी गंभीर हादसे का शिकार नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ट्रक किसी घर से टकरा जाता तो भारी जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद चालक ट्रक से कूदकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक नशे की हालत में था, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही रफीगंज थाना से पीटीसी जनमेजय दुबे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# भूमि विवाद को लेकर पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कडसारा गांव में भूमि विवाद को लेकर समता सिंह ने अंचल एवं थाना प्रशासन से न्याय की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार स्थानीय प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे विवाद गहराता जा रहा है। समता सिंह ने बताया कि गांव के ही धीरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार एवं गुलशन कुमार जबरन उनकी भूमि पर बाउंड्री निर्माण कर रहे हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता और चाचा दो सगे भाई थे, जिन्हें पारिवारिक बंटवारे में बराबर की जमीन मिली थी। उनके चाचा ने अपने हिस्से की जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दी, लेकिन अब वे लोग उनके हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। समता सिंह ने वरीय अधिकारियों से आग्रह किया है कि मौके पर भूमि की मापी कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने कहा कि जो हिस्सा मापी में उन्हें प्राप्त होगा, वे उसी को स्वीकार कर लेंगी। साथ ही प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।

# छह दिन बाद ट्रेन हादसे में मृत व्यक्ति की हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन के समीप चरकावां नहर के पास पोल संख्या 505/27 एवं 505/25 के बीच बीते शनिवार को ट्रेन की चपेट में आए अज्ञात व्यक्ति की पहचान छह दिन बाद हो सकी है। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के आसिया गांव निवासी नन्हकू यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक शनिवार सुबह घर से खाना खाकर निकले थे और इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने उन्हें काफी खोजा और



गोह थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। शुक्रवार की दोपहर परिजनों को सूचना मिली, जिसके बाद वे रफीगंज थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शनिवार को ट्रेन हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, औरंगाबाद में कराकर पहचान के लिए चार दिन तक रफीगंज थाना में रखा गया। परिजनों के नहीं पहुंचने पर शव का नियमानुसार डिस्पोजल कर दिया गया था। अब परिजनों के आने पर यूडी केस दर्ज कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र अनिल कुमार व भतीजे उदय कुमार ने बताया कि सुरेंद्र यादव मानसिक रूप से अस्वस्थ (विक्षिप्त) थे। परिजनों ने कहा कि उन्हें खोने का दुःख गहरा है, लेकिन अब उन्हें अंतिम विदाई देकर शांति मिलेगी।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 26-07-2025 21:48 Page 1



# हाइवा ने तीन गाड़ियों में मारी ठोकर, चालक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र स्थित कुलहड़ियां मोड़ के पास नेशनल हाईवे-19 पर शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियों में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया।

घटना सुबह करीब 4 बजे की है। सूचना मिलते ही एनएचआई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चालक की पहचान रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भरहुआ गांव निवासी बीरबल कुमार (40 वर्ष) के रूप में हुई है। उन्हें प्राथमिक इलाज के लिए दुर्गावती स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

मौके पर मौजूद एनएचआई टीम के आरपीओ उमेश कुमार ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब एक मैजिक और एक ट्रक के चालक अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर चाय पी रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक हाईवा, जिसका चालक संभवतः नींद में था, ने मैजिक गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक गाड़ी सिमटकर आगे खड़ी ट्रेलर में चिपक गई और हाईवा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही दुर्गावती थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सब-इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की। एनएचआई की मदद से हाईवा के केबिन में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल भेजा गया। घटना के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात बाधित रहा।

## डूबते बच्चे को बचाया, खुद की गयी जान

**कैमूर।** जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के जयपुर गांव में शुक्रवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्गावती नदी में नहाने गए तीन बच्चों में से एक 11 वर्षीय छात्र कमलेश कुमार डूब गया। वह एक अन्य बच्चे को बचाने के दौरान नदी में समा गया। कमलेश का शव 20 घंटे की तलाश के बाद शनिवार सुबह गांव से लगभग 15 किलोमीटर दूर अकोढ़ी मेला के पास से बरामद हुआ। मृतक की पहचान जयपुर गांव निवासी दुखी जायसवाल के पुत्र कमलेश कुमार (11 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय निवासी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव के तीन बच्चे नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान एक छोटा बच्चा डूबने लगा। उसे बचाने के लिए कमलेश ने साहसिक प्रयास किया और उसे बाहर निकाल भी लिया, लेकिन वह खुद गहराई में चला गया और डूब गया।

## बच्चे ने कोबरा को काटा, मौत

**बेतिया।** मझौलिया थाना के मोहछी बनकटवा गांव में शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी सुनील साह का एक वर्षीय पुत्र गोविंदा कुमार खेल-खेल में जहरीले कोबरा सांप दांत से काट लिया। आश्चर्यजनक रूप से कोबरा की मौके पर ही मौत हो गई।

कुछ घंटों बाद गोविंदा की तबीयत बिगड़ने लगी और वह मूर्छित हो गया। परिजन उसे तुरंत मझौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेतिया के गवर्नमेंट मेडिकल कालेज हास्पिटल (जीएमसीएच) रेफर कर दिया गया।

जीएमसीएच में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक डा. सौरभ कुमार ने बताया कि फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर है और उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है और लोग इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे। हालांकि लोग इसके साथ ही सवाल भी उठा रहे कि क्या एक साल का बच्चा ऐसा कर सकता है?

# भारी मात्रा में कफ सिरप एवं शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुपौल।** पुलिस ने सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां वार्ड 12 निवासी धीरेन्द्र मेहता उर्फ टीनू के घर से शनिवार को छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की है। वहीं, मौके से शराब तस्कर पुलिस को देख फरार हो गया।

एसडीपीओ विभाष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने लक्ष्मीनियां वार्ड 12 निवासी धीरेन्द्र मेहता उर्फ टीनू अवैध शराब और कोडीन कफ सिरप का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार करता है और शनिवार दोपहर शराब और कफ सिरप दोनों अपने घर पर भारी मात्रा में बिक्री के लिए भंडारण किया है। जिसके बाद थानाध्यक्ष रामसेवक रावत के नेतृत्व में टीम गठित कर शनिवार की दोपहर पुलिस ने वार्ड 12 लक्ष्मीनियां में धीरेन्द्र मेहता उर्फ टीनू के घर छापामारी की। घर की तलाशी के दौरान उसके घर से उजले रंग के प्लास्टिक के 15 बोरा में से 13 बोरा में रायल ग्रीन व्हिस्की कंपनी के 180 एमएल के 608 बोतल, एक सफेद प्लास्टिक बोरा में 375 एमएल के 24 बोतल और दूसरे प्लास्टिक के बोरा में 750 एमएल के 12 बोतल अवैध शराब बरामद हुआ।

वहीं, आठ अलग-अलग कार्टन में रायल ग्रीन व्हिस्की कंपनी के 750 एमएल के 24 बोतल, 375 एमएल के 47 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी के 180 एमएल के 96 बोतल और 750 एमएल के 48 बोतल, खुला कार्टन में इंपीरियल ब्लू के 375 एमएल के 9 बोतल, 750 एमएल के 3 बोतल और रायल ग्रीन कंपनी के 750 एमएल के एक बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। बताया कि कुल शराब 222 लीटर बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि मौके से पुलिस ने आरोपी के घर में बने पशु शेड से पीले रंग के प्लास्टिक के 9 बोरे में कुल 1737 कोडीन कफ सीरफ बरामद किया।

बरामद सभी अवैध अंग्रेजी शराब और कोडीन कफ सिरप को विधिवत जब्त कर फरार अवैध शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। छापामारी अभियान में थानाध्यक्ष रामसेवक रावत, अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई तनुजा कुमारी, मनीष कुमार, पीटीसी सन्नी कुमार आदि शामिल थे। बता दें कि बरामद कोडीन कफ सिरफ क्षेत्र में सूखा नशा के रूप में उपयोग किया जाता है और उसकी अनुमानित कीमत दो लाख 61 हजार के करीब है। वहीं, शराब की कीमत तीन लाख दस हजार के लगभग लगाया जाता है।

# बेटे की लाश पहुंचते ही मां की निकली जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** चौसा प्रखंड की डिहरी पंचायत अंतर्गत खरगपुरा गांव में गुरुवार की शाम उस वक्त शोक की गहराइयों में डूब गया, जब एक मां ने अपने बेटे के शव को देखकर उसने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। यह हृदयविदारक घटना पूरे गांव को झकझोर गई। खरगपुरा निवासी नूर हसन अंसारी के पुत्र इमामुल हसन व उसका जुड़वा भाई एजाजुल हसन बेहतर भविष्य और घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए तीन माह पहले सऊदी अरब गए थे। वह वे दोनों भाई किसी निजी कंपनी में काम करते थे। परदेश की कमाई से परिवार का गुजारा किसी तरह चल रहा था, लेकिन तकदीर को कुछ और ही मंजूर था। करीब 20 दिन पहले इमामुल सऊदी में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

इमामुल की मौत की खबर जैसे ही भारत स्थित उसके परिजनों को मिली, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मां आसिया खातून बेटे की मौत की सूचना सुनते ही बेसुध हो गईं। उनकी तबीयत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले जाना पड़ा।

इलाज जारी था, लेकिन दिल तो बेटे की एक झलक पाने को बेचैन था। गुरुवार की शाम जब इमामुल का शव गांव पहुंचा, तो मां को भी लाया गया, ताकि बेटे की आखिरी झलक देख सकें। पर जैसे ही उन्होंने बेटे का ताबूत देखा, वे वहीं गिर पड़ीं। परिजन उन्हें दोबारा वाराणसी ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, तब तक वह भी दुनिया को अलविदा कहकर चली गयीं। इस घटना के बाद लगी भीड़ व परिजन स्तब्ध रह गए। माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। गांववाले, रिश्तेदार और जनप्रतिनिधि जिप सदस्य पूजा देवी, मुखिया शमीम उर्फ कल्लू आदि लोगों ने परिवार को सांत्वना दी।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सिसौनी मोड़ पर शनिवार की दोपहर करीब एक बजे ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो बाइक सवार युवक हैं जबकि एक ट्रैक्टर चालक है।

जानकारी के अनुसार, अलीनगर थाना क्षेत्र के माहवार गांव निवासी चालक मो. फकरुद्दीन (48) ट्रैक्टर से खेत जुताई कर सड़क पर आ रहा था। इस बीच बाइक सवार अलीनगर के टीकापट्टी निवासी मनोरंजन लाल देव का पुत्र प्रशांत कुमार (21) एवं सूरज लाल देव का पुत्र नीतीश कुमार (18) बेनीपुर की ओर गुजर रहा था।

सिसौनी मोड़ के ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। वह अनियंत्रित होकर समीप की बाइक को ठोकर मारते हुए पलट गया। इस हादसे में बाइक सवार प्रशांत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फकरुद्दीन एवं नीतीश ने इलाज के लिए डीएमसीएच ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

# उलडंडा व नवाडीह में विशेष कैम्प 4 अगस्त को



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना अंतर्गत रामगढ़ के उलडंडा व नवाडीह पंचायत में आगामी 4 अगस्त को जिला प्रशासन की तरफ से विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप में पीवीटीजी समूह को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। जिले की उपायुक्त समीरा एस ने उक्त शिविर में पीवीटीजी के सभी लाभुकों को शिविर के आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है। वहीं पदाधिकारियों को निर्धारित तिथि व स्थान पर शिविर का आयोजन कर संबंधित लोगों को लाभकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रखंडों के संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योजनाओं का देखरेख करने एवं शिविरों का सक्रियता से आयोजन करने का निर्देश दिया। आयोजित होने वाले इस विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को शिविर में अपने विभाग के स्टॉल लगाने का निर्देश दिया है।

शिविर में विशेष रूप से आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, बैंक एकाउंट, बर्थ सर्टिफिकेट, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, लैंड होल्डिंग सर्टिफिकेट, इम्यूनाइजेशन, वन पट्टा आदि से संबंधित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि उपरोक्त योजनाओं से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया है।

## अचेत अभ्यर्थी से एम्बुलेंस में दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** होमगार्ड के बहाली में दौड़ने आए एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में बोधगया थाना की पुलिस ने दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपित की पहचान विनय कुमार एंबुलेंस चालक जो उतरेन कोच का निवासी है। वहीं, अजीत कुमार टेक्निशियन जो नालंदा जिला के चांदपुर का निवासी है।

दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार होमगार्ड भर्ती दौड़ में भाग लेने आई एक महिला अभ्यर्थी दौड़ के दौरान मूर्छित होकर गिर पड़ी, जिन्हें घटनास्थल पर तैनात एंबुलेंस के माध्यम से इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित द्वारा बताया गया कि अस्पताल ले जाने के क्रम में एंबुलेंस के अंदर ही एंबुलेंस ड्राइवर एवं कर्मियों द्वारा पीड़ित के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में बोधगया थाना प्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म मामले में संलिप्त दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

# नहर में डूबने से दो बच्चियों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के सलुपरा गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो बालिकाओं की नहर में डूबकर मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान गांव के ही सुनील यादव की 11 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी और कमलेश यादव की 14 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बालिकाएं अपनी मांओं के साथ खेतों में धान की रोपनी के लिए आई थीं। खेत के समीप बह रही नहर के किनारे वे खेलने लगीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नहर में गिर गईं। नहर की तेज धार में दोनों बहने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही खेतों में काम कर रहे कुछ तैराकी जानने वाले मजदूर नहर में कूदे और काफी दूर जाकर दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद परिजन दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस हृदयविदारक हादसे के बाद गांव में मातम छा गया है। परिजन सदमे में हैं और दोनों की मांओं का रो-रोकर बुरा हाल है। गांववाले भी इस घटना से गहरे आहत हैं।

# राजद विधायक के बयान से बढ़ी सियासी हलचल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लालू यादव के करीबी विधायक के दावे से बिहार की राजनीति फिर से गरमा गई है। राजद विधायक ने शनिवार को कहा कि 2010 के बाद जब राजद के पास महज 22 विधायक थे तब भी उनके पास पाला बदलने के कई ऑफर आए थे।

जब 22 में 13 विधायक राजद छोड़कर जा रहे थे, तब भी वह लालू प्रसाद के साथ खड़े रहे। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि जीतन राम मांझी के खास दानिश रिजवान उस समय उनके पास दो करोड़ रुपये लेकर आए थे और जदयू में शामिल होने का ऑफर दिया था, मगर मैंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था।

उन्होंने आगे बताया कि मेरे नेता लालू प्रसाद हैं, अगर वह कहेंगे यहां डूबना है, तो यहां डूबेंगे, यहां रहना है तो यहां रहेंगे। हमको मंत्रिमंडल में जगह और पैसे नहीं चाहिए।

इस आरोप पर हम से जुड़े दानिश रिजवान ने कहा कि पैसे लेन-देन की बात ही नहीं है। यह बात 2014 की है। तब नीतीश कुमार के प्रति आस्था रखने वाले कई राजद विधायकों ने जदूय को समर्थन दिया था।

उसी समय नीतीश के प्रति आस्था रखने वाले नेताओं से बातचीत की जा रही थी। दानिश रिजवान ने पैसे ऑफर करने की बात का पूरी तरह खंडन किया है।

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान जल्द ही होने वाला है। ऐसे में राजद विधायक भाई वीरेंद्र का यह खुलासा बिहार की राजनीति में हलचल लाने का काम करेगा।

## पत्नी की गला रेतकर हत्या

**गोपालगंज।** जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बैदौली गांव में शनिवार की रात एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान शोभा देवी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मृतका के पति बहारन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभा देवी की शादी वर्ष 2009 में गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी बहारन यादव से हुई थी। करीब दस वर्ष पूर्व बहारन ने कुचायकोट थाना क्षेत्र के बैदौली गांव में जमीन खरीदकर मकान बना लिया था और वहीं अपने परिवार के साथ रहने लगा। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्रामीणों के अनुसार, बहारन को नशे की लत थी और दंपती के बीच अक्सर घरेलू विवाद होते रहते थे, जिस कारण शोभा देवी अधिकतर समय मायके में ही रहती थी।

## आम के नाम पर बेचा जा रहा जहर, सेहत पर असर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** प्रखंड क्षेत्र में बंगाल, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों से कच्चा आम मंगवा कर उसमें ईथीलीन रिपेनेर नामक केमिकल को कच्चे आम के ऊपर प्लास्टिक के कैरेट में डालकर रख दिया जाता है और उसके ऊपर से रद्दी कागजों को डालकर एक दिन छोड़ दिया जाता है उसके बाद सभी कच्चा आम पक जाया करता है, जिसे बाजारों में धड़ल्ले से सस्ते दामों में बेचा जा रहा है।

मुख्यालय क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर यह कार्य किया जा रहा है, जिसे देखनेवाला कोई नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग कम दाम होने के कारण ठेले पर पड़े आम रूपी मीठे जहर को धड़ल्ले से खरीदते हैं और उन केमिकल डाले हुए आम को खाकर बीमार पड़ रहे हैं व विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं।ग्रामीण अनिल कुमार, अजय कुमार, देवा राजवंशी के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि बिहार में आम का सीजन खत्म हो जाने के बाद भी जो आम बाजारों में बेचा जाता है, वह केमिकल से भरा हुआ। बाजार में बेचे जानेवाला आम दूसरे प्रदेशों का रहता है। जबकि बिहार में दूधिया मालदा व अन्य किस्म के आम का सीजन असाढ़ महीने तक ही है। ज्यादा बारिश होने से आम खराब हो जाता है और वह खाने योग्य नहीं रहता है। वहीं लालची लोगों द्वारा कच्चे आम को जबरन केमिकल द्वारा पका कर बाजारों में बेचा जाता है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा से पूछे जाने पर बताया कि इसका जांच पड़ताल फूड एंड सेफ्टी विभाग करता है,जो जिला स्तर पर या स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया जाता है।इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डीएस चिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन के अंदर में यह विभाग रहता है, उन्हीं के द्वारा जांच पड़ताल किया जाता है। साथ ही बताया कि इसका एक विभाग होता है फूड एंड सेफ्टी जो स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ही संचालित है।

# सिंचाई सुविधा से वंचित किसान हो रहे परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** चरपोखरी प्रखंड के पसौर गांव के किसान इन दिनों सिंचाई संकट की चपेट में हैं, जिससे यहां के करीब पांच हजार किसान परेशान और हताश हैं। धान की रोपाई के बाद पानी के अभाव में उनके खेत सूख रहे हैं और धान के पौधे पीले पड़ रहे हैं, जिससे किसान अपनी फसल को लेकर काफी निराश हैं।

किसान मनोज मिश्रा, हदरी यादव, अनिल सिंह और अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पसौर के पूर्वी छोर पर स्थित काली-बल्ली करहा ही सिंचाई का एकमात्र साधन है, जो कई जगहों पर टूटा हुआ है और वर्षों से इसकी उड़ाही नहीं हुई है। नतीजतन, जब पानी आता भी है, तो खेतों तक पहुंचने के बजाय व्यर्थ बह जाता है।

किसानों का सीधा आरोप है कि इस करहा की उड़ाही के नाम पर पैसे तो निकाल लिए गए हैं, लेकिन जमीन पर सिर्फ लीपापोती की गई है। किसान दीपू साह ने बताया कि उनकी आजीविका पूरी तरह से खेती पर निर्भर है, लेकिन प्रशासन को उनकी समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

इधर, सिंचाई की इस विकट समस्या से किसानों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से नहर की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गंभीर चेतावनी भी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आत्महत्या करने को विवश होंगे।

इस मामले को लेकर लघु जल संसाधन विभाग, आरा के कार्यपालक अभियंता से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## करेंट लगने से जन वितरण विक्रेता की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** करियन गांव के धान खेत में सिंचाई के दौरान विद्युत करेंट लगने से जन वितरण विक्रेता फूल यादव की मौत हो गई। घटना बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी गांव में फैलते शव को देखने गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा।परिवार के लोगो ने बताया कि करियन पंचायत वार्ड तीन निवासी जन वितरण विक्रेता फूल कुमार यादव अपने धान खेत में सिंचाई करने गए हुए थे। उसी दौरान अचानक विद्युत करेंट लग गया। जिसके बाद बेहोश होकर खेत में गिर परे। स्थानीय लोगों के सहयोग से बेहोशी हालत में गांव के एक निजी डाक्टर के पास ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक डीलर का शव घर पहुंचते ही शव से लिपट कर परिवार के लोग दहाड़ मार कर रो रहे थे। घटना बाद पंचायत मुखिया संजीव कुमार पासवान ,जिला पार्षद पति बबलू सिंह, पैक्स अध्यक्ष घूरन यादव पूर्व मुखिया बुधन पासवान, डीलर संघ अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जविप्र प्रदीप कुमार, अजीत सिंह , मुखिया बिनोद पासवान ,सहित छेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि लोग और डीलर संघ के सदस्य गांव पहुंच पीड़ित परिवार को ढांढस दिला रहे थे।मौके पर ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# नगर परिषद क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों को अपना भवन नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा ।** स्थानीय नगर परिषद क्षेत्र में पैंतीस संचालित आंगनबाड़ी केंद्र है। परंतु एक भी आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन नहीं है। 10 आंगनबाड़ी केंद्र जो सरकारी विद्यालय में चल रहा है। 25 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में संचालित हो रही है। दो आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन निर्माण कराने के लिए अंचला अधिकारी के पास जमीन स्वीकृत के लिए भेजा गया, वह भी विचाराधीन है।

विदित होकर सरकार एक तरफ शिक्षा को अलख जगाने के लिए तत्परता दिखा रही है। दूसरी ओर नगर परिषद हिलसा में 35 आंगनबाड़ी केंद्र पर करीब दो हजार से अधिक एक वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों किराए के आंगनबाड़ी केंद्र भवन में पढ़ने के लिए मजबूर हैं। आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रतिदिन बच्चों पढ़ने के लिए जाते हैं। परंतु अपना भवन नहीं रहने के कारण मकान मालिक से प्रतिदिन तू तू मैं मैं होता दिख रही है नगर परिषद क्षेत्र में 10 सरकारी विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।

जहां समय के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र खुलता है और बंद होता है। हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में दो आंगनबाड़ी केंद्र मियां बिगहा एवं खोरमपुर अपना भवन निर्माण करने के लिए चिन्हित किया गया है, अंचलाधिकारी के पास जमीन स्वीकृत करने के लिए भेज भी गया था। परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किराए के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को एक हजार रुपए प्रति माह मिलता है। परंतु किराया समय पर नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका एवं मकान मालिक के साथ कहां -सुनी होता रहता है, जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र पर पढने वाले बच्चों के मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा है।

## 2.78 करोड़ की लागत से बनेगा फुटबॉल स्टेडियम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सासाराम के लेरूआ गांव के पास फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, खेलो इंडिया के तहत सासाराम नगर निगम क्षेत्र के दवनपुर में 13 करोड़ से मल्टीपर्पज हॉल निर्माण की भी स्वीकृति विभाग से मिल गई है। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर खेल विभाग ने अपनी मुहर लगाते हुए 2.78 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

स्टेडियम में दो सौ मीटर एथलेटिक्स ट्रैक भी होगा, ताकि इस खेल का भी आयोजन यहां हो सके। इसके अलावा रोहतास, नासरीगंज, राजपुर, कोचस व चेनारी प्रखंड में भी फुटबॉल स्टेडियम बनाने की मंजूरी मिली हुई है।

वरीय उपसमाहर्ता सह उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षक विनय प्रताप के मुताबिक फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को दी गई है। प

खंडों में स्टेडियम निर्माण के निर्णय से खासकर ग्रामीण इलाके में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। सासाराम के लेरूआ, चेनारी के स्वामी आत्म विवेकानंद प्लस टू स्कूल रेडिया, राजपुर में हुसैनाबाद, रोहतास में तुंबा तथा कोचस के सेमरिया तथा नासरीगंज के अतिमी में फुटबॉल स्टेडियम बनाया जाएगा।

# 1 अगस्त से स्कूलों में बच्चों की ऑन लाइन लगेगी हाजिरी

## शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में अब बच्चों की उपस्थिति टैब के माध्यम से ली जाएगी। इसके लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत मेसकौर प्रखंड को टैब उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्राथमिक और मध्य विद्यालयों को दो-दो टैब दिए जाएंगे, जबकि उच्च विद्यालयों को नामांकन के आधार पर दो या तीन टैब मिलेंगे।

गुरुवार से प्रधानाध्यापकों को स्कूलों के अनुसार टैब वितरण शुरू हो गया है। अभी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को टैब मिलना शुरू हुआ है, उसके बाद प्राथमिक विद्यालय के एचएम को दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

शिक्षाविदों का मानना है कि इससे स्कूल अवधि तक बच्चों का ठहराव बढ़ेगा, क्योंकि अब दोनों समय उपस्थिति दर्ज की जाएगी। अभी तक दोपहर के भोजन के बाद कई बच्चे स्कूल से चले जाते थे, लेकिन नई व्यवस्था में शिक्षक और प्रिंसिपल दोनों जिम्मेदारी से बच्चों को पूरे समय विद्यालय में रखने का प्रयास करेंगे।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय जायसवाल ने कहा कि यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे बच्चों की अनुशासन और उपस्थिति में सुधार होगा। मेसकौर प्रखंड मे 38 मध्य विद्यालय हैं जबकि 46 प्राथमिक विद्यालय है।

ऑफलाइन उपस्थिति को लेकर हमेशा एचएम पर उपस्थित विद्यार्थियों से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करने के आरोप लगते रहे हैं। इस पर अंकुश लग पाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा।

CMYK

# सरकारी स्कूलों में सुनिश्चित हो बुनियादी सुविधाएं : एस सिद्धार्थ

## बालक व बालिकाओं के लिए हो साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है कि आगामी स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त से पहले राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि सरकारी स्कूलों को सुविधायुक्त बनाने के लिए विभाग द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के बावजूद निरीक्षण के क्रम में कई कमियां पायी गई हैं जबकि स्कूलों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से 50-50 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने आगामी 15 अगस्त को स्कूलों में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित तस्वीरें ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। डॉ. एस सिद्धार्थ ने अपने पत्र में कहा है कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यालय का विद्युतिकरण सुनिश्चित किया जाए। कक्षाओं में पर्याप्त संख्या में बल्ब, ट्यूब लाइट्स और पंखे चालू हालत में हों। उन्होंने लिखा है कि निरीक्षण के क्रम में पाया गया है कि पेयजल के लिए निर्मित वाटरपोस्ट के सभी नल खराब स्थिति में हैं। शौचालयों में रनिंग वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कई स्कूलों के शौचालयों में मिट्टी भरा हुआ पाया गया है। शिक्षा विभाग के एसीएस ने सभी स्कूलों में बालक एवं बालिकाओं के लिए तीन-तीन शौचालय और महिला शिक्षिकाओं के लिए भी अलग से शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। एस सिद्धार्थ ने स्कूलों के गलियारों में बेतरतीब तरीके से रखे गए टूटे हुए फर्नीचर और कबाड़ को भी हटाने का निर्देश दिया है। कहा कि स्कूल के अच्छे कमरों में कबाड़ भरकर बच्चों की कक्षाएं कहीं अन्यत्र न लगाई जाए। साथ ही कमरों के अभाव में अलग से पुस्तकालय और आईसीटी लैब स्थापित न किया जाए।

# डॉ. ए. पी.जे.अब्दुल कलाम को दी गयी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना एवं बिहार राज्य सिविल सर्विसेज फाउंडेशन, पटना के द्वारा डॉ. ए. पी.जे.अब्दुल कलाम की 10वीं पुण्यतिथि के पूर्व दिवस पर अनेक प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता (डॉ. कलाम के जीवन पर आधारित) संपन्न हुई। आज के दिन सभी लोगों के द्वारा डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि दी गई। ललित कुमार सिंह, फाउंडर, बिहार राज्य सिविल सर्विसेज फाउंडेशन, सह-उप निदेशक, बापू टावर पटना ने विषय प्रवेश करते हुए डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के साथ रहते हुए उनकी कथा सुनाई तथा विषय प्रवेश कराया। बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए हुए लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में डॉ. गोपाल शर्मा, नवीन कुमार एवं कर्नल अमित सिन्हा बनाए गए थे। पारितोषिक वितरण पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह मुख्य अतिथि प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह के हाथों डॉ. कलाम साहब की पुण्य तिथि के अवसर पर राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना में पूर्वाह्न 11:00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण करते हुए राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना निदेशक डॉ. गोपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को कला अथवा अन्य प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि आज से ही किसी कला या विधा में रुचि का विकास करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन प्रतियोगिता में भाग लेकर डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# पूर्व सीएम कृष्ण बल्लभ सहाय की आदमकद प्रतिमा को खंडित किए जाने पर 'जीकेसी' ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना / नई दिल्ली।** झारखंड के हजारीबाग में देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्मृति शेष कृष्ण बल्लभ सहाय की आदमकद प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) ने गहरी नाराजगी जताई है और इस घटना में शामिल दोषियों का पता लगाकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने आज जारी बयान में कहा कि शुक्रवार को हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज के सामने स्थापित केबी सहाय की आदमकद प्रतिमा को खंडित किए जाने की शर्मनाक घटना घटी है और यह ऐतिहासिक विरासत का अपमान तथा सामाजिक मूल्यों पर हमला है। बयान में कहा गया है कि केबी सहाय जैसे महामानव की प्रतिमा को खंडित करना न केवल शर्मनाक है बल्कि राष्ट्र के गौरव पर सीधा प्रहार है। जीकेसी की ओर से मांग की गई है कि मामले में दोषियों को गिरफ्तार कर शीघ्र उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। बयान में झारखंड सरकार और हजारीबाग जिला प्रशासन से खंडित प्रतिमा की तत्काल मरम्मत किए जाने और उसकी पुनर्स्थापना की भी मांग की गई है।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर ने कहा कि यह घटना ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो, इसके लिए प्रभावी निगरानी, सीसीटीवी कैमरे और स्मारक स्थल पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है। गौरतलब है कि कृष्ण बल्लभ सहाय ने न सिर्फ देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी बल्कि उनके नेतृत्व में संयुक्त बिहार में बरौनी रिफाइनरी, बोकारो स्टील प्लांट, तिलैया सैनिक स्कूल जैसे दर्जनों बड़े संस्थान, प्रतिष्ठान स्थापित किए गए जो आज भी उनकी दूरदर्शिता और जन सेवा के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द होगा पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भवन निर्माण विभाग की ओर से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक और आवासीय भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत कई भवनों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि कुछ भवनों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। विश्वविद्यालय का निर्माण 224.53 एकड़ भूखंड में किया जा रहा है। भवन में 1200 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा जिसमें कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेल प्रेमियों के लिए आउटडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है। गेस्ट हाउस में ठहरने वालों के लिए 40 सिंगल कमरे, 10 वीआईपी कमरे और 20 डोरमेटरी बेड का निर्माण किया जाएगा। ब्वॉयज हॉस्टल में 350 स्नातक छात्रों के लिए डबल सीटर बेड, 210 स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सिंगल सीटर बेड और 140 पीएचडी छात्रों के लिए सिंगल सीटर बेड लगाए जाएंगे। साथ ही छात्राओं के लिए हॉस्टल में 200 स्नातक छात्राओं के लिए डबल सीटर बेड, 90 स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए सिंगल सीटर बेड और 60 पीएचडी छात्राओं के लिए सिंगल सीटर बेड की सुविधा रहेगी। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। डेयरी इंजीनियरिंग सहित कई भवनों का निर्माण पूर्ण हो गया है। बचे हुए कार्य को जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया है। भवन आधुनिक तकनीक और नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित है। अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए यहां बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा जिसमें अनुसंधान केंद्र, प्रशिक्षण सुविधाएं और छात्रों के लिए बेहतर आवास की व्यवस्था होगी। छात्र-छात्राओं के साथ ही वैज्ञानिकों के रहने की भी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का ध्यान रखा जा रहा है। डेयरी इंजीनियरिंग का निर्माण क्षेत्रफल 5 हजार 704 वर्गमीटर है। इसमें डेयरी प्रोसेस इंजीनियरिंग लैब, फूड इंजीनियरिंग लैब एवं कम्प्युटर लैब समेत अन्य कई तरह के लेबोरेटरी बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वर्कशॉप तथा चार सेमिनार हॉल का निर्माण किया गया है। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन मंजिला डेयरी इंजीनियरिंग भवन, आईएलएफसी प्रशासनिक ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, शॉपिंग भवन, सेंट्रल स्टोर, पशु प्रयोगशाला, फीड विश्लेषण एवं क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला, कुलपति आवास सहित कई भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# गयाजी और दरभंगा में गैंगरेप की वीभत्स घटना सरकार के मुंह पर तमाचा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गयाजी में होमगार्ड की बहाली में दौड़ के दौरान बेसुध हुई महिला को अस्पताल ले जाने के क्रम में एंबुलेंस में गैंगरेप किए जाने और दरभंगा के बिरौल में युवती के साथ गैंगरेप की घटनाओं को वीभत्स अपराध बताते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार में अपराधियों के अंदर से कानून व्यवस्था और पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। इस तरीके से महिलाओं के साथ राज्य में हो रहे अपराध पर कांग्रेस पार्टी सरकार से अपेक्षा करती है कि पीड़िताओं के साथ त्वरित न्याय हो और अपराधियों को कड़ी सजा मिले। बिहार कांग्रेस लगातार महिलाओं के साथ घटित हो रहे अपराध की निंदा करती है और हम पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ उनके संघर्ष में मजबूती से खड़े रहेंगे। प्रदेश में स्थापित गुंडाराज से महिलाएं, किसान, युवा, व्यवसायी सभी बेहाल हो चुके हैं, लेकिन एनडीए सरकार ने अपराधियों के हाथों बिहार को गिरवी रख दिया है। इसकी हम कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने और अपराधियों में कानून व्यवस्था का भय बनाने की मांग सरकार से करते हैं। एनडीए सरकार सदन के अंदर भी गुंडाराज स्थापित की है और बाहर अपराधियों को संरक्षण देकर राज्य की जनता को अपराधियों के भरोसे छोड़ दिया है।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड एवं शिवपुर साइडिंग का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा धनबाद-टोरी-शिवपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा इस रेलखंड के मध्य स्थित स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई एवं रेलवे ट्रैक का संरक्षा की दृष्टिकोण से गहन जायजा लिया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा शिवपुर साइडिंग स्टेशन पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साइडिंग के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास तथा कोल लोडिंग को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने शिवपुर स्टेशन केक्रू-लॉबी एवं पैनल रूम का भी गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विद्यापीठ, पटना के अधीन संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के 8वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज देशरत्न सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय प्रकाश ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने महाविद्यालय में वर्ष भर संचालित शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत थॉमस अल्वा एडिसन पर आधारित प्रेरणादायक नाटक, पारंपरिक कजरी गीत, मनमोहक नृत्य प्रस्तुति और भावविभोर कर देने वाली गजल गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय प्रकाश ने शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी हस्तक्षेप और उसकी आवश्यकता पर बल देते हुए कहा वर्तमान युग में तकनीक की तीव्र गति ने मानव संसाधन के समक्ष अपनी उपयोगिता प्रमाणित करने की नई चुनौतियां प्रस्तुत की हैं। ऐसे में शिक्षक प्रशिक्षुओं को समय के साथ कदमताल मिलाकर चलने की आवश्यकता है। समारोह का कुशल संचालन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका कुमारी श्रुति द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश, संयुक्त सचिव अवधेश कुमार नारायण, वित्त मंत्री नीरज कुमार सिन्हा, पूर्व वित्त मंत्री विवेक रंजन, एआईसी के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, प्रशिक्षु तथा बिहार विद्यापीठ के अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए कांग्रेस ने अपनी स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर गठित इस समिति की जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अजय माकन को सौंपी गई है। समिति में प्रणति शिंदे, इमरान प्रतापगढ़ी और कुणाल चौधरी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह कमेटी तत्काल प्रभाव से सक्रिय हो गई है और आगामी चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर पार्टी की रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्क्रीनिंग कमेटी में कई पदेन सदस्य भी शामिल किए गए हैं जिनमें बिहार कांग्रेस मामलों के एआईसीसी प्रभारी कृष्ण अल्लावारु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद में नेता मदन मोहन झा, एआईसीसी सचिव देवेंद्र यादव, शाहनवाज आलम और सुशील कुमार पासी शामिल हैं। कांग्रेस की यह कवायद राज्य में संगठन को मजबूत करने और सीटों के संतुलित बंटवारे के साथ उपयुक्त उम्मीदवार तय करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी जल्द ही बिहार के विभिन्न जिलों के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगी और संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों के बीच कांग्रेस की यह पहल आगामी चुनावी मोर्चे के लिए उसकी सक्रियता और गंभीरता को दर्शाती है।

# बिहार के बिना विकसित भारत नहीं बन सकता : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** शनिवार की शाम शहर के होटल मौर्य में एडवांटेज डायलॉग मैं हूं बिहार (एपिसोड-7) का आयोजन किया गया। 'कन्वर्जेंट मीडिया एंड बिहार, माजी से मुस्तकबिल तक' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की और अपने विचार रखे। इसमें उन्होंने कहा कि मैं हूं बिहार, अपने आप में ही बेहद महत्वपूर्ण शब्द है। बिहार जिसे कभी मगध कहते थे उसने अखंड भारत भी बनाया। लंबे समय से बिहार की राजनीति में काम कर रहा हूं, कई सरकारों को देखा और काम करने का तरीका भी देखा। नीतीश कुमार जब सत्ता में आए तब जाकर बिहार ने काफी तेजी से तरक्की की है। हमारे बजट को देखें यह आज काफी बढ़ चुका है। विकास के हर क्षेत्र में बिहार ने तेज तरक्की की है। अब बिहार बदल चुका है। आज बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन हो चुका है। आज पटना में एक करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला एयरपोर्ट बन चुका है। दरभंगा में एयरपोर्ट बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट इंडस्ट्री के बिना राज्य का तेज विकास नहीं हो सकता है। राज्य में आधारभूत संरचना का काफी विकास हो चुका है यहां अब निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने की जरूरत है। बिहार के बिना देश विकसित नहीं होगा। हमारी कोशिश है कि बिहार आगे बढ़े। कार्यक्रम में देश के नामचीन पत्रकारों और चर्चित शख्सियतों ने बिहार के राजनैतिक परिदृश्य में मीडिया, इसकी चुनौतियां और जिम्मेदारियों पर अपनी बातें रखी।

# धूमधाम से मनाई गयी श्री दादीजी झूलनोत्सव तथा सिंधारा महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा आज बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर में श्री राणीसती दादीजी का झूलनोत्सव सिंधारा एवं सावन तीज महोत्सव बड़े हीं धूम धाम से मनाया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल के बताया कि दादीजी की सेवा में विशेष श्रृंगार किया गया, मेहंदी लगाई गयी तथा पूरे मन्दिर को बहुत हीं आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा छप्पन भोग लगाया गया जो सभी के मन को मोह रहा था। इस अवसर सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेश भूषा में सजकर लाल पीली साड़ी, चुनड़ी ओढ़े श्री दादीजी को झूलन झुलाते हुए गा रही थी।

# पटना में दो-तीन अगस्त को आयोजित होगा 'बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' का 37वां संस्करण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राजधानी पटना एक बार फिर फैशन और परंपरा के रंगों से सराबोर होने जा रही है। देशभर में प्रसिद्ध बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का अगला भव्य आयोजन पटना में होने जा रहा है जिसका 37वां संस्करण आगामी 2 और 3 अगस्त को होटल मौर्या में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी शहरवासियों को फैशन और जीवनशैली की नई परिभाषा से रूबरू कराएगी। इस फेस्टिव संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिष्ठित डिजाइनर और ब्रांड्स भाग लेंगे जहां परंपरागत पोशाकों से लेकर आधुनिक इंडो-वेस्टर्न, डिजाइनर ज्वेलरी, लाइफस्टाइल और होम डेकोर प्रोडक्ट्स तक की आकर्षक रेंज पेश की जाएगी। करीब 40 से अधिक स्टॉल्स में विविधता से भरपूर बेहतरीन कलेक्शन देखने को मिलेगा जिसे खासतौर पर आगामी त्योहारों और शादी-विवाह के सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजक संजय अग्रवाल ने बताया बुटीक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का उद्देश्य सिर्फ एक एग्जीबिशन आयोजित करना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो देशभर के उभरते और स्थापित डिजाइनरों को सीधे ग्राहकों से जोड़ता है। पटना में फैशन को लेकर जिस प्रकार की जागरूकता और उत्साह हाल के वर्षों में देखा गया है, वह सराहनीय है। यही कारण है कि हम अपने हर संस्करण में शहर को कुछ नया और विशेष देने का प्रयास करते हैं। 37वें संस्करण में 40 से अधिक स्टॉल्स में क्यूरेटेड और प्रीमियम कलेक्शन पेश किया जाएगा जो फैशन प्रेमियों को एक नया अनुभव देगा।

# सावन की मस्ती में झूमीं इनरव्हील क्लब की महिलाएं




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की ओर हरिलाल राजेन्द्र नगर में सावन मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्लब के लावणी ग्रुप ने किया। इसमें क्लब की सदस्यों ने सावन के उल्लास को पूरे उत्साह और मनोरंजन के साथ मनाया। समारोह में आईएसओ सुधा बिदसरिया ने मॉकटेल मेकिंग और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की। इसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत हुए नृत्य और संगीत ने समां बांध दिया और उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नीतू कुमारी नवगीत और शुभम करेंगे गंगा की सफाई हेतु जन जागरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड बिहार ने प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत और गंगा स्वच्छता के लिए काम करने वाले शुभम कुमार को देश की राष्ट्रीय नदी गंगा की स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा जा रहा है। बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि शुभम कुमार द्वारा गंगा सफाई के लिये अपना योगदान करेंगे। शुभम एवं उनकी संस्था द्वारा गंगा सफाई के प्रति अटूट समर्पण और नीतू कुमारी नवगीत कला के माध्यम से जनजागरण करती हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि ये दोनों प्रेरणास्त्रोत 'नमामि गंगे' के मिशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हम उनके साथ मिलकर स्वच्छ और निर्मल गंगा के लिए और बेहतर कार्य करेंगे।

**नीतू कुमारी नवगीत संगीत से जगाती स्वच्छता की अलख**

डॉ. नीतू कुमारी नवगीत पहले से ही पटना नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में सक्रिय हैं। उनकी विशेषता है।

**कला के माध्यम से जागरूकता:** वे अपने मधुर लोक गीतों और नवगीतों के जरिए आम जनता को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विशेषकर गंगा की स्वच्छता के प्रति प्रेरित करती हैं।

**'नमामि गंगे' को मिलेगा नया जोश**

इन दोनों प्रतिबद्ध हस्तियों को 'नमामि गंगे' का ब्रांड एंबेसडर बनाना इस महत्वाकांक्षी परियोजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों अपनी-अपनी विशिष्ट शैली में गंगा संरक्षण के संदेश को बिहार के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करेंगी। शुभम कुमार 'बिंग हेल्पर फाउंडेशन' के संस्थापक है और गंगा घाटों की स्वच्छता के लिए सात वर्षों से अथक प्रयासरत हैं।

**बोतल फॉर ट्री प्रोटेक्शन अभियान:** इस पहल के तहत उन्होंने प्लास्टिक कचरे को संसाधन में बदला।

2.6 लाख से अधिक प्लास्टिक बोतलों को रिसाइकल करके ट्री गार्ड बनाए गए। इससे लगभग 50,000 पौधों को सहज सिंचाई और सुरक्षा प्रदान करने में सफलता मिली।

**निरंतर स्वच्छता अभियान:** गंगा घाटों पर हर रविवार को लगातार सात वर्षों से चल रहे उनके सफाई अभियान ने जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## संपादकीय

# विन विन डील

भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। अनुमान है कि व्यापार बढ़कर 34 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत और ब्रिटेन के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो ही गया, जिसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते हैं। इस समझौते को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही थी और हाल में इसमें तेजी आई। इसके पीछे एक वजह अमेरिका की टैरिफ नीतियां हैं। डॉनल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत के लिहाज से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99त्न निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17प्रतिशत है और सरकार इसे 25प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। व्यापारिक समझौते के लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस,यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। इकॉनमी के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसी डील सहायक होती हैं। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे।

**मोदी की मालदीव यात्रा से पड़ने वाले असर को देखें तो इस ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब भी मालदीव की रणनीतिक प्राथमिकता है। साथ ही श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी भी देख रहे हैं कि भारत बिना धमकाए, बिना ऋणजाल के, सहयोग और स्थिरता का मार्ग प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा केवल एक औपचारिक राजकीय दौरा नहीं है, बल्कि यह दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक बिसात पर भारत की चतुर कूटनीति, रणनीतिक धैर्य और नेतृत्व क्षमता का स्पष्ट प्रदर्शन भी है। यह यात्रा इस प्रश्न का उत्तर भी है— कि कैसे भारत ने 'चीन की गोद में जाते' मालदीव को फिर से अपने पक्ष में मोड़ लिया।**

# मोदी की मालदीव यात्रा से हिंद महासागर में फिर मज़बूत हुई भारत की पकड़, चीन की बेचैनी बढ़ी

(नीरज कुमार दुबे)



हम आपको याद दिला दें कि 2023 में जब मोहम्मद मुइज्जू सत्ता में आए, तो उन्होंने खुलकर 'इंडिया आउट' अभियान का समर्थन किया और भारतीय सैन्य उपस्थिति पर सवाल उठाए। उनकी शुरुआती विदेश यात्राएं भी संकेत दे रही थीं कि मालदीव अब चीन के करीब जा रहा है। लेकिन भारत ने जल्दबाज़ी में कोई कड़ा कदम नहीं उठाया। इसके विपरीत, उसने "Engagement over Escalation" (संवाद, न कि टकराव) की नीति अपनाई। भारत ने रक्षा कर्मियों को तकनीकी विशेषज्ञों से बदला, जिससे मालदीव की 'संप्रभुता' की चिंता को दूर किया गया, लेकिन रणनीतिक उपस्थिति बनाए रखी गई। साथ ही विकास परियोजनाओं को बिना शोर के आगे बढ़ाया गया जिससे आम जनता को भारत की भूमिका का सकारात्मक प्रभाव दिखता रहा। इसके अलावा, आर्थिक मदद जैसे 30 अरब रुपये की ऋण सुविधा, करेंसी स्वैप और ट्रेजरी बिलों से मालदीव की डूबती अर्थव्यवस्था को सहारा दिया गया। साथ ही सांस्कृतिक, राजनीतिक और पार्टी-स्तरीय जुड़ाव को फिर से शुरू किया गया, जिससे भारत और मालदीव के बीच बहुस्तरीय संपर्क बने रहें।

इसके अलावा, 2024-25 में भारत ने नई परियोजनाएं घोषित करने की बजाय पूर्ववर्ती विकास कार्यक्रमों को तेज़ी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट जैसे विशाल निर्माण कार्य इसके उदाहरण हैं। इनका न केवल आर्थिक, बल्कि रणनीतिक महत्व भी है क्योंकि ये चीन समर्थित बंदरगाह-राजनीति के विकल्प प्रस्तुत करते हैं।

देखा जाये तो भारत की नीति में ज़बरदस्त कूटनीतिक परिपक्वता थी। भारत ने मुइज्जू की ओर से उकसाने के बावजूद भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के साथ अपने कदम आगे बढ़ाये। प्रधानमंत्री मोदी जब मालदीव पहुँचे तो उनके स्वागत के लिए उमड़ी जनता और अगवानी के लिए पहुँचे मुइज्जू की खुशी देखने लायक थी। हम आपको बता दें कि मालदीव जैसे राष्ट्र में यह परंपरा नहीं रही कि राष्ट्रपति स्वयं एयरपोर्ट पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी करें। मुइज्जू का प्रधानमंत्री मोदी को हवाई अड्डे पर व्यक्तिगत रूप से रिसीव करना कई गहरे संदेश देता है। जैसे- यह 'इंडिया आउट' अभियान से पूरी तरह यू-टर्न है। अब राष्ट्रपति खुद भारत के सर्वोच्च नेता के स्वागत में खड़े हैं। इसके अलावा, मुइज्जू यह दिखाना चाहते हैं कि अब भारत के साथ सहयोग राष्ट्रहित में है। यह संकेत देशवासियों के लिए है कि भारत शत्रु नहीं, सहायक है। यह कूटनीतिक संकेत भी है कि भारत, अब भी मालदीव की विदेश नीति में सर्वोपरि है, चाहे चीन ने कितनी भी कोशिश की हो।

इसके अलावा, मालदीव की राजधानी माले में, भारत की मदद से बने रक्षा मंत्रालय भवन पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर प्रदर्शित होना भी अपने आप में महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह न केवल भारत की रक्षा सहायता की स्थायित्व को दर्शाता है, बल्कि यह मालदीव की जनता को दिखाता है कि चीन कर्ज देता है लेकिन भारत सुरक्षा और स्थिरता देता है। देखा जाये तो यह भारत की साफ्ट पावर की जीत है, जो किसी भी सैन्य हथियार या बंदरगाह समझौते से अधिक प्रभावशाली साबित हुई है।

मोदी की मालदीव यात्रा से पड़ने वाले असर को देखें तो इसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब भी मालदीव की रणनीतिक प्राथमिकता है। साथ ही श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी भी देख रहे हैं कि भारत बिना धमकाए, बिना ऋणजाल के, सहयोग और स्थिरता का मार्ग प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, मालदीव की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर की व्यापक सामरिक निगरानी के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी की यात्रा के बाद भारत की मौजूदगी और वैधता वहाँ स्थिर और वैधानिक हो गई है— यह चीन के लिए एक रणनीतिक अवरोध है।

हम आपको बता दें कि यह पहली बार है जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री गैर-एमडीपी सरकार द्वारा आमंत्रित होकर स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर 'मुख्य अतिथि' बना है। यह न केवल आपसी सम्मान का परिचायक है, बल्कि यह भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति की सफलता का भी प्रमाण है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यह राजकीय यात्रा किसी शासनाध्यक्ष की पहली राजकीय यात्रा भी है, जिसकी मेजबानी राष्ट्रपति मुइज्जू नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद से कर रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव में एक परम्परा रही है कि नया राष्ट्रपति बनने वाला व्यक्ति पहला दौरा भारत का करता है लेकिन मुइज्जू ने सबसे पहला दौरा तुर्की का किया था उसके बाद वह संयुक्त अरब अमीरात गये थे। उसके बाद उन्होंने चीन की बहुप्रचारित यात्रा भी की थी लेकिन उन्हें जब दूसरों के कर्ज जाल और भारत की निस्वार्थ मदद के बीच का अंतर समझ आया तो पिछले साल उन्होंने दो बार भारत का दौरा किया था और अब उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया तो वह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

इस तरह देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा एक प्रतीकात्मक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय संबंधों में आई खटास के बाद एक 'रीसेट' का संकेत देती है, बल्कि यह दिखाती है कि भारत किस तरह अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को दीर्घकालिक दृष्टि से संभालता है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा न केवल 60 वर्षों के द्विपक्षीय संबंधों का उत्सव है, बल्कि आने वाले दशकों की दिशा भी तय करती है। भारत और मालदीव के संबंध अब केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक साझेदारी नहीं हैं— वे समुद्री सुरक्षा, विकास, और क्षेत्रीय संतुलन के मजबूत स्तंभ बनते जा रहे हैं। यह यात्रा एक स्पष्ट संकेत देती है कि भारत, आलोचना से विचलित हुए बिना, अपने पड़ोस में स्थिरता और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। और यही किसी भी परिपक्व वैश्विक शक्ति की सबसे बड़ी पहचान होती है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# तीसरा विश्व युद्ध की आशंका क्यों... तैयारी में नाटो देशों की सेनाएं? रिपोर्ट ने बढ़ाया डर

(रिजवान)

रूस की सरकारी मीडिया में नाटो या पश्चिम के संभावित परमाणु हमले की चेतावनी दी गई है। ये रिपोर्ट रूस और पश्चिम के साथ बढ़ते टकराव और तीसरे विश्व युद्ध के खतरे का संकेत हैं।

दुनिया को जल्दी ही विश्व युद्ध जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। खासतौर से रूस के पश्चिम से बढ़ते तनाव ने इस आशंका को बल दिया है।रूसी मीडिया में ऐसी रिपोर्ट आई हैं, जो कहती हैं कि उनके देश पर नाटो या पश्चिम की ओर से परमाणु हथियारों से हमला किया जा सकता है। एक तरफ नाटो देश मिलकर हमला करेंगे तो रूस को भी कुछ बड़ी शक्तियों का साथ इसमें मिल सकता है। ऐसे में यह संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध की शक्ल ले सकता है।

ईटी की रिपोर्ट कहती है कि रूसी मीडिया रूस और नाटो देशों के बीच संभावित परमाणु संघर्ष की चेतावनी दे रहा है। क्रेमलिन के करीबी विशेषज्ञ और विश्लेषकों का दावा है कि पश्चिम बड़े संघर्ष की तैयारी कर रहा है। इन रिपोर्ट के जरिए रूसी नागरिकों को नाटो से युद्ध की किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहने को कहा जा रहा है।

**परमाणु युद्ध की चेतावनी**-रूस के कोम्सोमोल्स्काया प्रावदा (केपी) सहित कई सरकार से जुड़े समाचार आउटलेट नाटो के साथ परमाणु युद्ध की चेतावनी दे रहे हैं। इनका दावा है कि ब्रिटेन, यूरोपीय देशों सहित पश्चिम के देश इस दशक के अंत तक बड़े पैमाने पर रूस के खिलाफ युद्ध छेड़ सकते हैं। इन रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रूस को विभाजित करने की रणनीति का हिस्सा है, जिसका नतीजा तीसरा विश्व युद्ध हो सकता है।

अमेरिकी सेना यूरोप और अफ्रीका के जनरल क्रिस्टोफर डोनह्यू ने हाल ही में सार्वजनिक रूप से रूस के कैलिनिनग्राद क्षेत्र पर हमले की बात कही है। कैलिनिनग्राद नाटो देशों से घिरा है और रूस के बाकी हिस्सों से अलग है। रूस ने इसका जवाब देते हुए कहा है कि कैलिनिनग्राद को बचाने के लिए वह कुछ भी करेंगे, इसमें परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।

**तीसरे विश्व युद्ध की आशंका क्यों?** रूसी विशेषज्ञों का दावा है कि हाल ही में नाटो में शामिल हुआ फिनलैंड का क्षेत्र रूस पर हमलों के लिए नाटो का लॉन्च पैड हो सकता है। रूस की एसवीआर खुफिया सेवा ने नाटो पर मोल्दोवा को सैन्य अड्डे में बदलने का आरोप लगाया है। इससे पूर्वी यूरोप में नाटो और रूस के बीच एक और सीधा टकराव पैदा हो सकता है।

सैन्य टिप्पणीकार जिमोव्स्की ने चेतावनी दी है कि सेंट पीटर्सबर्ग या कैलिनिनग्राद पर कोई भी हमला एक व्यापक युद्ध को जन्म देगा। रूसी विशेषज्ञ ही नहीं पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव भी कह चुके हैं कि तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति बन गई है। उन्होंने संघर्ष को भड़काने के लिए अमेरिका और यूरोप को जिम्मेदार ठहराया है।

# जीवन धारा : अंदर की दुनिया से ही बाहर की दुनिया बनती है... सकारात्मक बनना प्रभावी सूत्र

(ज्योति भास्कर)

कल्पना करें कि आपका अवचेतन मन उपजाऊ मिट्टी है, जो सभी तरह के बीजों की उगने में मदद करेगी, चाहे वे अच्छे हों या बुरे। अगर आप कांटे बोते हैं, तो क्या आपको अंगूर मिल सकते हैं? अगर आप कंटीली झाड़ियां बोते हैं, तो क्या आपको अंजीर की फसल मिल सकती है? हर विचार एक कारण है और हर परिस्थिति एक परिणाम है। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने विचारों पर नियंत्रण करें। ऐसा करने पर ही इच्छित परिणाम मिल सकते हैं।

इसी समय शांति, खुशी, सही कर्म, सद्भावना और समृद्धि के विचारों के बीज बोना शुरू कर दें। शांति और विश्वास से इन चीजों के बारे में सोचें। अपने चेतन तार्किक मन में इन्हें पूरी तरह स्वीकार करें। इन अद्भुत विचार-बीजों को अपने मस्तिष्क के बगीचे में बोते रहें; आपको बहुत बढ़िया फसल मिलेगी। जब आपका मस्तिष्क सही तरीके से सोचता है, जब आप सच्चाई समझ लेते हैं, जब आपके अवचेतन मन तक पहुंचे विचार सृजनात्मक, सद्भावनापूर्ण और शांतिपूर्ण होते हैं, तो आपके अवचेतन की जादुई कार्यकारी शक्ति प्रतिक्रिया करेगी। यह उस विचार के लिए आवश्यक परिस्थितियों और उचित माहौल का निर्माण कर देगी। अपनी विचार प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने के बाद आप किसी भी समस्या या मुश्किल में अपने अवचेतन मन की शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं। वास्तव में आप जान-बूझकर हुए उस असीमित शक्ति और अटूट नियम के साथ सहयोग कर रहे हैं, जो सभी चीजों पर लागू होता है। अपने चारों तरफ देखें। आप चाहे जहां रहते हों, आपकी सामाजिक स्थिति चाहे जैसी हो, आप देखेंगे कि अधिकांश लोग बाहर की दुनिया में जीते हैं। जबकि, ज्यादा ज्ञानी लोग अपने अंदर की दुनिया में जीते हैं। उन्हें यह एहसास है-जो आपको भी होगा कि अंदर की दुनिया से ही बाहर की दुनिया उत्पन्न होती है। आपके विचार, भावनाएं और सपने आपके अनुभव के जनक हैं। आंतरिक मन ही एकमात्र रचनात्मक शक्ति है। बाह्य संसार में आपको जितनी भी चीजें मिलती हैं, वे सभी मन के अंदरूनी संसार की उपज हैं, चाहे आपने यह काम सचेतन रूप से किया हो या अचेतन रूप से। जब आप अपने चेतन और अवचेतन मन की आपसी कार्यविधि के बारे में सच्चाई जान लेंगे, तो अपने जीवन की कायापलट करने में कामयाब हो जाएंगे।

# दुनिया की लाखों जिन्दगियां में जहर घोलता अकेलापन

**अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास 'सुनने का समय' नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। 'हर छठा व्यक्ति अकेला है'–यह निष्कर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट का है, जिसने पूरी दुनिया को चिन्ता में डाला है एवं सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हम कैसी समाज–संरचना कर रहे हैं, जो इंसान को अकेला बना रही है। निश्चित ही बढ़ता अकेलापन कोई साधारण सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है, जो व्यक्तियों, समाजों, और व्यावसायिक संस्थानों को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों व संवादहीनता की स्थितियों में नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं।**

(ललित गर्ग)

गौर करे तो इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियां में महामारी के रूप में जहर घोल रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। वृद्ध तो पहले से ही सामाजिक एवं पारिवारिक विसंगतियों में उपेक्षित है। निश्चय ही जीवन की विसंगतियां एवं विषमताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान व तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी आज किसी न किसी रूप में अकेलेपन, सामाजिक अलगाव या भावनात्मक दूरी का शिकार है। यह स्थिति केवल वृद्धजनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं, कामकाजी पेशेवरों, और यहां तक कि बच्चों तक फैल चुकी है। डिजिटल युग में जहां सब कुछ 'कनेक्टेड' लगता है, वहीं इंसानी रिश्तों में एक अदृश्य दूरी, कृत्रिमता और आत्मीयता का अभाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में हम जितने अधिक जुड़े हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से अकेले हो गए हैं। व्यक्तिवादी सोच, सामाजिक दुष्प्रभाव एवं रिश्तों की बिखरती दीवारों में अकेलेपन का घातक प्रभाव सामाजिक ढांचे पर गहरे रूप में पड़ रहा है। पारिवारिक संबंधों में दरारें, विवाहों में असंतोष, और तलाक की बढ़ती दरें इसकी साफ़ निशानी हैं। युवा पीढ़ी में अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति और नशे की ओर झुकाव एक चिंताजनक ट्रेंड बन गया है। बुजुर्गों में अकेलेपन से उत्पन्न अल्ज़ाइमर, डिमेंशिया और अन्य मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास 'सुनने का समय' नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। अब समय आ गया है कि हम फिर से रिश्तों, संवाद और करुणा की दुनिया की ओर लौटें। अन्यथा अकेलापन, उदासी और असंतुष्टि की भावनाएं कचोटती रहेगी। मानो खुद के होने का एहसास, कोई इच्छा ही ना बची हो। तब छोटी-छोटी चीजों में छिपी खूबसूरती नजर ही नहीं आती। ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत से लोग जिंदा हैं, पर जीवित होने के जादुई एहसास को कम ही छू पाते हैं। सोच के भौतिकवादी एवं सुविधावादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से कुंठा, हताशा व अवसाद का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन या अकेले होने की ओर धकेल देती है। निश्चित ही सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है, कृत्रिम है, दिखावटी है। हर कोई सोशल मीडिया मंचों पर हजारों मित्र होने का दावा करता है, लेकिन ये मित्र कितने संवेदनशील है? कितने करीब है? इन प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक ही है, यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल अकेला एवं गुमशुम होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता, अकेलापन दूर नहीं कर सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते।

विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आई है। जिससे व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होना लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप एवं एकल परिवारों का बढ़ता प्रचलन भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुलकर आर्थिक व सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। लेकिन अब बुजुर्ग एकाकीपन एवं अकेलापन से जूझ रहे है। केरल में इसी तरह के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित, अकेला एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को अकेलेपन को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल में अकेलापन एक त्रासदी न बन सके।

कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना एवं महंगी होती जीवनशैली ने अकेलापन के संकट को गहरा बनाया है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों व बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में भी काम का बोझ इंसानों को अकेला बना रहा है। कार्यालयों और कार्यस्थलों पर भी अकेलापन एक गंभीर चुनौती बन रहा है। कर्मचारी भावनात्मक जुड़ाव की कमी के कारण कार्य में रुचि नहीं लेते। टीम वर्क, इनोवेशन और सहयोग पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। अकेलापन लंबे समय तक बना रहा तो यह बर्नआउट, कार्य से असंतोष और कर्मचारी त्यागपत्र जैसी स्थितियों को जन्म देता है। इससे उत्पादकता में भी गिरावट आती है। मेकिन्से और डेलॉइट जैसी वैश्विक कंसल्टिंग फर्म्स की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि अकेलापन कर्मचारियों की उत्पादकता को 15-20 प्रतिशत तक घटा सकता है, जिससे कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। अकेलेपन के इस संकट से निपटने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर सामूहिक प्रयास ज़रूरी हैं। परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ समय बिताना ही असली 'समृद्धि' है। कंपनियों और संस्थानों में कर्मचारियों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को समझने वाला नेतृत्व चाहिए। डिजिटल संवाद की जगह आमने-सामने संवाद, 'वर्क फ्रॉम होम' की जगह 'वर्क विद कम्युनिटी' को प्राथमिकता देनी होगी। ऑफिसों और समाज में काउंसलिंग, समूह चर्चा, मेडिटेशन, और योग को प्रोत्साहन दिया जाए। सरकारों को अकेलेपन को एक जनस्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता देनी चाहिए और सामाजिक समावेश के लिए ठोस कार्यक्रम चलाने चाहिए।

डब्ल्यूएचओ का वह आंकड़ा भी चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। जो यह दर्शाता है कि व्यक्ति न केवल समाज व अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाए। यह एक संवेदनहीन एवं बेहूदा प्रतिक्रिया थी। दरअसल, लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है तो वह सबकुछ कर सकता है। जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति अकेलेपन को जीने के लिये अभिशप्त है। सही बात ये है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे व कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गए हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार अकेला या एकाकी होता जा रहा है। असल में अकेलापन तभी मिटेगा जब हम फिर से इंसान बनेंगे- संवेदनशील, सजीव, संवाद और रिश्तों की गर्माहटत से भरे हुए। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा माले की बैठक सम्पन्न, लिए गए कई निर्णय : पूरण महतो

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले ही जनता के लिए बेहतर राजनीतिक पार्टी है - अजीत राय भाकपा माले गांव है गांव पीरटांड़ प्रखण्ड के हटिया मैदान में माले का दस दिवसीय विशेष कार्यक्रम,माले के संस्थापक चारु मजूमदार और पूर्व सांसद ए के राय की शहादत दिवस दिवस कार्यक्रम मनाया गया,भाकपा माले पार्टी के बैनर तले उपस्थित माले



वरिष्ठ नेता साथी पूरण महतो ने कहा कि पीरटांड़ प्रखंड के एक एक गांव में भाकपा माले के सदस्य होंगे,विकास के नाम पर झूठा वादा नहीं चलने देंगे,वही माले नेता कन्हाई पांडेय ने कहा गिरिडीह विधानसभा को लाल झंडे से पाटने का कार्यक्रम भाकपा माले चलाएगा,मजदूर किसान के वरिष्ठ साथी अजीत राय,किशोर राय, ने कहा हम सब मिलकर पीरटांड़ में एक बड़े आंदोलन के की जरूरत है, सुविधा के अभाव में पीरटांड़ बर्बाद हो रहा है,इसको ठीक करने का लक्ष्य है। इधर माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि, गिरिडीह सदर में इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यक्रम में,दर्जनों पार्टी के सदस्य भी शहर में कार्यक्रम कर रहे थे, इसलिए कार्यक्रम नहीं नहीं उपस्थित हुए,लेकिन कहा कि जल्द पीरटांड़ पंचायत के गांव में जल्द से जल्द बैठक होगी, उपस्थित दे,द्वारिका राय, हरधन तूरी जागेश्वर महतो रेखा दैवी मालती देवी रुक्मिणी देवी सरिता देवी मसूदन कोल्ह किशोर राय पवन यादव भीम कोल्ह राजन तूरी मेरुलाल हंसदा रघुनाथ किस्कू आदि।

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक




**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त, गिरिडीह की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (बीपी एमफ बाइ) के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति (डी एलएमसी) की बैठक की। बैठक में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई तथा ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना (एनएमएनएफ) के कार्यान्वयन की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास विभाग योजनाओं की समीक्ष



**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** आज डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने एनएलएमएस की टीम के साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिनांक 25.07.2025 से 02.08.2025 तक नेशनल लिवेल मॉनिटर्स (एनएलएमएस) द्वारा गिरिडीह जिला का क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। एनएलएमएस द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 (फेज -1) में संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास विभाग के कार्यक्रम यथा- मगनरेग्स देय - एनआरएलएम डीडीयू - जीकेवाई पीएमए -जी एनएसएपी पीएमजीएस वाई सग्य रसेती पीएमकेएसवाई - डब्लूडीसी डीलरम्प से संबंधित योजनाओं की कार्य प्रगति, क्रियाकलाप, परिसम्पतियों एवं दस्तावेजों का भौतिक जाँच, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाएगा।

### विधायक राज सिन्हा को सचेतक बनाये जाने पर खुशी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने धनबाद विधायक राज सिन्हा को सचेतक बनाये जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने विधायक को अंगवस्त्र ओढा एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर कहा कि सचेतक बनने पर अब वे मजबूती के साथ धनबाद जिला सहित संपूर्ण झारखंड राज्य की ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा के पटल पर उठाएंगे। उदय प्रताप सिंह के साथ धनबाद विधायक को बधाई देने में अनूभव पांडे, प्रवीण कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, अजय मोहन मौजूद थे।

### उपायुक्त ने किया आईआईटी आईएसएम में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आईआईटी आईएसएम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। आईआईटी आईएसएम में आगामी 1 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम निर्धारित है। सबसे पहले उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ने माननीय राष्ट्रपति के आवासन के लिए तैयार हो रहे प्रेसिडेंट सुइट, प्रेसिडेंट सुइट तक पहुंच पथ, माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री



सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, ग्रीन रूम, कार्यक्रम स्थल तक निर्धारित मार्ग, कार्यक्रम स्थल का प्रवेश एवं निकास द्वार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने तथा राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं आईआईटी आईएसएम में निरीक्षण से पहले उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया। निरीक्षण में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बीएन सहदेव के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर जवानों ने अद्म्य साहस एवं शौर्य का परिचय देते हुए विजय गाथा लिखी : सुद्विय कुमार सोनू

नव बिहार टाइम्स संवाददाता





**गिरिडीह।** आज गिरिडीह नगर भवन में वेटेरण ऑगेनाइजेशन ऑफ झारखण्ड एण्ड गिरिडीह फाईटींग ग्रुप के माध्यम से कारगिल विजय दिवस समारोह समान पूर्वक मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नगर विकास मंत्री श्री सुद्विय कुमार सोनु जी, विशिष्ट अतिथि के रुप में गिरिडीह उपायुक्त महोदय श्री रामनिवास यादव जी एवं कार्यक्रम के प्रयोजक मोंगिया स्टील लिमिटेड के चेयरमेन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ मंत्री श्री सुद्विय कुमार सोनु एवं सभी अतिथियों द्वारा द्विप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह को सम्बोधीत करते हुए मुख्य अतिथि श्री सुद्विय कुमार सोनु जी ने कहा कि यह समारोह हम सबों के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योकि कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर जवानो ने अदम साहस एवं शौर्य का परिचय देता हुए विजय की जो गाथा लिखी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हाने कहा कि हमारे जवानों ने कारगिल के अलावा भी कई महत्वपूर्ण जंग जीते है और पड़ोसी देशो को धुल चटाई है उन वीर जवानों का नाम भी देश हमेशा याद रखेगा। कहा कि हमारा देश एक फुलो का गुलदस्ता है जिसमें सभी पंत धर्म एवं समप्रदाय के लोग आपस में अटुट संबध के साथ जीवन जीते है और जब देश भक्ति की बात आती है तो पूरा देश एक साथ एक जुट होकर अपने अटूट बंधन का परिचय देता है। अंत में उन्होने वहाँ मौजूद सभी लोगो का कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अभिवादन किया।

कार्यक्रम को संबोधीत करते हुए गिरिडीह नगर उपायुक्त श्री रामनिवास यादव जी ने कहा कि आज का दिन हम सबों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योकि आज ही के दिन 1999 ई० में कारगिल के चोटीयो पर जहाँ का तापमान माईनस में रहता है उन जगहो से पड़ोसी देश के नापाक हरकतो का मुँहतोड़ जवाब दिया था और विजय की एक नई गाथा लिखी थी। उन्होने कहा कि जो वीर जवान देश के लिए मर मिटते है और हमारे देश के लिए कठिन से कठिन परिस्थतीयों का सामना करते हुए देश की सुरक्षा मे लगातार अपनी भूमिका निभाते रहते है। ऐसे में हम आम नागरिको का भी कर्चय बनता है कि हम जिस जगह पर भी कार्यरत है वहाँ अपना 100% योगदान देश के प्रति समर्पीत करें। उन्होने कहा कि यह योगदान किसी भी रुप में हो सकता है, जैसे हम किसी भी जगह पर रह रहे है वहाँ कि साफ-सफाई, समाज में एक दूसरे से प्रेम करना, शिक्षक द्वारा छात्र को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना अर्थात वह सभी काम जो देश हित में बेहतर हो वो हमें करना चाहिए, यह भी देश सेवा में ही शामिल है।कार्यक्रम के प्रायोजक मोंगिया स्टील लिमिटेड के चेयरमेन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया ने सभा को संबोधीत करते हुए कहा कि हम सबसे पहले उन जवानो को हदय से सैल्युट करते है जो देश की सेवा में अपने जान तक को निक्षावर करने के लिए तैयार रहते है दरअसल वही वास्तविक हीरो है। कहा कि जब इस प्रकार के कार्यक्रम से हम जुड़ते है तो निश्चित रुप से हमारे खुन की गर्मी बढती है और देश भक्ति की भावना आकाश छुने लगती है। उन्होने कहा कि वेटेरण ऑगेनाइजेशन ऑफ झारखण्ड एण्ड गिरिडीह फाईटींग ग्रुप ने हमे प्रायोजक के रुप में हमे जोड़ा है और ऐसे में हम अगर कुछ सम्मान अपने वीर जवानो को दे रहे है तो यह मेरे लिए काफी गर्व की बात है। उन्होने वहाँ उपस्थित सभी लोगो का कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जमा होने के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में कई स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्य रुप से मोंगिया स्कूल, गुरुनानक विधालय, किरण पब्लीक स्कूल, होली कास स्कूल एवं आईडीयल पब्लीक स्कूल द्वारा देश भक्ति से सराबोर एक से बढ कर एक नृत्य, ड्रामा एवं स्पीच दिए गए जो वहाँ उपस्थित लोगो को आंनदीत किया। सभा का संचालन वेटेरण ऑगेनाइजेशन ऑफ झारखण्ड एण्ड गिरिडीह शाखा और गिरिडीह फाईटिंग के अधयक्ष नवीन कांत सिंह ने किया कार्यक्रम में ऑगेनाइजेशन के महत्वपूर्ण पदाधीकारी मौजूद थे जिनमें सचिव अमित रंजन, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, शहरी क्षेत्र उपाध्यक्ष अजीत बरनवाल, संगठन मंत्री नानूराम राय, प्रीतम कुमार निराला, विजय वर्मा, नुनु लाल वर्मा, सुधीर कुमार, प्रयाग मंडल, संदीप, छोटू देव, दशरथ किस्कू, दिलीप शर्मा, आर० के० वर्मा, शिव शंकर शर्मा, विजेंद्र प्रसाद, बहादुर सिंह महावीर वर्मा कारगिल हीरो विजय कुमार वर्मा रामनारायण कुमार जगदीश प्रसाद अशोक कुमार शामिल थे।

## नर्सिंग एवं पारामेडिकल में निःशुल्क नामांकन सह प्रशिक्षण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य में युवा-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से "अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन", गोला रोड, बेली रोड, पटना द्वारा युवा युवतियों के लिए नागांकन एवं प्रशिक्षण में विशेष अवसर दिया जा रहा है, जिसमें अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, गोला रोड, बेली रोड, पटना के अन्तर्गत संचालित संस्थान अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना तथा अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालाब, डेहरी सासाराम रोड, रोहतास एवं ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन, चिंतामनपुर, दरौंधा, सिवान में पारामेडिकल एवं नर्सिंग के अन्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम में नामांकन एवं प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। आवेदन पत्र संस्थान के प्रधान कार्यालय, एआईएचई कैम्पस गोला रोड मोड़, बेली रोड, पटना तथा छितनावां, दानापुर, पटना में समर्पित किया जा सकता है। नर्सिंग के अन्तर्गत एएनएम, पारामेडिकल के अन्तर्गत डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन, डिप्लोमा इन ओटी, डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी, डिप्लोमा इन सेनेटरी इंसपेक्टर एवं सार्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर में नामांकन लिया जा सकता है। साथ ही विद्यार्थियों को यूजीसी के नये नियमावली के अन्तर्गत दो पाठ्यक्रम करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को प्रबंधन एवं अन्य प्रोफेशनल दक्षता हेतु पीजीडीएम, एमबीए एवं बैचलर इन मास कॉम्युनिकेशन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इच्छुक विद्यार्थी को होस्टल की सुविधा प्रदान किया जायेगा तथा नामांकित विद्यार्थियों को संस्थान के अपने हॉस्पिटल में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। संस्थान में प्रत्येक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 100 सीट निर्धारित है। संस्थान का पारामेडिकल एवं नर्सिंग स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार तथा स्टेट नर्सिंग काउन्सिल के साथ ही बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से मान्यता प्राप्त है।



# बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई की वार्षिक बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** संजय शर्मा को अध्यक्ष तथा धर्म प्रकाश को सचिव बनाया गया। वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के बीच मिठाई पैकेट का भी वितरण किया गया बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई का वार्षिक बैठक एलआईसी शाखा परिसर में संपन्न हुआ। इस बैठक में मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा और महासचिव जे सी मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संयुक्त सचिव सुशील कुमार सिंह रामायण गुप्ता सहायक सचिव सुबीर कुमार राम और सुदर्शन सिंह तथा कोषाध्यक्ष विजय कुमार चौबे, कुंदन सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। शाखा सचिव धर्म प्रकाश ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। प्रतिवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि भारत में आर्थिक असमानता ,महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्या बढी है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को तेजी से निजीकरण कर रही है जिसके कारण रोजगार सृजन में कमी आई है।फलस्वरुप देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। आईआरडीए और केंद्र सरकार के सौतेलेपन रवैया के बावजूद भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतिवर्ष प्रगति कर रहा है। पूर्व में ही केंद्र सरकार के द्वारा निगम का 3: 50 प्रतिशत शेयर बेची हैं, फिर से 6: 50 प्रतिशत बेचने की तैयारी कर रही है। जो देश और बीमा धारकों के हित में नहीं है। मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि देश में धार्मिक भावनाओं को उभार कर ध्रुवीकरण किया जा रहा हैं ताकि राजनीति में लाभ लिया जाय। मीडिया अपना मूल काम को छोड़कर सरकार का महिमा मंडित करने में व्यस्त हैं।

महासचिव जे सी मित्तल ने कहा कि देश की सुरक्षा सैनिक करते है उसी तरह हम बिमाकर्मी देश के लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं ' इंटरनेशनल कॉरपोरेट के दवाब में आर्थिक सुरक्षा खतरे में है। ऑपरेशन सिंदूर में अमेरिकी सरकार के हस्तक्षेप देश के संप्रभुता पर खतरा है। एल आई सी में पॉलिसियों की संख्या बढ़ रही हैं और कर्मचारियों की संख्या घट रही है। ऐसे में बेहतर ग्राहक सेवा के लिए वर्ग III और IV कर्मचारियों की नियुक्ति जल्द शुरू करना होगा कार्यक्रम के उपरांत गिरिडीह स्नेहदीप वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो के बीच मिठाई पैकेट का वितरण किया गया ' मिठाई पैकेट पाकर सभी काफी खुश थे। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा मंडलीय संगठन सचिव अनुराग मुर्मू सहायक सचिव प्रवीण कुमार हंसदा संयुक्त सचिव विजय कुमार तथा राजेश कुमार उपाध्याय कुमकुम वाला वर्मा उमानाथ झा विनय कुमार श्वेता रोशन कुमार राजेश कुमार विजय कुमार श्वेता कुमारी अंशु कुमारी सिंघानिया सबा परवीन नीतीश कुमार गुप्ता प्रीतम कुमार मेहता माहेश्वरी वर्मा संजय कुमार शर्मा नीरज कुमार सिंह संजय कुमार शर्मा प्रदीप कुमार प्रदीप प्रसाद विजय मंडल सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चिंतामनपुर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में की सराहनीय पहल

**पटना/चिंतामनपुर, दरौंधा, सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसेवा को समर्पित ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चिंतामनपुर, दरौंधा, सिवान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अभिनव और सराहनीय पहल करते हुए निःशुल्क ओपीडी सेवा प्रारंभ की है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज परामर्श के लिए पहुंच रहे हैं। इस निःशुल्क ओपीडी सेवा में रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है और साथ ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है। ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले रोगियों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है। प्रतिदिन ओपीडी में लग रही भीड़ यह दशार्ती है कि ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दरौंधा अब आमजन की पहली पसंद बनता जा रहा है। अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें योग्य




चिकित्सकों की टीम, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और समर्पित सेवा भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। रोगियों को सहज और सम्मानजनक सेवा देने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन ने दवाइयों के साथ-साथ जांच सेवाओं को भी क्रमशः निःशुल्क या अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है। यह पहल उस जनसमूह के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित रह जाते थे। इस पुनीत कार्य के पीछे ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के माननीय अध्यक्ष श्री कौशल कुमार गिरी जी की प्रेरणा और दूरदर्शी नेतृत्व की विशेष भूमिका रही है। श्री गिरी ने संस्थान के स्थापना काल से ही यह स्पष्ट कर दिया था कि ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल केवल चिकित्सा शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जनसेवा का एक सशक्त माध्यम होगा। उन्हीं के मार्गदर्शन में आज यह संस्थान स्वास्थ्य, सेवा और समर्पण का प्रतीक बन चुका है। यह सेवा पहल सिर्फ चिकित्सा नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का प्रयास है, जो समाज के वंचित वर्ग को भी गरिमामय और गुणवत्तापूर्ण इलाज का अधिकार सुनिश्चित करता है। ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का यह प्रयास निश्चित रूप से आने वाले समय में बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र को एक नई दिशा देगा। इस संस्थान का संचालन राज्य के लगभग तीन दशक से पुरानी एवं बिहार के अग्रणी संस्थान अंबेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## धनरूआ स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स शिक्षा, प्रशिक्षण और कैरियर निर्माण में एक मजबूत आधार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो कि बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल एवं स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, तथा फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज से संबद्ध है। यह संस्थान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और कैरियर निर्माण के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

**संस्थान में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कोर्सो में नामांकन प्रारंभ हो चुका है। उपलब्ध पाठ्यक्रमों में शामिल हैं:** एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी), जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, बीएचएम, बीपीटी, बीओसीटी, बीएमएलटी, सीएमडी, बी फार्मा, डीफार्मा, इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र चिकित्सा, नर्सिंग, लैब तकनीक, फामेर्सी एवं स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन करियर बना सकते हैं। संस्थान में आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी फैकल्टी, क्लिनिकल एक्सपोजर और प्लेसमेंट



सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर भी संस्थान द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस योजना से छात्र बिना आर्थिक बोझ के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रवेश कार्यालय का पता है: बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, खेमनीचक, न्यू बायपास रोड, पटना। अधिक जानकारी के लिए शीघ्र संपर्क करें और अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में पहला कदम बढ़ाएं। यह संस्थान डॉ. उमाशंकर (अध्यक्ष, हिमालय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना) के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिनका उद्देश्य है झ ग्रामीण और शहरी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराना।

## शहीदों को श्रद्धांजलि प्रदान की

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** कारगिल विजय दिवस इस बात का परिचायक है की किस प्रकार भारतीय सैनिकों ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों एवं दुर्गम पहाड़ियों पर भी देश के सम्मान की रक्षा एवं सुरक्षा में असाधारण साहस,धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए 527 सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान अपने मातृभूमि के लिए दे दिया मगर दुश्मनों को भारत का एक इंच जमीन लेने नहीं दिया। 26 वाँ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के एनसीसी कैडेट ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों को श्रद्धांजलि प्रदान किया। विद्यालय में स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर स-सम्मान पुष्प गुच्छ समर्पित कर शहीदों को नम आंखों से याद किया। देशभक्ति से भरा समूह नृत्य कैडेट अनुभूति और ग्रुप, समूह गान कैडेट नसीबा और ग्रुप ने किया।



## जेपीएससी में 15वां रैंक हासिल करने वाले राजीव रंजन को मिला सम्मान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्राम-कल्याणपुर, बरवाडा, धनबाद निवासी स्वर्गीय नाग ऋषि रमण के बड़े पुत्र राजीव रंजन को जेपीएससी परीक्षा में 15वां रैंक हासिल करने की खुशी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के गणमान्य व्यक्ति उनके निवास स्थान पहुंचे और उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता और मिठाई भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। वही जेपीएससी की परीक्षा में धैया निवासी, जयप्रकाश चौरसिया के पुत्र राहुल प्रकाश डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित किए गए। धैया निवासी जय प्रकाश चौरसिया के पुत्र राहुल प्रकाश ने जेपीएससी की परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित किए गए ' इस परीक्षा में इन्होंने 29 वां रैंक हासिल की है' ज्ञात हो की इनकी प्रारंभिक शिक्षा डीपीएस, धनबाद, एवं आईआईटी, मेसरा,रांची से कंप्यूटर साइंस से स्नातक की डिग्री प्राप्त की ' इन्होंने प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हुए इस सफलता को हासिल की है ' इनके सफलता पर आज पूरा परिवार एवं चौरसिया समाज गौरांवित हैं ' सम्मानित करने वालों में बलदेव महतो (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धनबाद जिला भाजपा; वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय तैलिक साहु महा सभा झारखंड; और अध्यक्ष, हरी कथा "एकल", संभाग - उत्तर झारखण्ड), भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर महतो, मुकेश महतो, दीपक महतो, गणेश महतो, माले के वरिष्ठ नेता गणेश चौरसिया, और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद शफीद्दीपुर अंसारी उर्फ नेपाली शामिल थे। सभी नेताओं ने राजीव रंजन से आग्रह किया कि वे झारखंड में जहां भी पदस्थापित हों, वहां के लोगों के उत्थान और सरकारी योजनाओं में मदद पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके प्रयासों से उनका और झारखंड राज्य दोनों का उत्थान होगा।



### बीएनएस डीएवी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी एन एस डी ए वी पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस बड़े ही उत्साह, जोश एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक, गिरिडीह मो. कौशर अली थे। विद्यालय में उनके आगमन पर विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।इसके पश्चात विद्यालय स्थित 'शहीद-ए-कारगिल स्मारक' पर मुख्य अतिथि मो. कौशर अली ने देश की आन बान शान का प्रतीक राष्ट्र ध्वज को फहराकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारत माता के अमर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। और अपने संबोधन में कहा कि 'कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य और पराक्रम का दिवस है।

## सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में सामाजिक विज्ञानं गणित व अंग्रेजी विषयों की प्रदर्शनी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंजामिन फ्रेंक्लिन ने एक बहुत अच्छी बात कही हैं मुझे बताओ तो मैं भूल जाऊंगा, मुझे सिखाओ तो मैं याद रखूंगा, मुझे शामिल करो तो मैं सीखूंगा। बेनजमीन फ्रेंक्लिन की महत्वपूर्ण सीख जिसे हम अनुभवात्मक शिक्षा कहते हैं सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा पद्धिति हैं। इसी पद्धिति पर आधारित शनिवार को विद्यालय में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान, गणित और अंग्रेजी के मॉडल की प्रदर्शनी में भाग लिया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएं ने अपनी अपनी समझ के अनुसार इन विषयों से संबंधित एक से बढ़कर एक मॉडल को प्रदर्शित किया जिसे अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन साथ की गयी, जिसमे मुख्य अतिथि स्कॉलर बीएड कॉलेज की एचओडी हरदीप कौर, विद्यालय की निर्देशक रमनप्रीत कौर, प्राचार्या ममता शर्मा, उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला और सीनियर एडमिन्स्ट्रिेटर रूपा मुद्रा रही। इस बहुआयामी प्रदर्शनी में 85 मॉडल्स प्रदर्शित किये गए, जिसमे विद्यार्थी के ज्ञान के साथ साथ अद्भुत रचनात्मकता देखने को मिली। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित किए गए सभी मॉडल्स का अवलोकन किया एवं रचनात्मकता के आधार पर उन्हे अंक दिए। विद्यालय में आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अवसर थी जिसमे विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों के बारे में अपनी रचनात्मकता के आधार पर समस्या-समाधान कौशल दिखाने का अवसर मिला। बात करें सामाजिक विज्ञान की तो इस प्रदर्शनी में, छात्र छात्राओं ने सिंधु घाटी सभ्यता का नगर योजना , वेदों एवं उनकी शिक्षाओं की प्रतिलिपि, प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का योगदान और उसकी संरचना तथा नष्ट किये गए प्रतिलिपियों के अवशेष, गंगा एक्शन प्लान , भूगर्भीय संरचना विभिन्न ऐतिहासिक घटनाएं और संस्कृतियों के बारे में मॉडल और प्रस्तुतियों के माध्यम से जानकारी साझा की । इससे विद्यार्थियों को इतिहास, भूगोल, जैसे विषयों को समझने और दूसरों को समझाने में काफी मदद मिली। वहीँ गणित प्रदर्शनी में, छात्र -छात्राओं ने ज्यामितीय पार्क, त्रिकोणमिति पार्क, पाय्थोगोरेम थ्योरम, स्क्वायर, सर्किल, फ्रैक्शन, मल्टीपल्स इत्यादि को प्रदर्शित किया। इस श्रेणी में गणितीय अवधारणाओं, सूत्रों और समस्याओं को दशार्ने वाले मॉडल प्रदर्शित किए गए। वहीं अंग्रेजी प्रदर्शनी में, छात्र अंग्रेजी भाषा, में प्रपोजिशन, कन्जेक्शन, एडजेक्टिव, वर्ड वाल, मोडाल्स, डेटर्मिनेर्स से संबंधित विभिन्न मॉडलों को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत किया गए मॉडल्स के लिए विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने सभी प्रशंसा की एवं उनकी रचनात्मकता का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। मंच का संचालन चंद्रमल्लिका घोष ने किया।



# भीषण गर्मी बिगाड़ रही बजट

## 2024 में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़े प्याज-आलू के दाम; बढ़ेगी आर्थिक असमानता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन और भीषण गर्मी के कारण भारत में बीते साल खाद्य कीमतों में बेतहाशा उछाल देखा गया।खास तौर पर प्याज और आलू की कीमतों में 2024 की दूसरी तिमाही में 80 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया। यह खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में हुआ है, जिसका नेतृत्व बार्सिलोना सुपरकंप्यूटिंग सेंटर के मैक्सिमिलियन कोट्ज ने किया हैं।

अध्ययन में यूरोपीय सेंट्रल बैंक, पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च और यूके के फूड फाउंडेशन के विशेषज्ञ भी शामिल थे। इसमें 2022 से 2024 के बीच 18 देशों में जलवायु से जुड़ी 16 खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर असर का विश्लेषण किया



गया। इसमें पाया गया कि इनमें से कई घटनाएं 2020 से पहले के सभी ऐतिहासिक उदाहरणों से कहीं ज्यादा थीं और ग्लोबल वार्मिंग से काफी प्रभावित थीं। विशेषज्ञों ने बताया कि भारत में मई में आई भीषण गर्मी ने फसलों की पैदावार और आपूर्ति श्रृंखलाओं को बुरी तरह प्रभावित किया।इससे सब्जियों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। प्याज और आलू के दाम 80 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए।अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में ऐसे उतार-चढ़ाव से कुपोषण बढ़ सकता है।

### दाम बढ़ने से कम आय वाले परिवार प्रभावित

कोट्ज ने कहा, खाने-पीने की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का खाद्य सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है ।खासकर कम आय वाले परिवारों पर। खाद्य पदार्थों की कीमतें जब बढ़ती हैं, तो कम आय वाले परिवारों को अक्सर कम पौष्टिक और सस्ती खाद्य वस्तुओं का सहारा लेना पड़ता है। इस तरह के आहार कैंसर, मधुमेह और हृदय रोग जैसी कई स्वास्थ्य स्थितियों से जुड़े हुए हैं।

**उच्च महंगाई से चुनाव नतीजों पर भी असर–** शोधकर्ताओं ने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें मुख्य महंगाई को भी बढ़ा सकती हैं ।इससे केंद्रीय बैंकों के लिए मूल्य स्थिरता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है ।खासकर विकासशील देशों में जहां घरेलू बजट में खाद्य उत्पादों का बड़ा हिस्सा होता है। यही नहीं, उच्च महंगाईचुनाव परिणामों को सीधे प्रभावित कर सकती हैं। लोकलुभावन दलों के लिए समर्थन बढ़ा सकती हैं।

# आरबीआई के आंकड़े: बैंक जमा दोगुना बढ़कर हुआ 3.79 लाख करोड़

## डिजिटल लेन-देन के बाद भी देश में नकदी की कमी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल चलन में तेजी के बावजूद देश के पास लबालब नकदी है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के मुताबिक, कर्ज देने और वास्तविक दोनों अर्थव्यवस्था में यह नकदी है। बैंकों के चालू और बचत खातों में जमा राशि जून के अंत तक दोगुनी से ज्यादा बढ़कर 3.79 लाख करोड़ रुपये हो गई।



आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ बैंक ही नहीं, लोगों के पास भी भरपूर नकदी है। जनता के पास मौजूद 31,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 91,000 करोड़ रुपये की नकदी हो गई है। यह वृद्धि नीतिगत उपायों के प्रभाव के कारण हुई है। केंद्रीय बैंक ने नकदी को आसान बनाने के लिए उपाय किए थे। ग्रामीण गतिविधियों में तेजी मुख्य रूप से नकदी पर आधारित है। साथ ही कर में रियायत भी इस नकदी का एक प्रमुख कारण है। नकदी की यह बहार ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बढ़ती गतिविधियों से ज्यादा जुड़ी है। यह ग्रामीण खपत में वृद्धि के साथ मेल खाती है। इससे पता चलता है कि गांवों में आर्थिक गतिविधियों में मजबूत सुधार हो रहा है। जमा में बढ़ोतरी आरबीआई की ओर से खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद के जरिये पर्याप्त तरलता प्रवाह को दर्शाती है।

### कई कारकों से नकदी में हो रही है वृद्धि

नकदी की इस वृद्धि को कई कारकों से बल मिला है। इनमें बेहतर कृषि उत्पादन, मनरेगा जैसी रोजगार योजनाओं से मिलने वाली उच्च मजदूरी और जन धन खातों में सीधे दी जाने वाली सरकारी सब्सिडी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, जरूरी वस्तुओं की कीमतों में कमी से ग्रामीण खरीद शक्ति बढ़ी है। इससे नकदी प्रवाह और खपत में वृद्धि हुई है। ग्रामीण भारत में नकदी का उपयोग अभी भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। हालांकि, यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान भी अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं।

## अनिल अंबानी की अगुवाई वाली 2 कंपनियों के शेयरों का भाव लुढ़का

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिन गिरावट देखने को मिली थी। रिलायंस पावर के शेयर 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 56.72 रुपये के लेवल पर बंद हुआ



था। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर भी 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 342.05 रुपये के लेवल पर आ गया था। बता दें, हालिया गिरावट के बाद भी रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में क्रमशः 54.47ब्र और 37.01 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

**ईडी के रेड के बाद लुढ़के शेयर–** अनिल अगुवाई वाली इन कंपनियों के शेयरों का भाव ईडी के रेड के बाद देखने को मिला है। अनिल धीरू भाई अंबानी ग्रुप ने दिए जवाब में कहा ईडी के एक्शन का खंडन किया है। समूह ने बताया है कि यह जांच आठ साल पहले हुए यस बैंक और रिलायंस होम फाइनेंस से जुड़ा लेने-देन से जुड़ा था। ग्रुप ने दिए बयान में कहा, यस बैंक के प्रमोटर्स की कुछ कंपनियों के द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड को लोन दिया गया था। यह लोन सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए दिया गया था। यह लोन पूरी तरह से सिक्योर्ड थे। साथ ही इसे ब्याज सहित पूरी तरह से चुका दिया गया है। और बकाया राशि भी जीरो हो गई

## दूसरी बार हो रहा है कंपनी के शेयरों का बंटवारा, रिकॉर्ड डेट का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा फिर से होने जा रहा है। कंपनी ने एक्सचेंज को इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने एक्सचेंज को स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। जोकि अगले महीने है।

**कब है रिकॉर्ड डेट–**एक्सचेंज को दी जानकारी में देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने बताया है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को बंटवारा किया जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। बता दें,



इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 21 अगस्त 2025 तय हुई है। यानी इस दिन शेयरों का बंटवारा हो जाएगा।

**2022 में कंपनी के शेयरों का बंटवारा हुआ था–** इससे पहले कंपनी ने 2022 में शेयरों का बंटवारा किया था। तब कंपनी के शेयरों को 2 हिस्सों में बांटा गया था। जिसके बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 5 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। बता दें, कंपनी आखिरी बार निवेशकों को 2024 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा–** शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर 1.21 प्रतिशत की गिरावट के बाद 114.25 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 6.33 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, 6 महीने से होल्ड करने वाले निवेशकों को 27 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 20 प्रतिशत टूट चुका है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 191 रुपये है।

### अमेरिका-ओमान तक पहुंची स्टील की सड़क की भारतीय तकनीक

# 2 ट्रिलियन के बाजार में 1 करोड़ जॉब्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) की स्टील स्लैग तकनीक से बनाई जाने वाली सड़क का फार्मूला, अब अमेरिका के शिकागो व ओमान तक जा पहुंचा है। इन देशों में भारत के उक्त संस्थानों द्वारा बनाई गई तकनीक से स्टील स्लैग रोड बनाए जा रहे हैं। सीआरआरआई के मुख्य वैज्ञानिक सतीश पांडे ने बताया, स्टील स्लैग रोड तकनीक भारत के सड़क अवसंरचना क्षेत्र के लिए एक गेम चेंजर है। इससे भारत की सर्कुलर इकॉनॉमी की दिशा को गति मिलेगी। सतीश पांडे के मुताबिक, इसके माध्यम से वर्ष 2050 तक 2 ट्रिलियन से अधिक का बाजार खड़ा होने की संभावना है। ऐसे में लगभग एक करोड़ नौकरियां उत्पन्न हो सकती हैं।




**देश में प्रतिवर्ष 19 मिलियन टन से अधिक स्टील स्लैग होता है उत्पन्न–** देश में प्रतिवर्ष 19 मिलियन टन से अधिक स्टील स्लैग उत्पन्न होता है। बिना प्रोसेस किए स्लैग का उपयोग इस पर आधारित निर्माण सामग्री की यांत्रिक गुणवत्ता और दीर्घकालिक स्थिरता को खतरे में डालता है।

- **इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में वेस्ट-टू-वेल्थ की संभावना होगी पैदा–** एएम/एनएस इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारी, रंजन धर के अनुसार, यह तकनीक सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में वेस्ट-टू-वेल्थ की संभावनाओं का सफलतापूर्वक अनलॉक होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत देश की अग्रणी वैज्ञानिक संस्था से प्राप्त यह लाइसेंस, सर्कुलर इकॉनॉमी और भारत के नेट-ज़ीरो लक्ष्य की दिशा में कंपनी के नेतृत्व को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। व्यापक उपयोग के साथ यह तकनीक प्राकृतिक एग्रीगेट्स को प्रतिस्थापित करने की क्षमता रखती है, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा और प्राकृतिक संसाधनों पर बोझ भी घटेगा।

### मौजूदा समय में प्रतिवर्ष 1.2 बिलियन एग्रीगेट की खपत हो रही है

मुख्य वैज्ञानिक सतीश पांडे ने शुक्रवार को बताया कि किसी भी सड़क के निर्माण में मुख्य सामग्री नेचुरल एग्रीगेट होता है। मौजूदा समय में प्रतिवर्ष 1.2 बिलियन एग्रीगेट की खपत हो रही है। आने वाले समय में इस एग्रीगेट की खपत बहुत तेजी से बढ़ेगी। इससे पर्यावरण को भी नुकसान होता है, क्योंकि इसके लिए कहीं तो माइनिंग करनी ही पड़ेगी। स्टील स्लैग रोड तकनीक से पर्यावरण को बचाया जा सकता है। किसी भी सड़क के निर्माण में 95 प्रतिशत मात्रा, एग्रीगेट यानी रोड़ी बजरी की होती है। ऊपर की परत, जिसका हिस्सा केवल पांच फीसदी रहता है, उसमें सीमेंट/बिटुमिनस रहता है। वैज्ञानिक रूप से प्रोसेस की गई स्टील स्लैग रोड, पारंपरिक निर्माण सामग्री की तुलना में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। स्टील स्लैग रोड सामान्यतः 30 से 40 प्रतिशत अधिक लागत प्रभावी होती है। इसके अलावा पारंपरिक बिटुमिनस रोड की तुलना में तीन गुणा अधिक मजबूत होती है। पारंपरिक बिटुमिनस रोड, बहुत जल्द टूट जाती है। चार पांच वर्ष में तो इसकी लेयर बदलनी ही पड़ती है। अगर पानी ज्यादा समय तक खड़ा रहे तो सड़क टूट जाती है। दूसरी ओर, स्टील स्लैग रोड, पारंपरिक बिटुमिनस रोड से तीन गुणा अधिक चलती है।

## सुजलॉन एनर्जी के शेयर में लगातार आ रही गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट देखी गई। यह करीब 3 प्रतिशत गिरकर 63.63 रुपये पर बंद हुआ। इस शेयर को लेकर एक्सपर्ट की अलग-अलग राय है। आइए जान लेते हैं कि शेयर का लेटेस्ट टारगेट प्राइस क्या है।

### क्या है टारगेट प्राइस

बिजनेस टुडे की खबर में बोनान्जा के द्रुमिल विठलानी ने कहा- मई के अंतिम सप्ताह में सुजलॉन ने साप्ताहिक चार्ट पर एक ब्रेकआउट दिया, जो औसत से अधिक वॉल्यूम के साथ एक मजबूत तेजी के रुझान का संकेत देता है। जून में शेयर में कुछ




मुनाफावसूली देखी गई और इसका प्रतिरोध 74 रुपये पर है। शेयर को मौजूदा स्तरों पर रखा जा सकता है, जब तक कि यह 61 रुपये से ऊपर बना रहता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के रिटेल रिसर्च के रवि सिंह ने कहा कि यह शेयर तकनीकी रूप से कमजोर दिख रहा है और 62 रुपये के स्तर तक गिर सकता है, जिसका तत्काल प्रतिरोध 68 रुपये पर है। वहीं, आनंद राठी के जिगर एस पटेल ने कहा कि 62 रुपये पर समर्थन और 68 रुपये पर तत्काल प्रतिरोध देखा जा सकता है। निकट भविष्य में ट्रेडिंग रेंज 62 रुपये और 68 रुपये के बीच रह सकती है।

### सुजलॉन को लेकर अपडेट

बता दें कि सुजलॉन एनर्जी ने हाल ही में शेयर बाजारों को सूचित किया कि मद्रास उच्च न्यायालय ने 21 जुलाई के एक आदेश में सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के संयुक्त आयुक्त के पूर्व के निर्देश को रद्द कर दिया है। इसमें वित्त वर्ष 20-21 से वित्त वर्ष 22 के लिए जीएसटी फाइलिंग में अत्यधिक या अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट का आरोप लगाया गया था। बता दें कि सुजलॉन एनर्जी एक अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता है, जो मुख्य रूप से पवन टर्बाइनों के निर्माण में लगी हुई है। जून

# विनिर्माण में 17.5 साल की रफ्तार

## पीएमआई 59.2 पर; महंगाई-रोजगार की चुनौती बनी चिंता का विषय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की विनिर्माण गतिविधियां जुलाई में 17.5 वर्ष के शीर्ष पर पहुंच गई हैं। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई जून में 58.4 पर था। दरअसल, यह उछाल, मज़बूत घरेलू और वैश्विक मांग के कारण विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि का संकेत देता है।

विनिर्माण और सेवा दोनों का पीएमआई 60.7 पर पहुंच गया, जो एक साल से भी अधिक समय में सबसे तेज उछाल है। यह मांग में तेजी, तकनीकी निवेश और विस्तारित क्षमताओं के कारण संभव हुआ है। रोजगार में विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में, मजबूत वृद्धि हुई है। यह दर्शाता है कि भारत के विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ स्वस्थ रोजगार सृजन भी हो रहा है।

### अगले 12 महीनें में उत्पादन वृद्धि में आशावादी

भारतीय कंपनियां अगले 12 महीने में उत्पादन वृद्धि के बारे में आशावादी बनी रहीं। कंपनियों का कहना है कि बढ़ती मांग, प्रौद्योगिकी में निवेश और विस्तारित क्षमताओं के कारण वृद्धि हो रही है। पीएमआई आंकड़ों से पता चला है कि भारत में वस्तु उत्पादकों ने सेवा प्रदाताओं की तुलना में उत्पादन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है। इनकी वृद्धि की गति अप्रैल, 2024 के बाद से सबसे मजबूत हो गई है।

**सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में मामूली नरमी–** जुलाई के दौरान सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में थोड़ी नरमी देखी गई। हालांकि ऐतिहासिक मानकों के अनुसार वृद्धि दर तेज रही। निजी क्षेत्र के परिचालन में सुधार जारी रहा। कुल बिक्री, निर्यात ऑर्डर और उत्पादन स्तर में तेज वृद्धि दिखाई दी। हालांकि कारोबारी विश्वास सकारात्मक बना रहा, लेकिन कुछ प्रतिस्पर्धा और महंगाई के दबाव को लेकर चिंतित होने के कारण यह लगभग ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया।

## अपने कारोबार में 20000 करोड़ लगाएगी आईटीसी लिमिटेड, तगड़ा है फ्यूचर प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिगरेट से होटल तक के कारोबार से जुड़ी आईटीसी लिमिटेड का फ्यूचर प्लान बेहद जबरदस्त है। दरअसल, यह समूह अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी मैन्युफैक्चरिंग उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्यम अवधि में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन संजीव पुरी ने वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी।

**क्या है पूरा प्लान–** संजीव पुरी ने कहा- भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं से उत्साहित होकर हमने हाल के दिनों में करीब 4,500 करोड़ रुपये के व्यय के साथ आठ विश्व स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज में निवेश किया है। पुरी ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा कि आईटीसी की योजना मध्यम अवधि में विभिन्न व्यवसायों में 20,000 करोड़ रुपये निवेश करने की है। बता दें कि उन्होंने 2024 की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के भाषण में इस निवेश योजना की घोषणा की थी। यह निवेश दैनिक उपभोग की वस्तुओं के जुड़े क्षेत्र, पैकेजिंग और अन्य क्षेत्रों में हो सकता है। पुरी ने कहा कि कंपनी अपनी भारत पहले रणनीति को प्राथमिकता देगी। विदेशों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने से पहले घरेलू उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# 5 साल में 10 गुना बढ़ा टाटा संस का मुनाफा

## ग्रुप की इस लिस्टेड कंपनी को सबसे ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की प्रमुख निवेश होल्डिंग कंपनी टाटा संस का नेट प्रॉफिट पिछले पांच वर्षों में लगभग दस गुना बढ़ गया है। इस कंपनी का प्रॉफिट बढ़कर 2024-25 में 26,232 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा संस की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 में 2,680 करोड़ रुपये का प्रॉफिट दर्ज किया था। कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2019-20 में 24,896 करोड़ रुपये से डेढ़ गुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 38,835 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की कुल संपत्ति भी तुलनात्मक अवधि में 45,586 करोड़ रुपये से लगभग साढ़े तीन गुना होकर 1,49,680 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### टाटा मोटर्स को सबसे ज्यादा कमाई

टाटा संस की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार टाटा समूह का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 15,34,341 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2019-20 में यह 7,89,057 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी टाटा मोटर्स ने 2024-25 में 4,45,939 करोड़ रुपये के साथ समूह में सबसे अधिक राजस्व अर्जित किया। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टाटा स्टील क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### संजय कपूर के बाद

# 30000 करोड़ के साम्राज्य के उत्तराधिकारी पर विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति संजय कपूर की पत्नी प्रिया सचदेव कपूर अब 30 हजार करोड़ रुपये के कारोबारी साम्राज्य को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। संजय कपूर की मां रानी कपूर ने शुक्रवार को जब कंपनी की सालाना बैठक से पहले बोर्ड को एक पत्र लिखा तो सबका ध्यान प्रिया पर गया। रानी कपूर ने बताया कि सोना समूह के अधिकांश शेयरों में उनकी हिस्सेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे की मौत के बाद उन्हें कुछ दस्तावेजों पर बिना जानकारी के हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने अपने पत्र में कुछ लोगों (संभवतः प्रिया) पर परिवार की ओर से झूठा प्रतिनिधित्व करने का आरोप लगाया।

### प्रिया सचदेव कपूर कौन हैं

प्रिया का जन्म दिल्ली के एक कारोबारी परिवार में हुआ। उनके पिता अशोक





सचदेव एक ऑटोमोबाइल डीलर हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) से गणित और व्यापार प्रबंधन की पढ़ाई की और यूसीएलए में भी कुछ समय पढ़ाई की। शुरुआत में प्रिया ने मॉडलिंग से सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने 2005 की बॉलीवुड फिल्म नील एन निक्की में एक छोटा सा रोल भी किया। उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, वह इस समय सोना कॉमस्टार में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं और कपूर परिवार की निवेश कंपनी ऑरियस इंवेस्टमेंट की निदेशक हैं।

- **क्रेडिट सुइस फर्स्ट् बॉस्टन से की पेशेवर करियर की शुरुआत–** उन्होंने पेशेवर करियर की शुरुआत लंदन में क्रेडिट सुइस फर्स्ट् बॉस्टन के मर्जर एंड एक्विजिशन डिवीजन से की। इसके बाद भारत लौटकर उन्होंने ऑटोमोबाइल रिटेल, इंश्योरेंस, फैशन और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में काम किया। बाद में उन्होंने टीएसजी इंटरनेशनल मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी शुरू की और रॉक एन शॉप नाम के लग्जरी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की सह-संस्थापक रहीं।

### अमेरिकी होटल कारोबारी से हुई थी पहली शादी

प्रिया की निजी जिंदगी भी सुर्खियों में रही है। उनकी पहली शादी अमेरिकी होटल कारोबारी विक्रम चटवाल से हुई थी। यह रिश्ता शुरुआत में अच्छा चल रहा था, लेकिन 2025 के मई महीने में एक इंटरव्यू में प्रिया ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान ही उन्हें इस रिश्ते की सच्चाई समझ आ गई थी। उन्होंने बताया कि 15 से 20 हफ्तों की गर्भावस्था के दौरान उन्हें अहसास हुआ कि यह रिश्ता वैसा नहीं है जैसा उन्होंने सोचा था। प्रिया के मुताबिक, उन्होंने अपनी होने वाले बच्चे की भलाई के लिए इस रिश्ते को बचाने की कोशिश की, लेकिन पांच साल बाद अलग होने का फैसला लिया। बच्चे की कस्टडी को लेकर लंबा मुकदमा चला जिसके बाद 2011 में उनका तलाक हुआ।

temp 9_page 12 29.05.2025.qxd 26-07-2025 21:37 Page 1



# शिक्षक की प्रताड़ना से आहत छात्रा ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात कक्षा आठवीं की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा के परिजनों ने गांव के स्कूल के शिक्षक सत्येंद्र यादव पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। परिजनों ने बताया कि स्कूल का शिक्षक सत्येंद्र यादव उस पर गलत नीयत रखता था और कई तरह से उसे प्रताड़ित करता था। उसके साथ गलत हरकत करता था। प्रताड़ना से छात्रा ने काफी परेशान थी।

इस घटना के बाद गांव में तनाव है और शनिवार को बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच कर ग्रामीण हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची।

आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका की मां का आरोप है कि स्कूल के पारा शिक्षक सत्येंद्र यादव उनकी बेटी को गलत तरीके से छूता था और गलत शब्दों का प्रयोग करता था। इससे छात्रा काफी आहत थी।

इसी कारण उसने यह कदम उठाया है। मां के बताया कि शिक्षक की प्रताड़ना के कारण बेटी दो-तीन दिनों से अपसेट चल रही थी। वह ट्यूशन भी नहीं जा रही थी। उसने इसकी जानकारी मुझे दी थी।



बेटी 900 रुपए लेकर स्कूल गई थी तो टीचर ने गलत तरीके से पैसे के बारे में पूछा था। शुक्रवार को मैं स्कूल पहुंची और शिक्षक से इस संबंध में बात की तो उसने मेरे साथ भी गाली-गलौच की।

शाम में वापस घर गई तो पाया कि बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गांव वालों ने पूरे मामले की गहनता से जांच कर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# झाड़ी में फेंकी नवजात मिली, समाजसेवी ने बचायी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक नवजात बच्ची को एक कलयुगी मां और उसके परिजनों ने मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दिया था। लेकिन ऊपर वाले को शायद कुछ और ही मंजूर था।बच्चे की जोर-जोर से रोने की आवाज ने उसकी जान बचा दी। अब यह बच्ची चक्रधरपुर के समाजसेवी सिकंदर जामुदा के पास सुरक्षित अवस्था में रखी गयी है। घटना पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड के कियापता गांव की है। यहां एक नवजात बच्ची के झाड़ियों में मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि इस बच्ची को जन्म लिए अभी चंद घंटे भी नहीं गुजरे होंगे की इस बच्ची को उसके कलयुगी माता-पिता ने घर से बेदखल कर दिया।शायद यह बच्ची लड़की होकर पैदा होने का दंश झेल रही है। तभी उसे पैदा होते ही झाड़ियां नसीब हुई है। जो ना तो कुछ बोल सकती थी, ना चल फिर सकती थी, ऐसे लाचार बेबस जान को पैदा करने वालों ने ही दुनिया में लाकर अमानवीय क्रूरता से सामना करा दिया। लेकिन वह कहते हैं ना, मारने वाले से बड़ा बचाने वाला होता है। इस बच्ची के लिए भी कियापता गांव वाले देवदूत बनकर आये और उसकी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार कियापता गांव के जंगल झाड़ियां के बीच शनिवार सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए जा रहे थे। तभी ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच से किसी बच्चे की जोर-जोर से रोने की आवाज सुनी। बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीण आवाज की ओर भागने लगे। पास जाकर देखा तो एक नवजात शिशु झाड़ियों के बीच अकेला असुरक्षित बेहाल अनाथ अवस्था में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने आसपास नवजात शिशु के परिजन की खोज में आवाज लगाई। लेकिन कोई भी नवजात शिशु के परिजन के रूप सामने नहीं आए। नवजात बच्चे की जांच पर पता चला की वह लड़की है। इसके बाद यह समझते देर नहीं लगी कि नवजात शिशु को पैदा होने के बाद उसे कलयुगी मां बाप झाड़ियों में फेंक कर, बच्ची को मरता छोड़ भाग गए हैं।

# घर में घुसकर महिला पर पेट्रोल अटैक, इलाजरत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के टेंडर सरना टोली के एक घर में जबरन घुसकर युवक ने 21 वषीर्या सलोनी राय के चेहरे पर पेट्रोल फेंक दिया। रांची स्थित एक निजी कश्यप आई हास्पिटल में उसे भर्ती कराया गया है। इलाज कर रही डाक्टर भारती कश्यप ने बताया कि पेट्रोल आंख में जाने से आंखों की कार्निया डैमेज हुई है। इसमें बाईं आंख को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। उनकी टीम आंखों का इलाज कर रही है।

उन्होंने बताया कि अगर यह मामला एसिड का होता तो आंखों को बचा पाना मुश्किल था। लेकिन पेट्रोल की वजह से आंखों के कार्निया का ऊपरी सतह ही डैमेज हुई है जो धीरे-धीरे ठीक हो जाएगी और उसे देखने में कोई परेशानी नहीं होगी।

घटना शनिवार दोपहर 1:00 बजे की है। सलोनी अपने घर में आराम कर रही थी, तभी एक युवक जबरन घर में प्रवेश कर गया और घटना को अंजाम देने के बाद भाग गया।

घटना के पीछे पार्किंग को लेकर विवाद बताया जा रहा है। सलोनी का होने वाला पति पार्किंग का ठेका लेता है। इसे लेकर विवाद हुआ था। इसी को लेकर युवक ने उसकी होने वाली पत्नी पर पेट्रोल फेंक दिया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एकतरफा प्यार का परिणाम है जिसमें सलोनी को घायल किया गया। युवती की कुछ ही दिनों में शादी होने वाली है।

इस घटना के बाद परिवार वालों ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

युवती पर जब पेट्रोल फेंका गया तो सबों लगा कि तेजाब फेंका गया है। बताया गया कि जिस अंदाज में बोतल में पेट्रोल लाया गया था उससे यह आशंका हो रही थी कि कहीं यह तेजाब तो नहीं। जब डाक्टरों ने पीड़िता को देखा तो स्पष्ट हुआ कि यह पेट्रोल है। अभी पीड़िता का इलाज चल रहा है और डाक्टरों का कहना है की उसे देखने में समस्या नहीं आएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लगातार हो रही बारिश से उफनाए नदी-नाले

## डीसी ने की लोगों से सावधानी बरतने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा तथा मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा की संभावना व्यक्त किए जाने के परिप्रेक्ष्य में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा आम नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

जिला उपायुक्त ने कहा कि लगातार वर्षा के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नदियों, तालाबों, डोभा, जलाशयों एवं नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों विशेषकर बच्चों को इन जल स्रोतों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि भारी वर्षा के कारण सड़क अवरुद्ध होने, कच्चे एवं जर्जर मकानों के गिरने, वज्रपात, जलजमाव एवं फसलों को क्षति पहुंचने की संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त खेतों में कार्यरत कृषकों एवं खुले में विचरण कर रहे मवेशियों को भी वज्रपात से खतरा बना रहता है।

ऐसी स्थिति में अत्यधिक सावधानी अपनाना नितांत आवश्यक है। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार है। जलजमाव की स्थिति वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को तालाब, डोभा, जलाशय, नदी-नालों अथवा जलजमाव वाले क्षेत्रों की ओर न जाने दें तथा उन्हें सुरक्षित रखें। विशेष परिस्थिति को छोड़कर घरों से बाहर न निकलें। खराब मौसम के दौरान अनावश्यक आवाजाही से बचें एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# गरजा प्रशासन का बुलडोजर

- 40 स्थाई व अस्थाई मकानों एवं दुकानों को किया ध्वस्त
- डिवाइडर के दोनों ओर हटेगा अतिक्रमण, जमकर विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा।** निरसा में एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर सीओ रमेश रविदास व एनएचएआई के अधिकारी निगम बेहरा के नेतृत्व में निरसा में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। करीब 40 स्थाई व अस्थाई मकानों व दुकानों को तोड़ा गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाने का जमकर विरोध किया। मगर अभियान में शामिल भारी संख्या में पुलिस के आने लोगों की एक न चली। दोपहर करीब 12 बजे से निरसा बाजार स्थित काली मंदिर से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ, जो शाम लगभग 4:45 बजे तक तुलसी साव के आवास तक चला। दिल्ली-कोलकाता सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान निरसा काली मंदिर, हटिया मोड़, गुरुद्वारा, कब्रिस्तान के समझ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नोकझोंक हुई। मगर अधिकारियों व पुलिस ने संयम का परिचय देते हुए सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया।

एनएचएआई के अधिकारी निगम बेहरा ने बताया कि एनएच टू के बीच के डिवाइडर के दोनों ओर 23 मीटर के अंदर अतिक्रमण किए गए जगहों को खाली कराया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने का यह अभियान निरसा में तीन दिनों तक चलेगा।

इस दौरान जिन्होंने भी एनएचएआई के जगह को अतिक्रमण कर रखा है वह स्वेच्छा से खाली कर दें, वरना बलपूर्वक उन्हें हटाया जाएगा। जो



लोग ज्यादा अति करेंगे उनपर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने जिनके अतिक्रमित जमीन को खाली कराया, वे लोग स्वयं ही दूसरे के अतिक्रमण किए गए जगह की जानकारी देकर तुड़वाने में ज्यादा सक्रिय दिखे। इसके कारण प्रशासनिक अधिकारियों का काम और आसान हो गया।

वहीं, कुछ लोगों की शिकायत थी कि अभियान में शामिल अधिकारी कुछ खास लोगों को अतिक्रमण हटाने में रियायत दे रहे हैं। कुछ लोगों की दुकानों एवं अतिक्रमण किए गए जगह को छोड़ दिया गया है। यह ठीक नहीं है। इधर अतिक्रमण हटाए जाने से कई लोगों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

इस संबंध में सीओ रमेश रविदास ने कहा कि जिनकी जमीनों के पैसे का भुगतान एनएचएआई द्वारा कर दिया गया है। परंतु उन्होंने जगह खाली नहीं की है। उनकी जगह को खाली कराया जा रहा है। जिनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है तथा जिनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है वैसे लोगों को तत्काल राहत दी गई है।

# पेंशनभोगियों को अब नहीं लगाना होगा दफ्तरों का चक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशनभोगियों के लिए यह एक बड़ी और राहत भरी खबर है। अब इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ ले रहे लोगों को अपना सालाना जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों या प्रज्ञा केंद्रों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

जिला प्रशासन ने एक ऐसी व्यवस्था शुरू की है, जिससे कोई भी लाभार्थी घर बैठे अपने अल्ल१ङ्कि मोबाइल फोन से ही कुछ ही मिनटों में यह जरूरी प्रमाण पत्र बना सकता है। आपके मोबाइल फोन में अल्ल१ङ्कि का 10.0 या उससे नया संस्करण होना जरूरी है। साफ तस्वीर के लिए 13 मेगापिक्सल या उससे अधिक क्षमता वाला कैमरा और प्रक्रिया के दौरान चालू इंटरनेट कनेक्शन भी अनिवार्य है।

जीवन प्रमाण पत्र बनाने की यह प्रक्रिया शुरू करने से पहले आपको अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से दो सरकारी एप डाउनलोड करने होंगे। पहला ऐप आधार फेसआरडी है, जो आधार कार्ड बनाने वाली संस्था का है। यह ऐप चेहरे को स्कैन करके आपकी पहचान की पुष्टि करता है। दूसरा और मुख्य एप बेनीफिसियरी सत्यापन अप्लीकेशंस है, जिस पर जीवन प्रमाण पत्र बनाने का सारा काम होगा। यह दोनों ऐप इंस्टाल करना अनिवार्य है।

दोनों ऐप डाउनलोड करने के बाद बेनिफिशयरी सत्यापन एप को खोलें। सबसे पहले आपको अपना और अपने डिवाइस का रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करें, जिसके बाद आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी डालने के बाद रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाएगा।

अब एप में लॉगिन करने के बाद सबसे पहले सेंट्रल गवर्नमेंट स्कीम का विकल्प चुनें। इसके बाद नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम (एनएसएपी) पर क्लिक करें और फिर बेनिफिशयरी वेरिफिकेशन के विकल्प को चुनें।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## 14 अगस्त की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

### 15 अगस्त को मांस व शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में शनिवार को आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को ले बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आजादी के पर्व को धूमधाम व भव्य तरीके से आयोजित करने में सभी पदाधिकारी अपना-अपना सहयोग दें। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन केंद्र मेदिनीनगर में प्रातः 9.05 बजे



होगा। इसके पश्चात पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, नगर निगम सहित जिले के समस्त कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन किया जायेगा। परेड में अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल होगी। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं सड़कों पर बैरिकेडिंग व मेडिकल टीम की तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। कहा कि बेहतर परेड के लिये टुकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

### पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

समारोह को लेकर स्टेडियम सहित शहर के सभी चौक- चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं व मूर्तियों की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 15 अगस्त को जिले में मांस एवं मदिरा की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया।वहीं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीडीसी एएसपी, सदर एसडीएम, सहायक समाहर्ता समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**जामा।** थाना क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा और बहिंगा के बीच पालोजोरी जाने वाली मुख्य सड़क पर शनिवार की सुबह एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से दुधानी गांव के डोमन भंडारी की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटन के बाद मौके पर जमा हुए ग्रामीणों ने सरकार से मृतक के स्वजन को अविलंब मुआवजा देने की मांग की। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय डोमन भंडारी मोटरसाइकिल से आसनसोल कुरुवा की ओर जा रहा था।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। इस घटना में डोमन के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इधर घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। डोमन भंडारी अपने पीछे पत्नी सहित दो बच्चों को छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलने पर जामा थाना के थाना प्रभारी अजित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलोझानो मेडिकल कॉलेज व अस्पताल दुमका भेज दिया।

# पे निर्धारित करने के मामले में शिक्षा विभाग को हाईकोर्ट का झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने पे निर्धारित करने के मामले में आदेश का अनुपालन नहीं करने पर प्रार्थी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थी को राशि का भुगतान नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जताई।




अदालत ने 29 जुलाई को उच्च शिक्षा निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशक और रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने मौखिक रूप से मंगलवार को रांची के एसएसपी को भी कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है, ताकि दोनों को जेल भेजा जा सके।

यदि सोमवार तक आदेश का पालन कर दिया जाता है, तो दोनों अधिकारियों को हाजिर होने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में उदय कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। डेढ़ साल पूर्व हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनका पे निर्धारित करने एवं उन्हें पांचवां एवं छठा वेतन मान देने का आदेश दिया था।

लेकिन कोर्ट के इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ था। इसके बाद प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई। अवमानना याचिका में राज्य सरकार की ओर से प्रार्थी को 10 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया था।

इसके बाद कोर्ट ने अप्रैल 2025 में अवमानना याचिका को निष्पादित कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने प्रार्थी को छूट दी थी कि आदेश का अनुपालन नहीं हुआ तो वह फिर से कोर्ट आ सकता है। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर प्रार्थी ने दोबारा याचिका दाखिल की।

जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर उच्च शिक्षा निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशक एवं आरयू के रजिस्टर को मंगलवार को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। प्रार्थी मांडर कॉलेज में गणित विभाग में व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं।

# सदर अस्पताल में मरीजों को मिलेगी विशेष सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह स्थित सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, एमजीएम उपाधीक्षक डॉ. नकुल प्रसाद चौधरी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बी. साहा, सांसद प्रतिनिधि, टीएमएच और एएनएम स्कूल की प्रिंसिपल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अस्पताल में 70 नए बेड खरीदे जाने का निर्णय लिया गया, ताकि भर्ती और इलाज में आने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके। इसके साथ ही वेंटिलेटर और सी-आर्म मशीन की आवश्यकता को प्राथमिकता में रखा गया। अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा को ध्यान में रखते हुए लेप्रोस्कोपिक मशीन की खरीद पर भी सहमति बनी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि मरीजों और उनके परिजनों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था और बैठने की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। प्रबंधन समिति ने अस्पताल की आधारभूत संरचना को और मजबूत बनाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर कई सुझावों पर विचार किया।

सभी प्रस्तावों को जल्द लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी, ताकि अस्पताल को और अधिक सक्षम और मरीजों के अनुकूल बनाया जा सके। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा।

## बस और बाइक में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पंडवा थाना क्षेत्र के चेचनहा गांव के पास शनिवार को बस और बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दीपक कुमार (24 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी मां, बहनोई और 8 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कारगिल विजयी दिवस पर झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार की सुबह 9 बजे मेदिनीनगर स्थित नगर भवन टाउन हॉल से हजारों की संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने कारगिल में शहीद जवानों के प्रति सम्मान स्वरूप श्रद्धांजलि मार्च किया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव, संरक्षक रामाकांत मेहता, सचिव गिरीश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सह सचिव राजीव गोयल, उपाध्यक्ष नंदकिशोर भारती, सेंट पॉल एकेडमी रेहला के प्राचार्य साइमन मैथ्यू एस्ले, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर मेहता, प्राचार्य धीरज मेहता सहित शहर के कई पूर्व सैनिकों ने संयुक्त रुप से तिरंगा झंडा दिखाकर कारगिल में शहीदों के सम्मान में निकाली गई श्रद्धांजलि मार्च का शुभारंभ किया। हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का काफिला नगर भवन टाउन हॉल से प्रारंभ होकर सद्दीक मंजिल चौक, लता मंगेशकर चौक, शहीद चौक राजेंद्र प्रसाद चौक, शहीद भगत सिंह चौक, भारत माता चौक होती हुए पुलिस लाइन स्टेडियम में समाप्त हुई। मौके पर सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारत माता की जय व वंदे मातरम के जय घोष के साथ पूरे शहर को गुंजायमान किया। मौके पर अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि 1999 में भारत पाकिस्तान का चतुर्थ युद्ध कारगिल युद्ध के रूप में हुआ। कारगिल बहुत ठंडा इलाका है। इसे पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जब भारत की सेना को पता चला तो उन्होंने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। साथ ही पाकिस्तान पर विजय प्राप्त किया। देव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि देश की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है। हमें उनके




संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मौके पर विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि पाकिस्तान की सेना व उसके प्रशिक्षित घुसपैठियों ने चुपके से जम्मू-कश्मीर के कारगिल सेक्टर में भारतीय सीमा में घुसपैठ कर कई ऊंचाई वाले इलाकों पर कब्जा कर लिया था। इन इलाकों पर कब्जा कर वह लेह-लद्दाख को शेष भारत से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 पर नियंत्रित करना चाहता था। लेकिन पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबे को भारतीय जांबाज सैनिकों ने कभी कामयाब नहीं होने दिया।

मौके पर संरक्षक रामाकांत मेहता ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हम सबके लिए प्रेरणा का दिन है। उन वीर सपूतों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। इनके चलते आज हम अपने देश में स्वच्छ और निश्चिंत होकर निवास कर पा रहे हैं।

मौके पर एसएलए स्कूल के निर्देश मुकेश अग्रवाल ने कहा कि कारगिल में घुस आए पाकिस्तानी फौजियों को भारत की जांबाज सैनिकों ने करारी चोट दी थी। इसे पाकिस्तान कभी नहीं भुला सकेगा। कारगिल दिवस पर वे सभी जांबाज सैनिकों के शौर्य की चर्चा करते हैं। साथ ही युद्ध में शहीद हुए सैनिक को श्रद्धांजलि देते हैं। पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। वैसे शिक्षक जिन्होंने अपने विद्यालय में शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हैं उन्हें एसोसिएशन की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पलामू के वीर शहीद जवान युगंबर दीक्षित के पुत्र युद्धजीत दीक्षित को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के सतीश कुमार व प्रिया रंजनी, सेंट पॉल एकेडमी रेहला से साइमन मैथ्यू एस्ले,

## शहर में बच्चों ने किया मार्च

स्ला पब्लिक स्कूल से सुनील व आलोक, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के उज्जवल व शशि, संत मरियम पब्लिक स्कूल की दीप्ति व प्रीति आदि शिक्षा विदों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर द कराटे एकेडमी के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। मौके पर कई पूर्व सैनिक सहित, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक पूनम तिवारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी कुमारी, काजल कुमारी, अर्चना पांडेय, अनु दूबे, प्रिया दूबे, सिमरन कौर, सतीश कुमार, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, आकाश कुमार, स्नेह सुरभि, साक्षी पांडेय, निभा कुमारी, स्वर्णा तिवारी सहित हजारों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

फुटबॉल

## मेसी एक मैच के लिए निलंबित, उनकी टीम इंटर मियामी ने विरोध जताया



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी।** इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा, यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है। लियोनेल मेसी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा, यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है। मेसी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेसी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं।

## भारतीय खिलाड़ी ने संन्यास की कर दी घोषणा, इंटरनेशनल क्रिकेट में बनाए कुल इतने रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। लेकिन उन्होंने कहा है कि वह किसी दूसरी भूमिका में खेल के साथ जुड़ी रहेंगी। कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन होयसला से शादी करने वाली 32 साल की वेदा आखिरी बार 2020 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 इंटरनेशनल मैच के दौरान देश के लिए खेली थीं। वेदा कृष्णमूर्ति अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वुमेंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स के लिए खेला था। वह कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी कर चुकी हैं। महिला टी-20 मैचों में किसी गैर-विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा कैच लेने का संयुक्त रिकॉर्ड उनके नाम है। वेदा पहले से ही कमेंट्री कर रही हैं। वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक, क्रिकेट ने मुझे जो भी सबक और यादें दी हैं, उनके लिए आभारी हूं।

# महज 37 गेंदों में टी20 शतक टिम डेविड ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में टिम डेविड ने तूफानी शतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया। टिम डेविड ने सेंट किट्स में महज 37 गेंदों में शतक पूरा किया। इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए। यह टिम डेविड का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला शतक रहा। वार्नर पार्क में टिम डेविड ने 16 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसके साथ वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज टी20 फिफ्टी जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्कस स्टोइनिस के नाम था, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप-2022 में श्रीलंका के खिलाफ 17 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। इसके बाद टिम डेविड ने 37 गेंदों में शतक जड़ते हुए जोश इंग्लिस के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इंग्लिस ने छह सितंबर 2024 को स्कॉटलैंड के विरुद्ध 43 गेंदों में टी20 शतक पूरा किया था। टिम डेविड के टी20 रिकॉर्ड को देखें, तो दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 56 मुकाबलों में 36.19 की औसत के साथ 782 रन बनाए, जिसमें एक शतक के अलावा छह अर्धशतक भी शामिल हैं। मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। मेजबान टीम के लिए शाई होप ने कप्तानी पारी खेलते हुए 57 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और आठ चौके शामिल रहे।

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। टिम डेविड को नाबाद शतकीय पारी के चलते प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने मिचेल ओवन के साथ पांचवें विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज का शुरुआती मुकाबला तीन विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद उसने दूसरे टी20 मैच को आठ विकेट से जीता। 3-0 से लीड के साथ ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर अपना कब्जा कर चुका है।

## अरविंद चितांबरम बने 58वें बील शतरंज महोत्सव के उपविजेता

**बील ,स्विट्ज़रलैंड, एजेंसी।** 58वें बील शतरंज महोत्सव के ग्रांडमास्टर ट्रायथलॉन में स्लोवेनिया के ग्रांडमास्टर व्लादिमीर फेडोसीव ने खिताब अपने नाम कर लिया है । अंतिम राउंड में फेडोसीव ने यूएई के ग्रांड मास्टर सालेम सालेह को हराया, जबकि भारत के ग्रांडमास्टर अरविंद चितांबरम ने विश्व रैपिड चैंपियन रूस के वोलोदार मुरजिन से ड्रॉ खेला । दोनों खिलाड़ियों ने समान 28.5 अंक बनाए, पर फेडोसीव ने फ्रीस्टाइल शतरंज स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टाई-ब्रेक से खिताब जीता । अरविंद को दूसरा स्थान मिला । सालेम सालेह 24.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे । इससे पहले चैलेंजर्स वर्ग में ग्रीस के ग्रांडमास्टर निकोलस थियोडोरू ने एक राउंड पहले ही खिताब अपने नाम कर लिया था । उन्होंने कुल 33.5 अंक हासिल किए । आर्मेनिया के अराम हाकोब्यान 28.5 अंकों के साथ दूसरे और कजाकिस्तान के रिनात जुमाबायेव 20 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे ।



# आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि हर क्रिकेटर की मदद की: ड्वेन ब्रावो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अपने करियर और आधुनिक क्रिकेट के स्वरूप को बदलने वाला एक शानदार मंच बताया है। अपनी आईपीएल जर्नी को याद करते हुए ब्रावो ने कहा कि यह लीग न केवल उन्हें, बल्कि दुनियाभर के क्रिकेटर्स को आर्थिक रूप से और स्किल्स को डेवलप करने के लिहाज से जबरदस्त फायदा पहुंचा चुकी है। आईपीएल ने पेशेवर क्रिकेट की दुनिया को एक नया आयाम दिया है।

ब्रावो ने आईएएनएस से कहा, आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि आज के हर क्रिकेटर की मदद की है, चाहे वह आर्थिक रूप से हो, या स्किल के स्तर पर। मुझे गर्व है कि मैंने दो सबसे सफल फ्रेंचाइजी के लिए खेला और मुझे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन किया। वह मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल इतिहास के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में शामिल ब्रावो अपनी खास शैली, डेथ ओवर की गेंदबाजी में महारत और शानदार खेल के लिए जाने जाते हैं। 2025 के संस्करण में ब्रावो ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मेंटर की भूमिका भी निभाई थी। उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बनाई, जो उन्हें इस फॉर्मेट का एक चहेता खिलाड़ी बनाती है।

आईपीएल में ड्वेन ब्रावो के सफल करियर ने वेस्टइंडीज के कई युवाओं को भी प्रेरित किया है। उनके इस सफर ने कैरेबियाई खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट अपनाने के लिए प्रेरित किया।

फिलहाल, ब्रावो वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में वेस्टइंडीज चैंपियंस टीम का हिस्सा हैं, उनका क्रिकेट सफर अभी भी जारी है, लेकिन आईपीएल के प्रति लगाव अब भी उतना ही गहरा है। ड्वेन ब्रावो ने कहा, आईपीएल से मुझे अनुभव और दोस्त मिले हैं।

स्टीव स्मिथ की इंग्लैंड क्रिकेट टीम को चेतावनी

# मुश्किल समय के लिए तैयार रहें



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज घरेलू मैदान पर सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक बिल्कुल अलग चुनौती होगी और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने उन्हें चेतावनी दी है। भारत-इंग्लैंड के बीच मौजूदा श्रृंखला में बल्लेबाजी की सहजता बहस का विषय बन गई है और स्मिथ का मानना है कि ब्रिटिश बल्लेबाजों को बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों की आदत नहीं डालनी चाहिए। दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। स्मिथ के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाजों को इंग्लैंड में पिछले कुछ समय से देखी जा रही पिचों की तुलना में थोड़ी अलग चुनौती मिलेगी, जो काफी सपाट और बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही हैं। स्मिथ ने कहा, पिछले तीन-चार सालों में ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी। लेकिन यह एक शानदार सीरीज होने वाली है। एशेज की तैयारी के तहत स्मिथ इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाले मुकाबले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं भारत और इंग्लैंड की सीरीज देख रहा हूं और वहां शानदार क्रिकेट खेला गया है, इसलिए मुझे लगता है कि इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है।

स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर लगाम लगा दी है और दर्शकों का मनोरंजन करने की बजाय मैच जीतने पर ज़्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, पिछले कुछ हफ़्तों में उन्होंने परिस्थितियों के हिसाब से थोड़ा अलग खेलना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि वे मैदान पर जाकर वैसा मनोरंजन करने की कोशिश करें जैसा वे कहते थे कि वे बनना चाहते हैं। वे अब असल में मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जो शायद उनकी पिछली टिप्पणियों से अलग है। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेल रही है, लेकिन स्मिथ, जो आगामी हंड्रेड टूर्नामेंट में वेल्श फायर की कप्तानी करेंगे, इंग्लैंड में हैं। हालांकि उन्होंने इस साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, लेकिन स्मिथ 2028 लॉस एंजिल्स खेलों तक, जहां क्रिकेट की वापसी होगी, सबसे छोटे प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहते हैं ताकि ओलंपियन बन सकें।

स्मिथ ने कहा, मैंने वनडे क्रिकेट खेलना बंद करने का फैसला किया ताकि मैं और अधिक फ्रेंचाइजी के लिए खेल सकूं और ओलंपिक टीम में जगह बना सकूं। इसलिए दुनिया भर में और अधिक छोटे प्रारूप के टूर्नामेंट खेलना फायदेमंद ही होगा। यह मेरे लिए एक लंबा सफर रहा है, और मैं लंबे समय से ऐसा कर रहा हूं। मैं अभी भी इसका आनंद ले रहा हूं, खासकर छोटे प्रारूपों का और मैं अपना नाम वहां दर्ज कराना चाहता हूं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान, बाबर आजम बाहर



**लाहौर, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों की सीरीज 2-1 से गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। पीसीबी ने दोनों सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम की घोषणा कर दी है। टी20 टीम से एक बार फिर पूर्व कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को बाहर रखा गया है। वहीं, शाहीन अफरीदी की टी20 टीम में वापसी हुई है। अफरीदी के साथ ही हारिस रऊफ और हसन अली भी टी20 टीम में लौट आए हैं। इन तीनों की वापसी से पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी मजबूत होगी। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टी20 टीम से बाहर रखना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पीसीबी छोटे फॉर्मेट में इनसे आगे बढ़ने की सोच चुकी है। बाबर आजम और मोहम्मद रिजावन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच 14 दिसंबर 2024 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। सलमान अली आगा टी20 में कप्तान हैं तो वनडे में उपकप्तानहैं। वनडे में मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार है। फखर जमान वनडे और टी20 दोनों ही सीरीज में शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा और दाएं हाथ के गेंदबाज अहमद दानियाल को छोटे फॉर्मेट से बाहर कर दिया गया है। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज 1 से 4 अगस्त के बीच फ्लोरिडा में खेली जानी है। वहीं, दोनों देशों के बीच 8 से 12 अगस्त तक वनडे सीरीज त्रिनिदाद एंड टोबैगो के ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम सेफ नहीं !

## जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, महिला वर्ल्ड कप और IPL मैचों पर संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की खिताबी जीत के बाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड हुई थी. विक्ट्री परेड के दौरान ही चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोग मारे गए थे. जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे. चिन्नास्वामी भगदड़ की जांच के लिए जस्टिस जॉन माइकल डीकुन्हा की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया था. इस न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को कर्नाटक कैबिनेट ने हाल ही में मंजूरी दी थी. न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में कुछ चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. रिपोर्ट में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को बुनियादी रूप से असुरक्षित करार दिया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की मौजूदा संरचना बड़े आयोजनों के लिए अनुपयुक्त और खतरनाक है. स्टेडियम में ना तो पर्याप्त एंट्री/एग्जिट गेट्स हैं, ना ही इस स्टेडियम के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का आपातकालीन निकासी प्लान है. स्टेडियम के आसपास की सड़कें काफी व्यस्त हैं. साथ ही पार्किंग के लिए भी सीमित जगह है.



### वर्ल्ड कप और आईपीएल मैचों पर संशय !

चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला वर्ल्ड कप 2025 के कम से कम 4 मुकाबले होने हैं. अगर पाकिस्तानी टीम इस टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंचती है तो खिताबी मुकाबला भी यहीं खेला जाएगा. साथ ही चिन्नास्वामी स्टेडियम अगले साल आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और डब्ल्यूपीएल (वूमेन्स प्रीमियर लीग) मैचों की मेजबानी करने वाला है.

# सेमीफाइनल में एम्मा रादुकानू और लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मुबाडाला सिटी डीसी ओपन में एम्मा रादुकानू ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तीन साल बाद किसी डब्ल्यूटीए हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने मारिया सक्कारी को दो घंटे दस मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 7-5 से हराया, हालांकि मैच की शुरुआत में वह पिछड़ गई थीं। यह वॉशिंगटन में रादुकानू का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके साथ ही सक्कारी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। अब रादुकानू का सामना रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।डब्ल्यूटीए में, कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराया। फर्नांडीज ने दूसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की और एक सेट प्वाइंट बचाकर 2021 यूएस ओपन में उपविजेता रहने के बाद अपने सबसे बड़े हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में आसानी से हराया। पुरुष वर्ग में मुबाडाला सिटी डीसी ओपन का दिन भी जबरदस्त एक्शन से भरा रहा, जहां दो खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री की।



## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों पर बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों पर बैन को लेकर दिल्ली सरकार एक बार फिर ऐक्टिव हो गई है। सरकार ने इस मामले को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और 2018 के उस आदेश पर फिर से विचार करने की अपील की है जिसमें इन गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। सरकार इस फैसले को पलटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली सरकार ने दलील दी है कि 2018 का निर्देश किसी भी वैज्ञानिक स्टडी या पर्यावरणीय प्रभाव आकलन पर आधारित नहीं था। आवेदन में बताया गया है कि अब प्रदूषण नियंत्रण के लिए कड़े उपाय लागू हैं। आवेदन में कहा गया है कि कोर्ट के 2018 के आदेश के बाद, 2020 में बीएस-6 प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का पालन अनिवार्य कर दिया गया था। इसमें आगे कहा गया है, भारत स्टेज 6 इंजन काफी कम प्रदूषण फैलाते हैं। अगर माननीय न्यायालय का 29 अक्टूबर 2018 का आदेश लागू रहता है, तो इसका नतीजा यह होगा कि सड़क पर चलने लायक, प्रदूषण रहित बीएस-6 गाड़ियां भी बिना किसी वैज्ञानिक आधार के कुछ ही सालों में सड़कों से गायब हो जाएंगी। इसमें यह भी कहा गया है कि फिलहाल साफ ईंधन और प्रदूषण कम करने के लिए अन्य उपायों के साथ, इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने आगे इस बात पर भी जोर दिया कि 2018 के प्रतिबंध से दिल्ली में बड़ी संख्या में उन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिनके पास ऐसी गाड़िया हैं लेकिन वह अन्य प्रदूषण मानदंडों का पालन करते हैं।

### दिल्ली में मर्डर ! चाकुओं से गोदकर युवक को मार डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के उत्तरी दिल्ली के नांगल ठाकरान इलाके में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या करते समय चाकू शरीर के कई अंगों पर मारा गया है। मृतक की पहचान मोहल्ले के रहने वाले मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और जांच की जा रही है।

### कैसी तबीयत है.. पूछकर बदमाशों ने मोबाइल-गहने ठग लिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राजचौपला के पास महिला को झांसा देकर जेवर और मोबाइल लेकर बदमाश भाग खड़े हुए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। निवाड़ी निवासी अनीता की कई दिन से तबीयत खराब चल रही थी। महिला का मोदीनगर के ही एक अस्पताल से इलाज चल रहा है। महिला गुरुवार को अस्पताल दवा लेने आई थी। इस दौरान रास्ते में ही दो लोग मिले और उससे रास्ता पूछने के बहाने अपनी बातों में फंसाने लगे। आरोप है कि उन्होंने महिला से उसकी तबीयत के बारे में पूछा। इसपर महिला ने बताया कि उन्हें पैरों में दर्द रहता है। इसपर आरोपियों ने कहा कि वे उनका उपचार करा देंगे। इसके बाद आरोपियों ने महिला से जेवर उतरवा लिया और कहा कि जेवर और मोबाइल को पर्स में रख लिजिए। इसके बाद महिला से दो कदम आगे व पीछे चलने के लिए कहा। इसके बाद बातों ही बातों में आरोपियों ने महिला से पर्स ले लिया और फरार हो गए। महिला ने शोर मचाया लेकिन तब तक वे भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, जिसमें सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नजर आ रहे हैं। इस संबंध में एसीपी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# शारदा यूनिवर्सिटी बीडीएस स्टूडेंट सुसाइड केस : महिला आयोग ने यूपी के डीजीपी से 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी की बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की छात्रा ज्योति की खुदकुशी का मामला थम नहीं रहा है। सुप्रीम कोर्ट के बाद अब इस मामले का राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

शारदा यूनिवर्सिटी के मंडेला गर्ल्स हॉस्टल में शुक्रवार की शाम गुरुग्राम की रहने वाली बीडीएस की छात्रा ज्योति ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसने सुसाइड नोट में फैकल्टी को मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का जिम्मेदार ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने घटना को लेकर संज्ञान लिया और इसकी जांच के आदेश दिए। अब राष्ट्रीय महिला आयोग आयोग ने मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना का स्वतः संज्ञान लिया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश जारी किए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। आयोग ने पीड़िता के परिजनों को तत्काल आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करने के






निर्देश भी दिए। शारदा यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल के जिस कमरे में छात्रा ने सुसाइड किया था, पुलिस ने उसे घटना के बाद सील कर दिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम द्वारा एक बार फिर से कमरे की जांच की जाएगी। वहां से साक्ष्य जुटाए जाएंगे। फॉरेंसिक टीम भी कमरे की जांच कर चुकी है। टीम ने वहां से साक्ष्य इकट्ठा किए थे।

पुलिस द्वारा इस प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस इस प्रकरण में अब तक सात लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। शुक्रवार को जांच अधिकारी ने छात्र के माता-पिता के बयान दर्ज किए। माता-पिता ने बिंदुवार पुलिस के सामने अपने बयान दर्ज करवाए।

यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा सुसाइड नोट की अलग से जांच करवाई जाएगी, जिसे कमेटी के रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। यूनिवर्सिटी द्वारा सुसाइड नोट को फोरेंसिक लैब भेजा गया है, ताकि इसकी सत्यता की सही जांच हो सके। सुसाइड नोट में लिखी कुछ बातों को लेकर जांच करना जरूरी समझा है। छात्रा ज्योति के परिजन शुक्रवार को यूनिवर्सिटी पहुंचे और समिति के समक्ष अपने बयान दर्ज करवाए। परिजनों ने कमेटी की जांच को लेकर नाराजगी जाहिर की। ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने बताया कि करीब एक घंटे तक उनकी कमेटी के सामने बात हुई। घटना के बारे में बिंदुवार बयान दर्ज करवाए। सोमवार से यह घटना शुरू हुई थी। इस दिन वह बेटी के कहने पर यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। यहां एचओडी और डीन के सामने बात की थी। दोनों ने आश्वासन दिया था कि आगे से उनकी बेटी के साथ कुछ गलत नहीं होगा। इसके बाद शुक्रवार को उनकी बेटी द्वारा खुदकुशी कर ली गई। सुसाइड नोट में दो प्रोफेसर के नाम लिखते हुए जिम्मेदार ठहराया। पिता का कहना है कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट पर उन्हें भरोसा नहीं है। उधर, कमेटी ने जांच के लिए दो दिन का समय मांगा है। उम्मीद है कि शनिवार तक कमेटी रिपोर्ट तैयार कर लेगी। सोमवार को विश्वविद्यालय और पुलिस को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी, जिनकी भी लापरवाही होगी, उन पर कार्रवाई होगी।

### दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में इलाके में फैक्ट्री की छत गिरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी मेंढू गांव में शुक्रवार शाम एक फैक्ट्री की छत गिरने से दो मजदूर मलबे में दबने से घायल हो गए। घायलों को सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई की शाम करीब 6 बजे न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी मेंढू गांव में एक परिसर की छत गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दुकानों के बाहर सामान रखने के लिए लोहे के छोटे स्टैंड बनाने वाली एक फैक्ट्री की छत गिर गई थी, जिससे दो मजदूर मलबे में दबने से घायल हो गए, जिन्हें पहले ही सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर सिविल लाइंस ले जाया जा चुका था। घायलों की पहचान ताजीम (25 वर्ष) और अकरम (25 वर्ष) के रूप में हुई है। न्यू उस्मानपुर थाने में बीएनएस की धारा 290/12/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अविवाहित बेटियों को भी मिलेंगे प्लॉट और पैसे, जेवर एयरपोर्ट विस्तार से किसानों की बल्ले-बल्ले

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार से करीब 17 हजार परिवार प्रभावित होंगे। साथ ही सात सरकारी स्कूलों को भी शिफ्ट करने की जरूरत होगी। इसके लिए जमीन अधिग्रहण का वहां के लोगों पर भी असर पड़ेगा, जिला प्रशासन की सर्वे रिपोर्ट में इसका पता चला है। योजना के तहत अविवाहित बेटियों को भी अलग प्लॉट और आर्थिक मदद मिलेगी।

प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह सर्वे मई और जून महीने में हुआ था। इस सर्वे में पता चला कि ज्यादातर प्रभावित परिवार





छोटे किसान और खेती पर निर्भर हैं। इन किसान परिवारों की सालाना कमाई 50 हजार से एक लाख रुपये के बीच है। केवल चार प्रतिशत लोग ही साल में पांच लाख रुपये से ज्यादा कमाते हैं। वहीं, क्षेत्र के अधिकतर लोगों की जीविका खेती और पशुपालन पर निर्भर है। ऐसे में योजना है कि नई जगह पर पशुओं के लिए सुविधाएं विकसित होंगी।

सभी को प्लॉट देने पर विचार :जिला प्रशासन ने जेवर कस्बे के पास 340 हेक्टेयर जमीन चुनी है। यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित परिवारों को बसाया जाएगा। यह जगह अलावलपुर, मंगरौली, अहमदपुर चौरौली और नीमका शाहजहांपुर में है। यहां आधुनिक सुविधाओं वाला एक नया गांव बनाया जाएगा। यहां पर परिवारों को उनके आकार के हिसाब से 50 से 500 वर्ग मीटर के प्लॉट मिलेंगे। इसे वह अपनी जरूरतों के हिसाब से बना सकेंगे। इसके साथ ही नई जगह पर सड़कें, पीने का पानी, सीवेज सिस्टम, बिजली, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, राशन की दुकानें और श्मशान घाट जैसी सुविधाएं होंगी।

योजना में महिलाओं को भी बराबर का हक दिया गया है। अविवाहित बेटियों को भी बेटों की तरह अलग प्लॉट और आर्थिक मदद मिलेगी। कुल 17, 945 प्रभावित परिवारों को एक साल के लिए तीन हजार रुपये महीने गुजारा भत्ता, 50 हजार रुपये परिवहन मुआवजा और अनुसूचित जाति और जनजाति परिवारों को 50 हजार रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। हर परिवार के एक सदस्य को एयरपोर्ट से जुड़े कामों में नौकरी दी जाएगी।

बच्चू सिंह, एडीएम एलए, जिला प्रशासन ने प्रस्ताव बनाकर उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दिया है। अंतिम निर्णय सरकार की ओर से ही लिया जाएगा।

# दिल्ली के सदर बाजार में सैकड़ों दुकानें सील, दुकानदारों में दहशत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सदर बाजार स्थित तेलीवाड़ा क्षेत्र में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार देर रात तीन व्यावसायिक इमारतों को सील कर दिया। इनमें करीब 150 से 200 दुकानें हैं। डीएमआरसी की ओर से इनमें दुकानदारों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस घटना से दुकानदारों में दहशत बन गई है। उनका कहना है कि सदर बाजार में पुरानी हो चुकी इमारतों का सर्वे कराया जाए। डीएमआरसी की ओर से मेट्रो के चौथे चरण में जनकपुरी वेस्ट से आरके आश्रम तक 21 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। यह कॉरिडोर सदर बाजार से गुजरेगा और इसके लिए इस क्षेत्र में अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनाया जा रहा है। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार रात एक बजे अचानक तेलीवाड़ा चौक के पास स्थित तीन



इमारतों को डीएमआरसी की ओर से सील करा दिया गया। इन इमारतों के बाहर अस्थायी बेरिकेडिंग कर आवाजाही पर रोक लगा दी गई। उनका कहना है कि शुक्रवार सुबह दुकानदार अपनी दुकानों को खोलने पहुंचे, लेकिन वहां आवाजाही बंद थी। डीएमआरसी की ओर से बताया गया कि इन इमारतों के नीचे अंडरग्राउंड कॉरिडोर पर काम किया जा रहा है। इसके चलते एहतियातन इन इमारत में कामकाज बंद कराया गया है। हालांकि दुकानदारों का सामान नहीं हटाया गया। उनका कहना है कि इमारतों का ढांचा काफी पुराना है। इसकी वजह से डीएमआरसी की टीम मौके पर पहुंचकर सर्वे करेगी और रिपोर्ट तैयार करेगी। डीएमआरसी का कहना है कि जल्द ही इमारतों को कामकाज के लिए खोल दिया जाएगा। पुरानी इमारतों का सर्वे कराए जाने की मांग :सदर बाजार के व्यापारियों का कहना है कि यहां अधिकांश इमारतें करीब 70 से 75 साल पुरानी हैं। ये इमारतें अब जर्जर हो चुकी हैं। कभी भी हादसे की वजह बन सकती हैं। सरकारी एजेंसी से इन इमारतों का सर्वे कराया जाना चाहिए, ताकि पता चल सके कि ये सुरक्षित हैं या नहीं।

**एहतियात के तौर पर खाली कराया गया :डीएमआरसी:** डीएमआरसी के अधिकारियों का कहना है जिन इलाकों में अंडरग्राउंड निर्माण कराया जाता है, उसे इंफ्लूएंश जोन घोषित किया जाता है। चूंकि अंडरग्राउंड खुदाई के दौरान टीबीएम मशीन चलाई जाती है, इससे तीव्र कंपन होता है। ऐसे में कमजोर इमारतों को एहतियात के तौर पर खाली करा दिया जाता है। सदर बाजार में भी पांच मंजिला इमारत को खाली कराया गया है। उनका कहना है कि इमारत को कोई नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि जिस इमारत को खाली कराया जाता है, डीएमआरसी की ओर से प्रभावित लोगों को उसका मुआवजा भी दिया जाता है।

### कपिल कैफे फायरिंग पर बब्बर खालसा ने झाड़ा पल्ला, कहा- 'हमारा इस हमले में कोई लेना-देना नहीं!'

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के सरे शहर में मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए कैफे 'कैप्स कैफे' पर हुई फायरिंग के बाद अब खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने सफाई दी है। संगठन ने बाकायदा दो पन्नों का पत्र जारी कर साफ किया कि इस हमले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। बीकेआई ने कहा कि उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर जबरन वसूली, धमकी या हिंसा जैसी घटनाओं को अंजाम देना पूरी तरह गलत है और संगठन इसकी कड़ी निंदा करता है। देर शाम जारी किए गए पत्र में बीकेआई ने दावा किया कि उन्होंने कोई हमला नहीं करवाया और उनका नाम इस मामले में घसीटना बंद किया जाए। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के नए कैफे कैप्स केफ ' पर हाल ही में हुई फायरिंग से हड़कंप मच गया था। यह घटना कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में हुई, जहां कपिल शर्मा ने हाल ही में यह कैफे खोला था। घटना के तुरंत बाद कुछ सोशल मीडिया पोस्ट और अफवाहों में दावा किया गया कि इस फायरिंग के पीछे खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का हाथ हो सकता है। अब इसी मामले में बब्बर खालसा ने एक बड़ा बयान जारी किया है। संगठन ने 2 पन्नों का स्पष्टीकरण पत्र जारी कर यह साफ कहा कि इस गोलीबारी से उनका कोई संबंध नहीं है। बीकेआई ने कहा कि उनका नाम जबरन वसूली, धमकी या हिंसा जैसी घटनाओं से जोड़ना पूरी तरह बेबुनियाद है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पत्र में लिखा है- हम किसी भी व्यक्ति या व्यवसाय से धन उगाही, धमकी या हिंसात्मक कार्रवाई में शामिल नहीं हैं। हमारे संगठन का नाम बार-बार इस तरह की घटनाओं में घसीटना गलत मंशा का हिस्सा है। कपिल शर्मा के कैफे पर हुई फायरिंग से हमारा कोई संबंध नहीं है बीकेआई ने आगे कहा कि अगर कोई उनके नाम का इस्तेमाल करके किसी को डरा-धमका रहा है तो इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों को सज़ा मिलनी चाहिए।

### टेकऑफ के तुरंत बाद जमीन पर गिरने लगी साउथवेस्ट की फ्लाइट

**लास वेगास, एजेंसी।** अमेरिका में शुक्रवार को एक बड़ा हवाई हादसा टल गया, जब साउथवेस्ट एयरलाइंस की एक फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही मिनट बाद अचानक हवा में नीचे गिरने लगी। फ्लाइट नंबर 1496 कैलिफोर्निया के हॉलीवुड बरबैंक एयरपोर्ट से लास वेगास जा रही थी। इस घटना में दो फ्लाइट अटेंडेंट घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के अनुसार, विमान को हवा में एक अन्य विमान के नजदीक आने की चेतावनी मिली थी। एफएए ने बताया कि विमान को टक्कर से बचाने के लिए पायलट को पहले विमान को ऊंचाई पर ले जाना पड़ा और फिर अचानक नीचे लाना पड़ा ताकि टक्कर टाली जा सके। एयरलाइन ने बताया कि क्रू को दो बार अलर्ट मिला और उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऊंचाई में बदलाव किया। इस दौरान प्लेन में तेज झटका लगा और फ्लाइट अटेंडेंट चोटिल हो गए। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिकियाएं सामने आने लगी। इसी में एक फ्लाइट में सवार कॉमेडियन जिमी डोर ने अपना डरावना अनुभव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने बताया कि टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान को टक्कर से बचाने के लिए पायलट को अचानक नीचे की ओर तेजी से लाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पायलट ने हमें सूचना दी कि विमान की टक्कर होने की चेतावनी दी गई है और सामने से आ रहे एक विमान से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी था। डोर ने बताया कि विमान की नीचे आने की गति इतनी तेज थी कि वे खुद और कई यात्री सीटों से उछलकर छत से टकरा गए। एक फ्लाइट अटेंडेंट को चोट लगी और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की ज़रूरत पड़ी। वहीं कुछ यात्रियों ने यह भी बताया कि प्लेन में सवार सभी लोग डर के मारे सहम गए थे।

# सीमा पर गोलाबारी जारी, मौत का आंकड़ा 32 तक पहुंचा, यूएन ने भी जताई चिंता

**बैंगकॉक , एजेंसी।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर जारी तनावपूर्ण हालात अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। कंबोडिया के अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि सीमा पर संघर्ष के चलते 12 नई मौतें हुई हैं। इस तरह अब तक दोनों देशों में कुल 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में सैनिकों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं।

संघर्ष के चलते दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 58,000 से ज्यादा लोग प्रभावित जिलों से निकाले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के अधिकारियों का कहना है कि करीब 23,000 लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में आपात बैठक बुलाई और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। कंबोडिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने संघर्ष को लेकर यूएन से तत्काल संघर्षविराम की अपील की और कहा कि उनकी ओर से आक्रामकता नहीं की गई। उधर, आसियान की अध्यक्षता कर रहे मलेशिया ने भी इस तनाव को खत्म करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बताया कि दोनों देशों ने संघर्षविराम की सैद्धांतिक सहमति दी है। तनाव की शुरुआत मई में हुई थी जब एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया। हाल ही में सीमा पर बारूदी सुरंग फटने से पांच थाई सैनिक घायल हुए, जिससे टकराव और बढ़ गया।

# ट्रंप और फेड प्रमुख पॉवेल के बीच कैमरे पर बहस, वीडियो वायरल

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
वॉशिंगटन डीसी में फेड की निर्माणाधीन इमारत के दौरे के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। ये बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। वीडियो में देखा गया कि ट्रंप ने अधिक खर्च का दावा किया, तो पॉवेल ने कहा कि ट्रंप ने एक पुरानी इमारत को भी जोड़ा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल रिजर्व (अमेरिका के केंद्रीय बैंक) के प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच बहस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रहा है। यह बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। यह पूरी घटना गुरुवार को उस समय हुई जब ट्रंप और पॉवेल वॉशिंगटन डीसी में फेड की निर्माणाधीन इमारत का दौरा कर रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारत के दौरे के दरमियान अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप और जेरोम पॉवेल दोनों ने सफेद हेलमेट और सूट पहन रखे थे। बता दें कि यह पहली बार है जब बीते दो दशकों में कोई मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति फेडरल रिजर्व के मुख्यालय पहुंचा।

**रेनोवेशन की बजट को लेकर हुई तीखी बहस:** इस दौरान ट्रंप ने कहा कि फेड की इमारत का रेनोवेशन बजट से काफी ज्यादा लगभग 3.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस पर पॉवेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ट्रंप ने एक तीसरी इमारत को भी जोड़ लिया है, जो 5 साल पहले ही बन चुकी है। इसके बाद ट्रंप ने जेब से एक कागज निकालकर दावा किया कि यह जानकारी फेड से ही मिली है। फेड का कहना है कि असली खर्च 2.5 अरब डॉलर है।

पॉवेल ने कागज पढ़ा और कहा कि ट्रंप ने इसमें एक तीसरी बिल्डिंग भी जोड़ दी है जो पांच साल पहले ही बन चुकी है। ट्रंप ने जवाब में कहा कि वो बिल्डिंग बन रही है, जिस पर पॉवेल ने कहा कि नहीं, वो पांच साल पहले बन चुकी है ये नई नहीं है। इसके बाद ट्रंप ने दौरा खत्म करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि फेड का निर्माण जल्दी पूरा हो और फेड ब्याज दरों में तेजी से कटौती करे।

**ट्रंप ने जल्दी काम पूरा करने की बात पर दिया जोर :** दौरे के बाद राष्ट्रपति टंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए निर्माणाधीन इमारत का काम जल्दी पूरा करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसे पूरा करो और उससे भी जरूरी है कि ब्याज दरों को नीचे लाया जाए। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से ट्रंप फेड प्रमुख पॉवेल की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने पॉवेल को हठी, ट्रंप विरोधी, और नासमझ जैसे शब्दों से भी निशाना बनाया है। इतना ही नहीं ट्रंप कई बार उन्हें हटाने की बात भी कह चुके हैं।

**क्या ट्रम्प पॉवेल को हटा सकते हैं?:** वहीं मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ट्रम्प फेड के वर्तमान अध्यक्ष पॉवेल को हटाने का अभूतपूर्व कदम उठाते हैं , तो उन्हें कानूनसम्मत तरीके से निष्कासन का कारण बताना होगा और अपने आरोपों को साबित करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। कोलंबिया लॉ स्कूल के एसोसिएट प्रोफेसर लेव मेनैंड ने कहा कि कुछ कानूनों में उल्लेख है कि किसी अधिकारी को कर्तव्य की उपेक्षा या दुराचार के कारण हटाया जा सकता है।

# झारखंड सरकार ने हर मोर्चे पर जन उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया : सुदेश महतो

## नौजवानों को लेना होगा झारखंड संवारने का संकल्प : संजय मेहता ● बोकारो में आजसू पार्टी के मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजसू पार्टी अपने पुराने कलेवर और तेवर में लौट आई है। बलिदान दिवस के बाद आजसू पार्टी ने मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है। आजसू पार्टी के मिलन समारोह का आयोजन बोकारो के टाउन हॉल में किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में लगभग एक हजार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर पार्टी के गिरीड़ीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, हजारीबाग के सांसद प्रत्याशी संजय मेहता, मांडू के विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने भी नए जुड़ने वाले सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड की राजनीतिक चेतना को सशक्त करना बेहद जरूरी है। संगठनात्मक विस्तार को गति देने के उद्देश्य से आजसू पार्टी द्वारा बोकारो में मिलन समारोह एक संदेश है की झारखंड की असली आवाज आजसू पार्टी है। लोग स्वयं पार्टी से जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। टाउन हॉल परिसर में आयोजित भव्य मिलन समारोह में कई विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा। लगभग एक हजार नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता लेते हुए एक स्वर में कहा की आजसू झारखंड के समस्याओं के समाधान का पहला विकल्प है। हम नई और युवा राजनीति को धार देंगे।समारोह को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने अपने संबोधन में कहा की आजसू पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि झारखंड के संघर्ष, बलिदान और आत्मसम्मान की प्रतीक है। हमने आंदोलन और शहादत के बल पर यह राज्य प्राप्त किया है, लेकिन आज झारखंड आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए जूझ रहे हैं। हम उनके सम्मान और हक की लड़ाई को निर्णायक दिशा देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़ने वाले सभी युवा साथी झारखंड के भविष्य निर्माण में सहभागी बनेंगे। पार्टी उनके विचारों, संघर्षो और क्षमताओं का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा की झारखंड की दर्द को राजनीतिक रूप में ढालकर समाधान का रास्ता तलाशना होगा। हमें नीतियों की बात करनी होगी। नीतियों के रास्ते से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। आज तक बोकारो के विस्थापितों के समाधान का रास्ता नहीं निकल पाया है। सरकार पुनर्वास आयोग बनाने की बात कह रही थी। उसका क्या हुआ आज तक पता नहीं चल पा रहा है। लोग हक मांगने जाते हैं तो उन्हें मौत मिल रही है। गिरिडीह से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की वर्तमान राज्य सरकार जनता की समस्याओं को दरकिनार कर केवल दिखावटी घोषणाओं में व्यस्त है। अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है और नियोजन, नियुक्ति, ओबीसी आरक्षण, पेसा कानून जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। आजसू पार्टी जन सरोकारों की रक्षा के लिए निर्णायक आंदोलन शुरू करेगी। आजसू हर गाँव से लोगों को जोड़ेगी।

**नौजवान लें झारखंड नवनिर्माण का संकल्पः संजय मेहता**

हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड की वर्तमान पीढ़ी को जनमुद्दों पर संगठित होकर संघर्ष करना होगा। आजसू पार्टी राज्य के 264 प्रखंडों में जनजागरण अभियान चलाएगी। हमारा लक्ष्य झारखंडी युवाओं को नेतृत्व में लाना, पारदर्शी बहाली सुनिश्चित करना, तथा स्थानीयता, सरना धर्म कोड, पेसा कानून एवं भूमि अधिकार जैसे मुद्दों पर ठोस पहल करना है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि आजसू पार्टी झारखंड में एक सशक्त विपक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। झारखंड के नौजवानों को झारखंड नवनिर्माण का संकल्प लेना होगा। आज झारखंड में मुद्दों के समाधान की जरूरत है। संजय मेहता ने कहा की सरकार विस्थापन, पुनर्वास, नियोजन, नौकरी, ओबीसी आरक्षण, नियुक्ति, सरना कोड, पेसा कानून, निजी क्षेत्र में आरक्षण, ओबीसी आरक्षण, निकाय चुनाव, ट्रिपल टेस्ट सभी मोर्चे पर फेल हुई है। नौकरशाही की हालत खराब है। करप्शन चरम पर है। अफसर बेलगाम हैं। ऐसे में एक बड़े जनआंदोलन की जरूरत है। नौजवानों को दस लाख रोजगार वादा करके छल दिया गया है।

**नवसदस्यों ने जताया विश्वास, संगठन को दी मजबूती**

इस मिलन समारोह में बड़ी संख्या में सपा, जदयू, जेएलकेएम, सहित अन्य दलों से आए सैकड़ों युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने आजसू की सदस्यता लिया। उन्होंने पार्टी की वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक सुदृढ़ता और नेतृत्व के प्रति गहरा विश्वास प्रकट किया। उन्होंने कहा की हम सब मिलकर आजसू को गाँव- गाँव में मजबूत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन टिकैत महतो ने किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने की। इस अवसर पर नवीन महतो, संतोष महतो, हीरालाल महतो, बबलू महतो, मंटू महतो, काशीनाथ सिंह, अजय सिंह, प्रियंका कुमारी, करण महतो, विशाल महतो, अशोक महतो समेत हजारों लोग उपस्थित रहे। साथ ही वरीय पदाधिकारी, पूर्व विधायक, जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवसदस्यों को पार्टी के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया एवं झारखंड निर्माण के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीटीओ ने वाहन जांच अभियान में 1 लाख रुपए से ज्यादा वसूला जुर्माना



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर पेटरवार थाना क्षेत्र में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 08 वाहनों से 1 लाख 12 हजार रुपए का जुर्माना लिया गया। उक्त वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 29 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 08 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ श्रीमती वंदना सेजवलकर ने पेटरवार प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया।

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा केंद्र का डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उप विकास आयुक्त बोकारो शताब्दी मजूमदार ने संचालित बीएससी नर्सिंग परीक्षा के परीक्षा केंद्र बालीडीह स्थित होली क्रास स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी आदि का जायजा लिया। डीडीसी ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित केंद्राधीक्षक से उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या अनुपस्थिति की जानकारी ली। परीक्षा का संचालन कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीडीसी द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण से केंद्रों में सतर्कता बढ़ी है तथा परीक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। जानकारी हो कि, बीएससी नर्सिंग परीक्षा को लेकर जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें सेक्टर 04 स्थित एमजीएम हाईयर सेकेंडरी हाईस्कूल एवं बालीडीह स्थित होली क्रास स्कूल था।

### सेल कर्मियों के मुद्दों पर रघुवर दास ने लिया संज्ञान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ओडिसा के पूर्व राज्यपाल तथा झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम ने मिलकर सेल कर्मियों के लंबित मांगों को उनके समक्ष रखा है। जमशेदपुर स्थित आवास पर बीएकेएस अध्यक्ष ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। सेल तथा बीएसएल कर्मियों के वर्षो से अटके मुद्दो पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही सेल प्रबंधन द्वारा 45000 कर्मियों के मुद्दो को वर्षो से लटकाए जाने का भी शिकायत किया गया।।वेज रीविजन में धांधली, 8 वर्ष से फिटमेंट तथा पर्क्स के एरियर को अटकाए रखना, बोकारो स्टील में यूनियन चुनाव आयोजित नही करवाना, कर्मियों को टारगेट करना , सेल में ट्रेड यूनियन राजनीति , असंगठित क्षेत्र के श्रमिक वर्ग के मुद्दो पर भी उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया। जारी विज्ञप्ति में यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा है कि श्री दास ने शीघ्र ही केंद्र स्तर से सेल प्रबंधन के विरुद्ध हो रही शिकायतो पर संज्ञान दिलवाने का आश्वासन दिया।

### झरिया के भूमिगत आग प्रभावितों को झरिया में ही बसाएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया विधायक रागिनी सिंह शुक्रवार को केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मिल झरिया मास्टर प्लान पर चर्चा की। रागिनी सिंह ने मंत्री से मांग की है कि झरिया विधान सभा क्षेत्र में रहने वाले भूमिगत आग प्रभावितों का पुनर्वास झरिया विधान सभा क्षेत्र में ही सुरक्षित जगह पर हो। इससे लोगों की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान बनी रहेगी। मौके पर रागिनी सिंह ने सेल की जीतपुर भूमिगत खदान को बंद किए जाने से उत्पन्न बेरोजगारी की समस्या से भी कोयला मंत्री को अवगत कराया। झरिया कोयला क्षेत्र में रोजगार सृजन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। रागिनी सिंह ने बीसीसीएल में तैनात कुछ अधिकारियों की कार्यसंस्कृत को लेकर भी कोयला मंत्री से शिकायत की। कुछ मुद्दे भी मंत्री के समक्ष उठाए एवं उसकी जांच की मांग भी की।

# जिले के वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का किया भ्रमण

**हमारा गांव - हमारे लोग अभियान के तहत किया क्षेत्र भ्रमण**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार जिले में हमारा गांव झ हमारे लोग अभियान के तहत शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों का क्षेत्रीय भ्रमण कर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने सीएचसी/पीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, जलापूर्ति योजनाएं, पीएम आवास योजना, मनरेगा कार्य स्थल आदि का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की अद्यतन स्थिति व समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण क्रम में पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की उपस्थिति - दवाइयों की उपलब्धता - मरीज पंजी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति - पोषण आहार वितरण की गुणवत्ता, विद्यालयों में शैक्षणिक उपस्थिति - मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, मनरेगा में स्थलों पर कार्यरत मजदूर - भुगतान की स्थिति एवं पंचायत क्षेत्र में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड के बारपोखर पंचायत, निदेशक - जिला ग्रामीण विकास शाखा मेनका ने चंद्रपुरा प्रखंड के तारानारी पंचायत, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने पेटरवार प्रखंड के कोह पंचायत, भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभाष दत्ता ने जरीडीह प्रखंड के गंगजोरी पंचायत, जिला योजना पदाधिकारी राज कुमार शर्मा गोमिया प्रखंड के टिकाहारा, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने बेरमो प्रखंड के बेरमो पूर्वी पंचायत, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा ने कसमार प्रखंड के पोण्डा पंचायत एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) मुकेश मछुआ ने नावाडीह प्रखंड के खरपीटो पंचायत का निरीक्षण किया।

**ग्रामीणों से किया संवाद, समस्याओं को किया चिह्नित**

पदाधिकारियों ने निरीक्षण क्रम में सीधे ग्रामीणों से संवाद कर यह जाना कि उन्हें योजनाओं से कितना लाभ मिला है, कौन-सी योजनाएं रुकी हैं या जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाई हैं। कुछ स्थानों पर कार्य प्रगति धीमी पर, मजदूरी भुगतान में विलंब, पोषण वितरण में असमानता जैसी समस्याएं भी उजागर हुई, जिन्हें संबंधित विभागों को दूर करने का निर्देश दिया।

# ठनका गिरने से प्रभावित परिवारों को चैंबर ने दी आर्थिक मदद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत कुछ दिनों पूर्व बोकारो जिला के पिण्ड्राजोरा थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में धान रोपनी के दौरान आकाशीय बिजली से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाई। इस हृदयविदारक घटना मे पाँच बच्चे अनाथ हो गए थे और अन्य घायल हो गए थे। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि मानवीय संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इन बच्चों के भरण-पोषण एवं शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर चेंबर सदस्यों ने प्रभावित लोगों से मिलकर अपनी सहानुभूति जताई एंव सांत्वना दी। साथ ही चैंबर सदस्यों ने उपस्थित ग्रामीणों को बरसात के समय होने वाली प्राकृतिक आपदा से बचाव के उपाय भी बताएं। संरक्षक संजय बैद ने कहा प्रभावित लोगों की मदद कर चैंबर ने मानवता की सेवा की है। चेंबर के महामंत्री राजकुमार जयसवाल ने कहा कि चैंबर व्यवसायियों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्व के प्रति भी तत्पर है। उपस्थित ग्रामीणों ने चेंबर द्वारा की गई इस मानवीय पहल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए चेंबर का आभार जताया। इस अवसर पर विनय सिंह, सिद्धार्थ पारख,सिद्धार्थ जैन, अंकित चोपड़ा, राजीव कुमार एवं भाजपा नेता विक्रम महतो, करम चांद गोप, शेष देवी, काजल देवी, सुनीता देवी, मोहिनी कुमारी, अनादि कालिंदी ,अनन्त कालिंदी, सोनिया देव्या तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने अंगवाली-बेहरागोड़ा जर्जर सड़क का लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राप्त एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अंगवाली झ बेहरागोड़ा नहर मार्ग की जर्जर हालत का स्वयं स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के साथ जिला प्रशासन की एक टीम भी मौजूद थी। यह सड़क तेनुघाट अनुमंडल अंतर्गत अंगवाली दक्षिणी एवं पश्चिमी पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है, जिसकी खराब हालत के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**जर्जर सड़कों की सूची 02 दिन में उपलब्ध कराएं**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने मौके पर ही सड़क निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और बांध प्रमंडल, तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता के साथ स्थिति की समीक्षा की और तत्काल निर्देश दिया। बांध प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने बताया यह सड़क आरसीडी को हैंड ओवर होने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। सड़क का डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा गया गया है। इस पर उपायुक्त ने अब तक की गई कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज जल्द उपलब्ध कराने को कहा, वह अपने स्तर से इसमें तेजी लाने के दिशा में काम करेंगे। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित दोनों कार्यपालक अभियंता को जिले में जिन-जिन स्थानों पर सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, उनकी एक समेकित सूची दो दिनों के भीतर तैयार कर जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत और निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बांध प्रमंडल को नहर की नियमित सफाई और आस-पास की झाड़ियों व गंदगी को हटाने का निर्देश भी दिया।

**उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। अंगवाली दक्षिणी और अंगवाली पश्चिमी पंचायत के ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वर्षो से यह मार्ग उपेक्षित रहा है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों एवं आम राहगीरों को भारी दिक्कत होती है। इस पर उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया कि 'मैं यहां केवल निरीक्षण के लिए नहीं, आप सभी की समस्याओं को सुनकर समाधान सुनिश्चित करने आया हूं।

# निजी व सरकारी कंपनियां एक नियमित अंतराल पर श्रमिक संगठनों के साथ करें बैठक : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले की सभी निजी एवं सरकारी कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अपने - अपने प्रतिष्ठानों में एक नियमित अंतराल पर मजदूर/श्रमिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित करें। इसका उद्देश्य श्रमिकों की समस्याओं, सुझावों एवं कल्याण से संबंधित मुद्दों पर संवाद स्थापित कर समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करना है।

**समस्याओं के निराकरण में नहीं हो लापरवाही**

उपायुक्त ने कहा कि कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि मजदूरों द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और उस पर संवेदनशीलतापूर्वक कार्यवाही की जाए। कहा कि किसी भी संवादहीनता से ही समस्या कंपनियों के हाथ से निकलकर विधि व्यवस्था की चुनौती बन जाती है। उन्होंने जिला प्रशासन को बैठक में लिए गए निर्णयों और उठाए गए बिंदुओं की प्रोसिडिंग तैयार कर जिला प्रशासन को अवगत कराने को कहा। इससे प्रशासनिक स्तर पर भी पारदर्शिता एवं निगरानी बनी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर से सहयोग एवं मार्गदर्शन भी मिल सकेगा।

**औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है श्रमिक कल्याण**

उपायुक्त ने सभी औद्योगिक इकाइयों से अपील किया है कि वे अपने श्रमिकों को केवल कार्यबल के रूप में नहीं बल्कि एक भागीदार के रूप में देखें। उनके हितों की रक्षा और उनके विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएं। इससे कंपनियों की कार्यक्षमता तो बढ़ेगी ही, साथ ही जिले के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। जानकारी हो कि, अपने विभिन्न मांगों को लेकर आज सीटीपीएस, चंद्रपुरा में मजदूरों ने गेट जाम कर दिया था। उपायुक्त ने श्रमिक नेताओं के साथ हुए संवाद के बाद यह निर्देश सभी निजी एवं सरकारी कंपनियों के प्रबंधन को दिया।

### पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने की अशर्फी व आम्रपाली हॉस्पिटल की जांच

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में आज पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने अशर्फी हॉस्पिटल तथा अम्रपाली सिटी हॉस्पिटल की जांच की। सिविल सर्जन ने बताया कि यह रूटीन जांच थी। जांच के दौरान अशर्फी हॉस्पिटल के रसोई घर के रखरखाव में त्रुटि मिली। मरीजों को दिए जाने वाले भोजन में भी अनियमितता मिली। वहीं क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रिसेप्शन एरिया में अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई डिस्प्ले नहीं था। फायर एनओसी भी प्रदर्शित नहीं था। रिसेप्शन काउंटर में बेड चार्ज का लिस्ट रखना जरूरी है, परंतु वह भी नदारत था। इसके बाद टीम ने आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहां भारी अनियमितता देखने को मिली। आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन फेल था। जबकि वहां बिना किसी डॉक्टर के एक मरीज का इलाज चल रहा था। सिविल सर्जन ने बताया कि आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल में डॉ एस.के. दास का फोटो लगा था। जब उनसे फोन कर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे इस अस्पताल में नहीं जाते हैं। उन्होंने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाने पर भारी जुमार्ना का प्रावधान है। इसका आकलन कर आम्रपाली सिटी हॉस्पिटल से जुमार्ना वसूला जाएगा। जांच टीम में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ विकास कुमार राणा, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, फूड सेफ्टी ऑफिसरराजा कुमार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ राकेश इंदर, श्री रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ मंजु दास, रेडियोलॉजिस्ट डॉ शम्स तबरेज, निता सिन्हा, पूजा रत्नाकर शामिल थे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को बोकारो वासियों ने दी श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बोकारो वासियों ने वीर गाथा याद की। शहर के सिटी पार्क स्थित शाहिद उद्यान - जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान...में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगर सेवा विभाग-बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार व डीएवी सेक्टर 04 के प्राचार्य व सह डीएवी जोन 'के' का क्षेत्रीय सहायक अधिकारी (एआरओ) एसके मिश्रा और बीएसएल सिक्योरिटी के कर्नल आर एस शेखावत नेतृत्व में शहीदों को याद किया गया। उपस्थित पूर्व सैनिकों व जनसमूह को देश व वीर जवानों के गौरव को बनाए रखने की शपथ दिलाई. फूल-माला अर्पित कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया. लोगों ने गगनभेदी नारा लगा कर शहीदों अपनी श्रद्धांजलि दी।. शहीदों के गगनभेदी नारा से बोकारो गूंज उठा।. देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। डीएवी सेक्टर 04 के प्राचार्य व सह डीएवी जोन 'के' का क्षेत्रीय सहायक अधिकारी (एआरओ) एसके मिश्रा ने कहा : सभी बलिदानियों का कर्ज हम पर है। भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का गौरव बढ़ाया है, जिस पर हम सभी को गर्व है।. इन वीर जवानों के त्याग व बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश कभी भी शहीदों की शहादत को भूल नहीं सकता है। भारत के वीर सैनिकों ने कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर अदम्य साहस और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की एक ऐसी गाथा लिखी थी, जिसे भारतवासी कभी भी नहीं भुला सकते। इस युद्ध में भारत के वीर सैनिकों ने बेहद कठिन परिस्थितियों में जीत हासिल करके दुश्मन को एक बार फिर यह चेतावनी दी थी कि हमारी सीमाओं की ओर कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है। पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा सहित अन्य उपस्थित पूर्व सैनिक ने कहा : हर साल 26 जुलाई को देश के वीर सपूतों की याद में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है. 1999 में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में इस दिन को मनाया जाता है. 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों से ज्यादा दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ. इस दिन तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. 26 जुलाई 1999 को सेना ने मिशन को सफल घोषित किया. मौके पर उपस्थित बोकारो के गणमान्य लोगों में बलराम महतो शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के भाई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर के पधादिकारी गण, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी, पुर्व सैनिक दिनेश्वर सिंह, चंदन सिंह , नीरज तिवारी, राजीव रंजन सिन्हा, देव प्रकाश सिंह, निकेश गिरी, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, विवेक सिंह, कुमार अमित, कौशल किशोर, गौरव कुमार, राजेश ओझा, प्रदीप झा, विनोद कुमार, विक्रम महतो, सीमा कुमारी, लक्ष्मी कान्त राय, हर्षवर्धन सिंह, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# बीएसएल में 'साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 26 जुलाई को बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के सहयोग से "साइंस एंड प्रैक्टिस ऑफ हैप्पीनेस" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी के साथ भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची की वरीय फैकल्टी सुश्री तनुश्री दत्ता उपस्थित थीं. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा के स्वागत भाषण से हुई जिन्होंने अतिथियों के साथ सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में स्वागत किया तथा नेतृत्व विकास में भावनात्मक कल्याण के महत्व पर जोर दिया. कार्यक्रम के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए सुश्री नीता बा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में त्वरित निर्णय, भावनात्मक लचीलापन और प्रामाणिकता जैसी चुनौतियों में अपने व्यवसायिक जीवन को खुशहाल और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में बीएसएल के कुल 26 वरीय अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची की वरीय फैकल्टी सुश्री तनुश्री दत्ता के साथ प्रोफेसर श्री गौरव मनोहर मराठे एवं प्रोफेसर श्री राजशेखर डेविड उपस्थित थे. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाने के उपरांत अपने सम्बोधन में आज के कठिन और चुनौतीपूर्ण इस्पात व्यवसाय के व्यावसायिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आईआईएम, रांची की फैकल्टी द्वारा इस विषय पर वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई व्यावहारिक बिंदुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया. कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के सहायक महाप्रबंधक श्री अमित आनंद द्वारा किया गया तथा श्री ऋषिकेश रंजन और श्री सिद्धो चरण मुर्मू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com